e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 165

**सुविचार**
मनुष्य को हमेशा मौका नही ढूंढना चाहिये, क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है।

# प्रभात मंत्र

रविवार
18.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 39° |
| न्यूनतम | 29° |

## क्विक न्यूज

### सहायक शिक्षकों ने सीएम के सचिव से की वार्ता, आंदोलन स्थगित

**रांची।** शनिवार को झारखंड के विभिन्न जिलों से करीब 50 हजार से अधिक सहायक अध्यापक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आवास का घेराव करने पहुंचे। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत सभी पारा शिक्षक मोराहाबादी में जुटे और इस बीच पारा शिक्षकों को मोरहाबादी टीओपी के पास रोक दिया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री सचिवालय में बातचीत के लिए बुलाया गया। पारा शिक्षक संघ की ओर से 10 सदस्यीय टीम मुख्यमंत्री सचिवालय गई।पारा शिक्षकों का यह घेराव कार्यक्रम एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले किया जा रहा है। मोर्चा के विनोद महतो, संजय कुमार दुबे, ऋषिकेष पाठक सहित कई पारा शिक्षकों का कहना है कि पिछले साल दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने उनसे जो वादा किया था, सरकार ने आज तक उसे पूरा नहीं किया। सीएमओ से वार्ता के बाद सहायक शिक्षकों का आंदोलन शांत हो गया है।

### अयोध्या में कंटेनर व टैंकर में भिड़ंत के बाद लगी आग, दो लोग जिंदा जले

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में पटरंगा थाना क्षेत्रांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रानीमऊ चौराहा के पास शनिवार को कंटनेर और टैंकर में भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। इसमें दो लोगों की जलने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई।क्षेत्राधिकारी रुदौली सतेंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि इस हादसे में दो लोगों के शव मिले हैं, जिनकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। वाहनों में लगी आग को बुझाने में करीब 07 घंटे से अधिक का समय लगा। इसकी वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का भीषण जाम लग गया था। टैंकर में फंसे चालक को बाहर निकलवाकर सीएचसी मवई भेजा गया है। अभी तक उसके बारे भी पुलिस को कुछ पता नहीं चल सका है।

### जलप्रपात में डूबने से युवक की मौत

**सतगावां :** थाना क्षेत्र के सुप्रसिद्ध पेट्रो जलप्रपात में शनिवार को नीचे पानी के कुंड में डूबने से एक युवक की मौत हो गई।युवक की पहचान दीपक कुमार शर्मा पिता अवधेश शर्मा उम्र 31 वर्ष के रूप में किया गया जो नालंदा जिला अंतर्गत बिहार शरीफ के लहेरी थाना के निवासी है।बताया जाता है की युवक अपने आठ दोस्तो के साथ पेट्रो जलप्रपात में पिकनिक मनाने के लिए आया था जो सभी मिलकर खाना बना रहे थे और मौज मस्ती चल रही थी इसी बीच युवक नीचे कुंड में नहाने गया जहां डूबने से उसकी मौत हो गई।आसपास के लोग बचाने का बहुत प्रयास किया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### इस्लाम विरोधी नहीं है समान नागरिक संहिता, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच चलाएगा जागरुकता अभियान

**नई दिल्ली:** वन नेशन, वन पीपल, वन लॉ यानी कॉमन सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) के लिए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच देशभर में ज़ोरदार मुहिम चलाएगा। इसके लिए मंच के कार्यकर्ता देशभर में जन जागरण अभियान चलाएंगे। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) की शनिवार को दिल्ली में हुई महत्वपूर्ण बैठक में इसकी घोषणा की गई और आगामी योजना पर भी विचार विमर्श हुआ। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संस्थापक इंद्रेश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मोहम्मद अफजाल, शाहिद अख्तर, गिरीश जुयाल, ताहिर अब्बास, एसके मुद्दीन, अबू बकर नकवी, विराग पाचपोर, इस्लाम अब्बास, माजिद तालिकोटी, रजा हुसैन रिजवी, इरफान अली, शालिनी अली, रेशमा हुसैन, शहनाज अफजाल, खुर्शीद रजाका, शिराज़ कुरैशी, फैज़ खान, बिलाल उर रहमान, फारूक खान, अल्तमश बिहारी समेत मंच के सभी राष्ट्रीय संयोजक, क्षेत्रीय संयोजक, प्रकोष्ठों के संयोजक एवं सह संयोजकों के साथ-साथ कार्यकर्ताओं की बहुत बड़ी संख्या ऑनलाइन भी शामिल हुई। बैठक में 400 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

**राष्ट्रीय जल पुरस्कार**

# जल संरक्षण के लिए एमपी को मिला सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार

**उप राष्ट्रपति ने किया सम्मानित, मुख्यमंत्री शिवराज ने प्रदेशवासियों को दी बधाई**

एजेंसी

**भोपाल।** स्वच्छता में अपना परचम लहराने के बाद मध्य प्रदेश जल संरक्षण में भी एक बार फिर देश में नंबर एक आया है।

श्रेष्ठ जल संरक्षण, प्रबंधन एवं उपयोग के लिए मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 का प्रथम पुरस्कार मिला है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय द्वारा शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित चतुर्थ राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मध्य प्रदेश को जल संवर्धन और जल के बेहतर प्रबंधन के लिए देश में प्रथम स्थान से सम्मानित किया। यह पुरस्कार प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने प्राप्त किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस उपलब्धि पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि मध्य प्रदेश को श्रेष्ठ जल संरक्षण, प्रबंधन एवं उपयोग के लिए जलशक्ति मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 का प्रथम पुरस्कार का सम्मान उप राष्ट्रपति के कर कमलों से प्राप्त होने पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई।

यह सम्मान प्रत्येक प्रदेशवासी के लिए गर्व का विषय है। ऐसे प्रयासों से न केवल हमारी धरती बचेगी, बल्कि इस धरा पर जीवन भी समृद्ध होगा।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग (डीओडबल्यूआर, आरडी एंड जीआर) द्वारा शनिवार को नई दिल्ली में विज्ञान भवन के प्लेनरी हॉल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उप राष्ट्रपति द्वारा चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार वितरित किए गए। इस मौके पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भी मौजूद रहे।



**ओडिसा को मिला दूसरा स्थान**

समारोह में अलग-अलग श्रेणियों में चौथा राष्ट्रीय जल पुरस्कार दिया गया। इसमें जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने 11 श्रेणियों को शामिल किया गया था। इसमें चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार के लिए संयुक्त विजेताओं सहित कुल 41 विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी के साथ-साथ कुछ श्रेणियों में नकद पुरस्कार दिया गया। जल संरक्षण के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मध्य प्रदेश को दिया गया। इसके बाद ओडिशा को दूसरा स्थान मिला, जबकि तीसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश और बिहार को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।

## सीएम हेमंत सोरेन ने महिला खिलाड़ी को सौंपा दो लाख का चेक



**सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन आर्थिक तंगी से कई खिलाड़ी आगे नहीं आ पाते हैं।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड की प्रतिभावान तीरंदाज और जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप -2020 की ओवरऑल चैंपियन सुश्री दीप्ति कुमारी ने मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दीप्ति कुमारी को आर्थिक सहायता के रूप में दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन आर्थिक तंगी से कई खिलाड़ी आगे नहीं आ पाते हैं। ऐसे में सरकार प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर संभव मदद और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे अपने प्रदर्शन से झारखंड और देश का नाम दुनिया में रोशन कर सकें। इस सिलसिले में झारखंड खेल नीति बनाई गई है, जिसके जरिए खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है । उन्होंने दीप्ति को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि राजा बंगला, लोहरदगा की रहने वाली दीप्ति कुमारी को इन दिनों आर्थिक तंगी की वजह से प्रशिक्षण प्राप्त करने में दिक्कत आ रही थी और उन्होंने सरकार से मदद की अपील की थी।

### सीएम से मिली मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड की विजेता डॉ. अपराजिता

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड की विजेता डॉ. अपराजिता सिन्हा ने अपने माता-पिता के संग औपचारिक मुलाकात की। डॉ. अपराजिता ने इस प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता के अनुभवों को मुख्यमंत्री के साथ साझा किया। मुख्यमंत्री ने मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड का खिताब हासिल करने के लिए उन्हें बधाई दी और सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने डॉ. अपराजिता से कहा कि इस प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता का खिताब जीतकर आपने पूरी दुनिया में झारखंड और देश का नाम रोशन किया है।

## झारखंड के अक्षज जायसवाल ने इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में जीता गोल्ड



**इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी इमा के तकनीकी निदेशक एवं नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने अक्षय को बधाई दी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के अक्षज जायसवाल ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में शनिवार से शुरू हुए इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। 11 वर्ष आयु वर्ग के कराटे में स्वर्ण पदक जीतकर उसने देश का परचम लहराया। उसने ईरान के खिलाड़ी को फाइनल राउंड में हराकर यह पदक अपने नाम किया।पदक समारोह के दौरान इंडियन प्लेयर द्वारा स्वर्ण पदक जीतने के कारण पूरा स्टेडियम राष्ट्रगान से गूंज उठा। कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन के महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा ने उसे पदक पहनाकर सम्मानित किया।

इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी इमा के तकनीकी निदेशक एवं नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बधाई देते हुए कहा कि अक्षज ने अपना उम्दा प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है।पिछले ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में भी अक्षज ने स्वर्ण पदक जीता था, जिसके कारण इसका चयन अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया था।

वह इमा कराटे स्टूडियो रांची का खिलाड़ी है। निरंतर सभी प्रतियोगिता में अपना उम्दा प्रदर्शन कर रहा है। पदक जीतने पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा, मोहिनी रितिका टोप्पो, श्वेता हेंब्रोम, राकेश तिर्की ने भी शुभकामनाएं दी।

# तृणमूल नेता की पीट-पीटकर हत्या, केंद्रीय मंत्री पर हमला



*** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद से जारी है हिंसा का दौर**

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में गत आठ जून को पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद से ही लगातार हिंसा का दौर जारी है। शनिवार की सुबह फिर वही दृश्य सामने आया। सबसे पहले समय केंद्रीय गृह राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक को निशाना बनाकर उनके काफिले पर हमला किया गया। इस हमले के आरोप राज्य के मंत्री उदयन गुहा और उनके समर्थकों पर लगे हैं। उसके बाद दोपहर के समय मालदा जिले में तृणमूल कांग्रेस के एक नेता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। राज्य भर में हो रही हिंसा की इन वारदातों को लेकर राज्यपाल डॉक्टर सीवी आनंद बोस ने राज्य के चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा को बुलाया था लेकिन वह नहीं गए। इधर दक्षिण 24 परगना के कैनिंग में एक बार फिर तनाव का माहौल बन गया है। तृणमूल और विपक्षी दलों के समर्थकों के बीच लगातार हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। अब राज्यपाल वहां जाने की तैयारी में हैं। इसके पहले वह भांगड़ गए थे जहां आईएसएफ के एक नेता की गोली मारकर हत्या की गई है। मालदा जिले में शनिवार दोपहर के समय तृणमूल कांग्रेस के पूर्व पंचायत प्रधान के पति को 34 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिरा कर बर्बर तरीके से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा गया। मृतक की पहचान मुस्तफा शेख के तौर पर हुई है। उनकी पत्नी मालदा के सूजापुर ग्राम पंचायत की प्रधान थी।

घटना की सूचना मिलने के बाद राज्य की मंत्री सबीना यास्मीन मौके पर पहुंचीं। हत्या का आरोप कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लगा है। सबीना ने बताया है कि दोपहर के समय मस्जिद में नमाज पढ़ने के बाद मुस्तफा वापस लौट रहे थे। उसी समय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेरकर मारना पीटना शुरू कर दिया। उसके पहले सुबह के समय केंद्रीय गृह राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक पर एक बार फिर कूचबिहार जिले में जानलेवा हमला हुआ है। यहां साहिबगंज इलाके में जब भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुकुमार रॉय और पार्टी की महिला पंचायत उम्मीदवार के साथ प्रमाणिक गुजर रहे थे तो शनिवार को उनके काफिले को घेर कर धारदार हथियारों से हमले किए गए।

# बदलाव की बूंद की ओर अग्रसर झारखण्ड

*** 82.63 प्रतिशत विद्यालयों के बच्चों को मिल रहा शुद्ध जल**

*** 2240089 हाउसहोल्ड तक एफएचटीसी के मध्यम से शुद्ध जल की आपूर्ति हुई सुनिश्चित**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जल ही जीवन का आधार है। इसकी महत्ता और मानव जीवन के लिए इसके महत्व को समझते हुए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के हर घर नल से शुद्ध जल उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ सरकार कार्य कर रही है। सरकार की फंक्शनल हाउसहोल्ड टैब कनेक्शन योजना के तहत 14 जून 2023 तक कुल 6120293 हाउसहोल्ड को लक्ष्य करते हुए 2240089 हाउसहोल्ड तक एफएचटीसी (स्नाञ्झष्ट) के मध्यम से शुद्ध जल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। वहीं कुल 29595 गांव में एफएचटीसी के मध्यम से जल उपलब्ध कराने के लक्ष्य को साधते हुए 1974 गांव में 100 प्रतिशत, 2447 गांव में 90 से 100 प्रतिशत, 1505 गांव में 80 से 90 प्रतिशत एवं 8490 गांव में शून्य से 50 प्रतिशत योजना का लाभ दिया गया है। इस तरह 37 पंचायत 100 प्रतिशत को योजना का लाभ मिल चुका है। जबकि हर घर जल योजना के तहत कुल 661 गांव को आच्छादित किया जा चुका है और 156 गांव योजना के तहत सर्टिफाइड हो चुके हैं। राज्य भर के सरकारी विद्यालयों में भी टैप से शुद्ध जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इसके तहत कुल 41408 विद्यालयों में से 34215 विद्यालयों में टैप के माध्यम से जल पहुंच रहा है, जिसका प्रतिशत 82.63 प्रतिशत है। वहीं 38432 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 25980 आंगनबाड़ी केंद्रों तक पानी की आपूर्ति की जा रही है।



**मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का विस्तारीकरण करते हुए दो लाख युवाओं को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा रोजगार सृजन योजना में किया गया सरलीकरण आज स्वरोजगार करने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लिए वरदान साबित हो रहा है। अब स्वरोजगार अपना कर खुद मालिक और अन्य को भी रोजगार देने में सहायक बन रहें हैं। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत विगत दो वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 राज्य भर के 6272 युवाओं को स्वरोजगार हेतु सरकार ने 104.97 करोड़ रूपये का ऋण प्रदान किया है। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 के करीब दो लाख युवाओं को इस योजना से लाभान्वित करने का लक्ष्य तय किया गया है। योजना के तहत सबसे अधिक लाभुक पूर्वी सिंहभूम के हैं। यहां के 940 युवाओं को योजना का लाभ मिला और उनके बीच स्वरोजगार हेतु 6.26 करोड़ की राशि निर्गत हुई। दुमका के 657 युवाओं को योजना का लाभ मिला और स्वरोजगार के लिए इन्हें 11.66 करोड़ रूपये ऋण दिया गया। वहीं हजारीबाग में 567 युवाओं के बीच 7.31 करोड़ की राशि बतौर ऋण निर्गत हुई।

### ईडी ने एनएसजी के पूर्व अधिकारी की 45 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एनएसजी के पूर्व डिप्टी कमांडेंट प्रवीण यादव और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने उनकी 45.20 करोड़ रुपये की 52 चल और अचल संपत्तियों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जब्त किया है। ईडी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि एनएसजी के पूर्व डिप्टी कमांडेंट प्रवीण यादव और उनके परिवार के सदस्यों से संबंधित 45.20 करोड़ की 52 चल और अचल संपत्तियों को जब्त करने का अस्थायी आदेश जारी किया गया है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



**संक्षिप्त खबरे**

## संतो ने श्री बंशीधर भगवान का किया दर्शन पूजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पूज्यपाद श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी के चातुर्मास व्रत में प्रतिदिन देश के विभिन्न राज्यों से विभिन्न संत महात्माओं का आगमन हो रहा है.शनिवार को गुजरात के बलसांड जिलान्तर्गत श्रीसीताराम आश्रम के महंथ श्री स्वामी समर्थ श्रीरामदास जी महाराज, मौनी बाबा नागा प्रयाग गिरी जी महाराज एवं सोनभद्र के गुप्त काशी सेवा ट्रस्ट के संस्थापक रवि प्रकाश चौबे पूज्यपाद श्री जीयर स्वामी जी का दर्शन करने पहुंचे. बाहर से पहुंचे संतो ने पूज्यपाद स्वामी जी से आशीर्वचन प्राप्त किया। इसके बाद सभी संतो ने श्री बंशीधर भगवान का दर्शन पूजन भी किया। श्री बंशीधर मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव ने सभी संतो को भगवान श्री बंशीधर जी का तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया।

# सेल्स मैनेजर की हत्या का सुपारी लेने वाला अपराधी छोटू रंगसाज गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रांची के सेल्स मैनेजर अंजनी कुमार सिन्हा की हत्या की सुपारी लेने वाला गढ़वा निवासी अपराधी छोटू रंगसाज को पुलिस ने एक वर्ष बाद गिरफ्तार कर लिया है। छोटू रंगसाज को शहर थाना की पुलिस गढ़वा से गिरफ्तार कर लाई है। इसकी पुष्टि जिले के एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने की है । उन्होंने बताया कि कारोबारी की हत्या में छोटू रंगसाज का कनेक्शन था। इस कारण उसे गिरफ्तार कर लाया गया है। शहर थाना में सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने छोटू रंगसाज से इस संबंध में पूछताछ की है।बता दें कि 18 जून 2022 की की दोपहर 3.15 बजे रेड़मा चौक सब्जी मंडी में रांची के कडरू के रहने वाले मोटर पार्ट्स कंपनी काफिला के सेल्स मैनेजर अंजनी कुमार सिन्हा की हत्या गोली मारकर कर दी गई थी। अंजनी कुमार सिन्हा



की हत्या करने के लिए छोटू रंगसाज ने दो लाख की सुपारी ली थी। रांची ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गई थी। दरअसल, मोटर पार्ट्स कंपनी का सेल्स मैनेजर होने के कारण अंजनी का अक्सर डालटनगंज आना जाना होता था। अंजनी डालटनगंज में अन्य कारोबारियों के साथ साथ स्टार मोटर्स के अमजद हुसैन उर्फ गुड्डू को भी सामान देते थे अमजद काफिला मोटर पार्ट्स के कारोबार से नुकसान झेल रहा था। अमजद इस कंपनी का हॉल सेलर था। उसने कई बार सेल्स मैनेजर को केवल उसे ही प्रोडक्ट सप्लाई करने को कहा था, लेकिन सेल्स मैनेजर अन्य व्यवसायियों को भी प्रोडक्ट सप्लाई कर रहे थे। इससे अमजद परेशान था। करीब एक वर्ष से अमजद सेल्स मैनेजर से माल लेना बंद कर दिया था। सेल्स मैनेजर का उस पर एक लाख 55 हजार बकाया भी था और इसके लिए कई बार तकादा भी किया गया था, लेकिन अमजद पैसे देने को तैयार नहीं था। लगातार पैसे की मांग करने पर अमजद ने अंजनी की हत्या की योजना बनाई और अपने पूर्व परिचित और गढ़वा के चर्चित अपराधी छोटू रंगसाज को दो लाख में हत्या की सुपारी दे दी। प्लानिंग के तहत फोन कर अंजनी को उसके बकाया पैसे देने के लिए रांची से बुलाया गया और फिर उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# सड़क दुर्घटना में तीन नाबालिक सहित चार घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** थाना क्षेत्र अंतर्गत भवनाथपुर नगर उंटारी मुख्य मार्ग पर तुलसी घाटी के समीप टेंपो पलटने से तीन नाबालिग सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज किया गया। घायलों में सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के डाला निवासी 45 वर्ष मुन्नीलाल, बिशनपुरा थाना क्षेत्र के पिपरी कला ग्राम निवासी प्रवेश पाल का 15 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार तथा 7 वर्षीय पुत्री नंदनी कुमारी और भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी ग्राम निवासी उपेंद्र पाल की 13 वर्षीय पुत्री प्रीति कुमारी के नाम शामिल है।घटना के बारे में बताया जाता है कि टेम्पू नगर उंटारी से भवनाथपुर की ओर सवारी ले कर जा रहा था। अचानक टेम्पू अनियंत्रित हो कर पलट गई। जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## एक पंचायत सेवक के भरोसे केतार प्रखंड



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण एवं जन उपयोगी योजना धरातल पर उतारने को लेकर अहम योगदान संबंधित पंचायत सेवक की होती है। परंतु गढ़वा जिला के केतार प्रखंड एक ऐसा प्रखंड है जहां कई महीनों से सिर्फ एक पंचायत सेवक के भरोसे सरकार द्वारा चलाई जा रही जन उपयोगी योजनाओं को लाभ लेने के लिए प्रखंड के सात पंचायत के 31 गांव निर्भर है। ज्ञात हो कि केतार प्रखंड में एक जनसेवक का भी पदस्थापना पूर्व से है लेकिन जन सेवक संघ के आह्वान पर अपना मानदेय वृद्धि एवं भविष्य में मिलने वाले सुविधाओं को लेकर पिछले महीनों से हड़ताल पर हैं। जिसको लेकर प्रखंड क्षेत्र के 31 गाँव में निवास करने वाले ग्रामीण जनताओं को प्रखंड से लेकर पंचायत सचिवालय तक चक्कर काटना पड़ रहा है। पंचायत सेवक अशोक कुमार को 7 पंचायत सचिवालय की जिम्मेवारी के साथ-साथ कल्याण विभाग, बी पी आर ओ जैसे महत्वपूर्ण विभाग को भी संभालने पढ़ रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक सेवक के भरोसे प्रखंड का इतना प्रभार जिसके लिए क्षेत्र के ग्रामीण अपनी महत्वपूर्ण समस्या को लेकर आए दिन पंचायत एवं ब्लॉक का चक्कर काट रहे हैं।

## तेंदुई मुखिया की माताजी का हुआ निधन



**पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत तेंदुई की मुखिया उषा देवी की सासु मां नागमती देवी पति रामाशीष सिंह का शनिवार की सुबह में अकस्मिक निधन हो गया। मुखिया प्रतिनिधि सह वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह की माता का निधन का खबर पूरे क्षेत्र में कुछ ही समय में फैल गया। जिसके बाद सैकड़ों की संख्या में लोग इस दुख की घड़ी में उन्हें सांत्वना देने पहुंचे। अरविंद सिंह की माता नागमती देवी सभ्य सुशील एवं धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी। उनके मृदुल स्वभाव की चर्चा चारों ओर हो रही थी। वह हमेशा हर किसी के दुख सुख में सम्मिलित रहती थी। उनके आकस्मिक निधन से उनके परिवार के साथ साथ आसपास समाज के लोग भी काफी दुखी है। उनका अंतिम संस्कार पुनपुन उद्गम स्थल पर किया गया जहां हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# परमात्मा अवतार नहीं, अवतारी हैं : जीयर स्वामी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि परमात्मा के अनन्त अवतार हैं। जब-जब पृथ्वी पर उनकी आवश्यकता होती है, वे अवतरित होते हैं। महाप्रलय के समय एकमात्र परमात्मा ही विराजमान रहते हैं।वे सारे अवतारों के कर्ता हैं। वे पाल्हे-जतपुरा में आयोजित चातुर्मास व्रत के दौरान प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परमात्मा वस्तुतः अवतार नहीं, अवतारी हैं। समस्त अवतार परमात्मा (नारायण) से ही निःसृत होते हैं। सभी अवतार परमात्मा के रूप हैं। वे परमात्मा से अभिन्न हैं। श्री जीयर स्वामी ने भागवत कथा के सूत-शौनक संवाद की चर्चा करते हुये कहा कि धान का एक बीज बोने से सैकड़ों दाने आ जाते हैं। बीज रूप में बोया गया धान का मूल अलग है और उससे प्राप्त दाना का स्वरूप अलग है। उसी तरह परमात्मा मूल से ही अनेक रूपों में अवतार लेते हैं। परमात्मा के अनेक



अवतारों को आश्चर्य नहीं मानना चाहिये। उन्होंने कहा कि परमात्मा के अनन्त अवतार हैं। इनमें एक हजार विशेष हैं। उनमें एक सौ आठ प्रसिद्ध है, जिनमें 24 अवतार प्रमुख हैं। इनमें से चार अवतारों की विशेष प्रसिद्धि है। इन चार अवतारों में भी दो बहुचर्चित हैं। इनमें से भी एक अवतार को सर्वाधिक प्रमुख माना गया है, जो कृष्णावतार है।स्वामी जी ने कहा कि चारों युगों की अवधि अलग-अलग है। कलियुग का काल चार लाख बतीस हजार वर्ष, द्वापर का आठ लाख चौसठ हजार, त्रेता का बारह लाख छियान्वे हजार और सत्युग का सत्रह लाख अट्ठाइस हजार है। उन्होंने कहा कि छल-छद्म और पाखंड से बड़ा आदमी बनने वाला बहुत दिनों तक टिक नहीं पाता, क्योंकि उसकी बुनियाद कमजोर होती है। वह हमेशा निडर होने का दिखावा करता है, लेकिन भीतर से काफी कमजोर होता है। उस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।

# झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राएं परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** प्रखंड के दलपतपुर पंचायत अंतर्गत भीतिहा स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राएं वार्डेन मौसमी रंजन के मनमानी रवैया से परेशान है. शनिवार को विद्यालय के छात्रा प्रीति कुमारी, प्रियांसू कुमारी, दीक्षा कुमारी, आरती कुमारी, जसोदा कुमारी, पूनम कुमारी, चांदनी कुमारी ने बताया कि मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं मिल रहा है, और ना ही सही से नाश्ता मिल रहा है. साथ ही पठन-पाठन सही ढंग से नहीं कराया जाता है. रात्रि में जनरेटर नहीं चलाया जाता है. जिस कारण छात्राओं को पठन-पाठन में परेशानी हो रही है. साथ ही विद्यालय में उपलब्ध खेल सामग्री छात्राओं को नहीं दी जाती है. मालूम हो कि विद्यालय में नामांकित 231 छात्रा में 7 छात्राएं ही उपस्थित थी. जबकि विद्यालय में वार्डेन सहित 6 शिक्षिका प्रतिनियुक्त हैं, जिसमें एक शिक्षिका सविता कुमारी ही उपस्थिति थी. इस संबंध में पूछे जाने पर वार्डेन मौसमी रंजन ने बताया कि बीमार होने के कारण इलाज के लिए बाहर में हूं विद्यालय पहुंचते ही सारी व्यवस्था को सुदृढ़ कर दिया जाएगा। कम उपस्थिति पर उन्होंने कहा कि गर्मी छुट्टी के बाद धीरे-धीरे छात्राएं आ रही हैं एक-दो दिन में उपस्थिति अच्छी हो जाएगी। इस मौके पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष कौशल्या देवी, मुखिया पति राजेंद्र यादव, पूर्व मुखिया रामप्रवेश भुईयां, सदस्य विनय सिंह, रानी देवी, विश्वामित्र यादव, विजय यादव, गायक महेंद्र राम, नागदेव यादव के अलावे कई अभिभावक मौजूद थें।

## सहायक अध्यापक संजय कुमार पांडेय के परिजनों को शिक्षक प्रतिनिधि ने दी सहयोग राशि



**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क दुर्घटना में मृत सहायक अध्यापक संजय कुमार पांडेय को सरकारी शिक्षक व सहायक अध्यापक संघ ने व्यक्तिगत सहयोग से उनके परिजन को शुक्रवार को एक लाख की मदद की व परिजन को ढांढस बंधाया। मौके पर शिक्षक नेता रामानुज प्रसाद ने कहा कि झारखंड में सहायक अध्यापक के लिए सरकार कोई ठोस नियमावली नहीं बना पाई है। जिससे उनके मृत्यु उपरांत उनके परिवार को कोई आर्थिक सहयोग नहीं दिया जाता जिससे सहायक अध्यापक के परिवार के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो जाती हैं। मौके पर सहायक अध्यापक के नेता अभय कुमार द्विवेदी ने कहा कि सरकार की ढुलमुल नीति के कारण आज राज्य के सहायक अध्यापक के परिवार को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। कहा की सहायक अध्यापक नियमावली कैबिनेट में पास हुई है उसे अभी तक धरातल पर झारखंड सरकार ने लागू नहीं किया है। जिससे सहायक अध्यापकों में काफी असंतोष फैला हुआ है। इस मौके पर उपस्थित प्रखंड के सभी शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी व परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया। इस मौके पर शशि भूषण सिंह ,राजू रंजन, राजीव तिवारी, दिलीप सिंह, उर्मिला कुमारी, निर्मला कुमारी, रेनू कुमारी, उपेंद्र मिश्रा, मनोज कुमार, मुन्नी देवी, गंगा मांझी, तवकल महतो, कन्हाई महतो, सुनील कुमार, निरंजन मेहता, अमरेश मेहता, राजनाथ मेहता, मनदीप कुमार, सुरेन्द्र मेहता जितेन्द्र तिवारी , मुकेश मेहता, सहित दर्जनों सहायक अध्यापक उपस्थित थे। ब्रह्मभोज कार्यक्रम में पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, मनोज भुइंया साहित भाजपा नेता शामिल हुए।

## हरिहरगंज में बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर धरना प्रदर्शन 19 जून को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज में बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर प्रखंड परिसर स्थित विद्युत कार्यालय के समक्ष आगामी 19 जून को धरना प्रदर्शन आहूत की गई है। इस बावत युवा समाजसेवी सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने शनिवार को छतरपुर एसडीओ नरेंद्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की पांच मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया है। इसमें कहा गया है कि इस भीषण गर्मी में बिजली कटौती में हरिहरगंज के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। इसके साथ ही नगर पंचायत का गठन 2019 में हुआ किंतु अभी तक नगर वासियों को किसी प्रकार का कोई सुविधा मुहैया नहीं कराया गया है। नगरवासी शहर में गंदगी, जर्जर सड़क, विद्युत तार पोल, लचर बिजली व्यवस्था तथा आए दिन रोड दुर्घटना आदि समस्याओं से त्रस्त हैं। बावजूद नगर के पदाधिकारी व कर्मी इसकी अनदेखी कर रहे हैं। मौके पर राजेश रंजन मिश्रा, अरुण सिंह, दिनेश पासवान, गुड्डू मेहता आदि उपस्थित थे।

# एसबीआई ने विश्रामपुर के बघमनवा पंचायत सचिवालय में लगाया शिविर

➲बीमा योजना से संबंधित स्थानीय लोगों को दी गई जानकारी,

➲तीन लोगों को दो दो लाख का दिया चेक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर भारतीय स्टेट बैंक की ओर से प्रखंड के बघमनवां ग्राम पंचायत सचिवालय में जन सुरक्षा योजना अभियान के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जहां बीमा से संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम व संचालन विश्रामपुर भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक नितेश कुमार किया। बतौर मुख्य अतिथि




कार्यक्रम में शामिल हुए मेदिनीनगर क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार झा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति व सुरक्षा बीमा योजना को सभी के लिए जरूरी बताया। योजना का लाभ लेने वाले बीमाधारक को एक वर्ष के लिए जीवन कवरेज प्रदान करती है। यहां अधिकतम 2 लाख रुपये का बीमा किया जाता है। हर साल पॉलिसी का नवीनीकरण भी कर सकते है। अपनी पसंद के अनुसार, बीमाधारक किसी भी समय योजना से बाहर निकल सकता है व भविष्य में इसे फिर से शुरू कर सकता है। मुख्य ऋण प्रबंधक संतोष कुमार झा ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना बीमा धारक की मृत्यु या विकलांगता होने की स्थिति में लाभार्थी या उसके परिवार को सरकार की ओर से बीमित राशि की भुगतान कर आर्थिक सहयोग किया जाएगा। वहीं समूह से जुड़ी महिलाओं को बैंकिंग सेवा से संबंधित कई आवश्यक जानकारी दी। वहीं शिविर में तीन दर्जन से अधिक लोगों का बीमा किया गया। वहीं तीन लाभार्थी को बीमा योजना का लाभ दिया गया। जिसमें लीलावती देवी, तेतरी देवी व अनिल कुमार चौहान को दो-दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी मनीष कुमार, ग्राहक सेवा केंद्र संचालक दया शम्भू राम, अंबेडकर कुमार, ट्रेनर मनीष बैद्य, गुरुदेव विश्वकर्मा, प्रियंका देवी, सीआरपी रेखा देवी, अशोक कुमार, गुड्डू यदाव सहित कई लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने युवती का शव किया बरामद



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुस्लिम से हिंदू बनी 38 वर्षीय युवती की लाश शहर थाना क्षेत्र के रेडमा स्थित श्रीराम पथ से सटे परशुराम नगर से बरामद किया गया है। प्रेमचंद पांडे के मकान में युवती किराए के मकान में रहती थी। उसकी दूसरी शादी हुई थी। जिस लड़के के साथ दूसरी शादी हुई वह फिलहाल मर्डर केस में सेंट्रल जेल में है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लिया।एमआरएमसीएच में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, लेकिन गर्मी की वजह से लाश की खराब स्थिति देखकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया है। अभी तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवती की मौत कैसे हुई। पुलिस की रिपोर्ट में जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने की जानकारी दी गई है, जबकि उसके पति का कहना है कि वह बीमार थी और इलाज के अभाव में उसने दम तोड़ दिया। युवती की पहचान शैना यासमीन उर्फ संगीता गुप्ता पति दीपक कुमार लाल के रूप में हुई है। शैना रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के मधुकम तालाब के पास की रहने वाली है। 2 महीने से शैना प्रेमचंद पांडे के मकान में किराए पर रह रही थी।इधर, महिला की मौत की सूचना मिलने पर सेंट्रल जेल में बंद उसके पति दीपक कुमार लाल को पूछताछ के लिए शहर थाना लाया गया। दीपक ने बताया कि कल शाम 4. 30 बजे उससे अंतिम बार बातचीत हुई थी। जेल के टेलीफोन से उससे अक्सर बातचीत होती थी । उसने बताया था कि उसे बुखार है। हालांकि उसे दवा लेने के लिए सलाह दी थी। इसी बीच उसकी मौत हो गई। दीपक ने कहा कि शैना की मौत बीमार पड़ने के कारण हुई, जहरीला पदार्थ खाने की कोई संभावना नहीं है।दीपक 19 मई 2023 को वर्ष 2012 के मर्डर केस में सिविल कोर्ट में सरेंडर किया था और उसके बाद से सेंट्रल जेल में बंद है. शहर थाना में दीपक ने बताया कि 1 वर्ष पहले वह रांची में मोरहाबादी चिरौंजी के पास डीपीएस कंपनी में काम करता था। वहीं पर शैना से मुलाकात हुई। बातचीत के दौरान परिवार और उसके पति को जानकारी हो गई थी। उसके पहले पति का नाम रत्नेश कुमार गुप्ता है। दूसरे मर्द से बातचीत से गुस्साए उसके पहले पति ने उसे छोड़ दिया था । अंततः उसे अपनाना पड़ा। दीपक कुमार लाल तरहसी थाना क्षेत्र के ललगड़ा का रहने वाला है। दीपक ने यह भी बताया कि प्रेमचंद पांडे के मकान में रहने से पहले वह भवानी नगर में किराए पर आ रहा था । 1 वर्ष पहले पति को छोड़ने के बाद शैना उसके साथ थी और शादी कर ली थी। सेना हिंदू रीति रिवाज के अनुसार उसके साथ रह रही थी । दीपक भी शाद. शुदा है और उसे तीन बच्चे हैं। शैना की मौत की सूचना मिलने पर उसके परिजन दिल्ली और बंगाल से मेदिनीनगर के लिए चल चुके हैं। उनके आने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

**20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की हुई बैठक संपन्न**

# राशन कटौती व पोषाहार वितरण में अनियमितता की शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बिजली, लघु कुटीर उद्योग, पथ प्रमंडल, वन, पीएचडी, मत्स्य, सहित SBI/PNB के कर्मी अनुपस्थिति रहे। जिनके शोकॉज के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में पीएम किसान, ग्रीन कार्ड से मिलने वाला राशन, स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा के संबंध में विस्तृत चर्चाए हुई। 20सूत्री सदस्य सह उपप्रमुख शंभू सिंह खरवार द्वारा कहा गया कि बाल विकास के तहत आंगनवाड़ी केंद्र पर बांटने वाले पोषाहार में संबंधित सेविका द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है।



साथ ही वितरण में जनप्रतिनिधियों को सूचना तक नहीं दिया जाता है। वही दूसरे सदस्य नागेंद्र ठाकुर ने कहा कि ग्राम पंचायत परसोडीह के पंडा नदी द्वारा हर साल विद्यालय एवं फील्ड का भूमि का कटाव हो रहा है जिसके लिए चारदीवारी बनाना बहुत ही आवश्यक है। बीटीएम ओमप्रकाश ने कृषि से संबंधित बताया कि 27 जून को पीएम किसान का पैसा योग्य किसान लाभुकों के खाते में जाने वाला है। जिसके लिए फिलहाल सभी पंचायतों में ईकेवाईसी के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह विधायक प्रतिनिधि विक्रमा सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष सुशील पाठक, सदस्य छोटन कुमार सिंह, नेहानचल यादव, कसमुद्दीन अंसारी, सहित अन्य लोग शामिल

# बीआरपी सीआरपी की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में शनिवार को बीआरपी- सीआरपी की बैठक बीआरपी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीआरपी ने विभागीय कार्यो की समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में बीआरपी ने कहा कि 13 मई को बीआरसी की बैठक में शैक्षणिक सत्र 2022 - 23 में कक्षा 1 से 7 तक के विद्यार्थियों हेतु (एएस2) वार्षिक योगात्मक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य 19 मई तक सभी प्रधानाध्यापक को पूरा कर लेने का निर्देश दिया गया था। श्री चौबे ने कहा खेदजनक बात यह है कि अधिकतर प्रधानाध्यापक के द्वारा रिजल्ट समेकन कर सीआरपी के पास जमा नही किया गया है. ज्ञात हो कि राज्य के द्वारा एएस2 रिजल्ट के लिए बार बार मांग की जा रही है ऐसे में प्रधानाध्यापक द्वारा एएस 2 का रिजल्ट जमा नहीं है, जो विभागीय आदेशों की अवेहलना है। इसलिए विभागीय आदेश का पालन नहीं करने के आरोप में विभागीय कार्रवाई हेतु जिला को लिखा



जायेगा। बीआरपी ने कहा कि रुआर 2023 बैक टू स्कूल कैपन का प्रखंड स्तरीय कार्यशाला 21 जून को आयोजित की जायेगी। बीआरपी चौबे ने रुआर के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि 6-18 आयुवर्ग के नामांकित सभी बच्चों का उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय। विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों का शत- प्रतिशत नामांकन एंव उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पिछले वर्ष में कक्षा 1 से 11 तक के नामांकित सभी बच्चों का अगली कक्षाओं में शत- प्रतिशत नामांकन कराना सुनिश्चित किया जाय. सभी बच्चों तथा शिक्षकों की उपस्थिति ई विद्या वाहिनी में दर्ज कराना सुनिश्चित कराते हुए इसका नियमित अनुश्रवण करने का आदेश सीआरपी को दिया। बीआरपी ने कहा कि विगत 29मई को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा बैठक में दिये गए निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करने का सुझाव दिया गया. उन्होंने निर्देश दिया था कि जून23 के अंतिम शनिवार को 1 से 12 तक के सभी बच्चों का मासिक जांच मैथ, साइंस एवं अंग्रेजी, हिंदी का सभी विद्यालयों में आयोजित करने का आदेश दिया था.यह परीक्षा मात्र 20 अंक का ओबेजेक्टिव होंगे( आज की बैठक में सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रशांत कुमार देव, अजय कुमार, शोभा पांडेय, सुबोध कुमार, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, कंप्यूटर ऑपरेटर रोहित कुमार तथा कंप्यूटर कोडिनेटर मुकेश कुमार उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पटेल चौक से सिरमटोली के बीच पांच जुलाई तक यातायात बंद

**रांची।** कांटाटोली - मेकॉन फ्लाई ओवर निर्माण कार्य के कारण ( शनिवार) आज से सिरमटोली पटेल चौक मार्ग पर परिचालन पूर्णत- बंद रहेगा। ट्रैफिक एसपी कार्यालय से जारी नोटिस के अनुसार यह व्यवस्था पांच जुलाई तक लागू रहेगी। इस दौरान सिर्फ सिरमटोली-पटेल चौक के बीच रहने वाले लोगों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। सिरमटोली चौक से पटेल चौक एवं पटेल चौक से सिरमटोली चौक की ओर आने-जाने वाले सभी प्रकार के वाहन रांची रेलवे स्टेशन होकर जायेंगे। इसको लेकर ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमां ने निर्देश जारी किया है। फ्लाईओवर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी ने ट्रैफिक एसपी को आवागमन बंद करने का अनुरोध किया था ताकि, ओवरब्रिज के ऊपरी हिस्से का कार्य किया जा सके।

### एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव 22 को आएंगे रांची

**रांची :** नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के अध्यक्ष और आईएएस अधिकारी संतोष कुमार यादव 22 जून से दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रहेंगे। एयर एशिया के फ्लाईट से नई दिल्ली से पहले रांची आयेंगे। वे एनएचएआई के अधिकारियों के साथ झारखंड में चल रहे रोड परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसी दिन वे धनबाद भी जायेंगे। वहीं से वे 23 जून को गोला-ओरमांझी सेक्शन फोरलेनिंग निर्माण कार्य की शुरुआत करायेंगे। एनएच -320 के इस सेक्शन का निर्माण भारतमाला परियोजना के तहत होगा। यह राज्य का पहला एक्सप्रेस-वे होगा पूरी तरह से ग्रीनफील्ड होगा। 27.44 किमी रोड का निर्माण 1214 करो? में किया जायेगा। इसमें जमीन अधिग्रहण की 732 करो? की राशि भी शामिल है। एनएचएआई ने पहले ही इस रोड के निर्माण का टेंडर फाइनल कर मेसर्स बरबरिक प्रोजेक्ट लि. को अवार्ड भी कर दिया है।

## हथियार के साथ दो गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के मेसरा ओपी में पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग के चार पहिया वाहन में कुछ अपराधकर्मी अवैध हथियार रखे हुए है तथा किसी बढ़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में नेवरी सिरत नगर रिंग रोड के पास योजना बना रहे है। इस आशय का सनहा दर्ज किया तथा वरीय पुलिस पदाधिकारी को अवगत कराया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक राँची के दिशा निर्देश में पुलिस अधीक्षक नगर राँची के निर्देशानुसार एक छापेमारी दल का गठन किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक राँची के निर्देशानुसार सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु उक्त टीम के साथ उक्त स्थल के लिये प्रस्थान किये जैसे नेवरी सिरत नगर रिंग रोड पहुंचे तो देखे कि एक सफेद रंग का चार पहिया वाहन जिसका रजि0 नं0- जेएचहृबीएच 7609 पर तीन व्यक्ति सवार हैं जिसमें पीछे सीट पर बैठा एक व्यक्ति पुलिस बल को देखते ही अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। अन्य दो व्यक्ति का विधिवत जमा तलाशी लेने पर आगे सीट पर बैठे व्यक्ति के कमर में छुपाकर रखा एक देशी लोडेड पिस्तौल पाया गया एवं दूसरे व्यक्ति के दाहिने पाकेट में छुपाकर रखा स्टील का धारधार चाकू पाया गया। उक्त दोनों व्यक्ति से उक्त पिस्तौल के कागजात की मांग करने पर कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किये तथा कोई संतोषजनक जवाब भी नहीं दिये तत्पश्चात दोनों व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना अपना नाम आफताब अंसारी, राम रतन मुण्डा उर्फ रतिया दोनों नेवरी थाना मेसरा ओ. पी. (सदर) जिला रांची बताया तत्पश्चात उक्त देशी पिस्तौल / गोली चाकू, मोबाईल एवं उक्त वाहन को विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया तथा पकड़ाये दोनों अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तारी किया गया।

**छापेमारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का नाम**

श्माम किशोर महतो पु.नि. सह थाना प्रभारी सदर , पु. अ. नि. सुमित कुमार सिंह प्रभारी मेसरा ओ.पी, पु. अ. नि. रामेश्र बारी मेसरा ओ.पी., स. अ.नि. रंजीत कुमार सिंह मेसरा ओ.पी. 5. स. अ.नि. संजय कुमार सिंह मेसरा ओ. पी., थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## रांची कैंसर हॉस्पिटल को देख रघुवर दास ने कहा, सपना पूरा हुआ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने रांची कैंसर हॉस्पिटल और अनुसंधान केंद्र का परिभ्रमण किया। मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास तीर्थ अभियान के तहत कैंसर हॉस्पिटल के परिभ्रमण का कार्यक्रम किया गया। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ (कर्नल) मदन मोहन पांडे जी ने अस्पताल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दास ने मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की। डॉक्टर पांडे ने बताया कि यहां अत्याधुनिक मशीनों से मरीजों का इलाज किया जा रहा है। यहां जांच व इलाज की दरें भी काफी कम है। पहले फेज में 200 करोड़ रुपए की लागत से 7.5 एकड़ में बने इस अस्पताल में रेडियोलॉजी, कीमोथेरेपी और सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इलाज के लिए अत्याधुनिक मशीनें लगाई गई हैं। अगले फेज में ब्लड कैंसर और बच्चों के कैंसर के इलाज के लिए बिल्डिंग का निर्माण होगा। मरीजों के परिजनों के रहने के लिए 1 एकड़ में प्रेमाश्रय बनेगा। सीसीएल से सीएसआर के तहत इसका निर्माण होगा। गंभीर मामले में मुंबई स्थित पीएम एच के चिकित्सकों से टेली कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से इलाज में सहयोग लिया जा रहा है। यहां थर्ड और फोर्थ ग्रेड में पूरी तरह स्थानीय लोगों को नौकरी दी गई है।इस अवसर पर दास ने कहा कि रांची में कैंसर हॉस्पिटल उनका सपना प्रोजेक्ट रहा है। इसी को देखते हुए मोमेंटम झारखंड के दौरान उन्होंने रतन टाटा से इसके निर्माण के लिए आग्रह किया था। 2019 में भूमि पूजन में वे भी आए थे। अपना सपना पूरा हुआ देख काफी अच्छा लग रहा है। राज्य के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह से बात कर इसे यथाशीघ्र मुख्यमंत्री असाध्य बीमारी योजना में शामिल करने का आग्रह किया।

## दो दिवसीय उर्स संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हटिया थाना क्षेत्र के दस माइल से करीब 10 किलोमीटर सुदूरवर्ती रायडीह गांव में इन दिनों चहल-पहल देखी जा रही है। खास बात यह है कि यहां पर हर साल की तरह इस साल भी शाहदुल्लह शाह दाता का मजार है । यहां पर इनके याद में लोग जुटते हैं , चादर पोशी एवं दुआ पढ़ते हैं। इस अवसर पर दूर-दराज से लोग यहां अकीदत के साथ आते हैं। इस मौके पर मेला के जैसा यहां पर एक आयोजन होता है। बताया जाता है कि करीब 1982 से यहां दो दिवसीय उर्स का आयोजन यहां पर हो रहा है। खालिख के चांद दिखने के दौरान उर्स आयोजन होता है। इस मौके पर शाहदुल्लह शाह दाता रायडीह के मो इस्लाम, इदरीश, मुस्ताक सहित जावेद आदि उपस्थित थे।

## एकजुट होकर देश में काबिज जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्प लें : डी राजा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाकपा राज्य कार्यलय के सभागार में भाकपा के राष्ट्रीय महा सचिव सह पूर्व सांसद कॉमरेड डी राजा, राष्ट्रीय सचिव कॉम के नारायणा,कॉम नागेंद्र नाथ ओखा और कॉम भाई चंद्र कांगो का जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने झारखंड के पारंपरिक अंग वस्त्र देकर कॉम डी राजा को सम्मानित किया।कॉम के नारायणा को कॉम पी के पांडे और कॉम नागेंद्र नाथ ओखा को कॉम इम्तियाज अहमद खान और भालचंद्र कांगो को कॉम सीमा ने सम्मानित किया। कॉमरेड राजा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमे एकजुट होकर देश में काबिज जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्प लेना होगा।इसके लिए एक एक कार्यकर्ता आज से ही इस अभियान में लग जाए। इस अवसर पर इम्तियाज अहमद खान ,सुरेंद्र दीक्षित सीमा, रामजी सिंह धरमवीर सिंह, मनोज पी के पांडे महेंद्र पाठक सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।उसके बाद धरती आबा बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर पहुंचकर सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड डी राजा ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि किया और कहा की बिरसा के विचारो को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

## शिक्षा सचिव प्रोन्नति की बकाया सुनिश्चित करें या कोर्ट में हों उपस्थित : हाई कोर्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक की कोर्ट में शनिवार को बकाया भुगतान से संबंधित एक अवमानना याचिका की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ताओं की ग्रेड 4 में प्रोन्नति की तिथि एक अप्रैल की तिथि से बकाया भुगतान सुनिश्चित करें या फिर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव अगली सुनवाई में कोर्ट में सशरीर हाजिर हों। अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की।

वर्ष 2016 अवमानना याचिका की सुनवाई में याचिकाकर्ताओं को प्रोन्नति की तिथि से बकाया भुगतान सुनिश्चित करने का आदेश हाई कोर्ट से पारित हुआ था। इसके खिलाफ राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में रिव्यू याचिका और सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर किया था लेकिन राज्य सरकार को कोई राहत नहीं मिली थी। कोर्ट ने राज्य सरकार की याचिका को खारिज कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में फैसला दिया था। मामले को लेकर सजेश कुमार सहित मनोज कुमार राय एवं अन्य की ओर से हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई है।

## राहुल गांधी के 53वे जन्मदिन पर युवा कांग्रेस का 53 किमी भारत जोड़ो यात्रा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व सांसद राहुल गांधी के 53वे जन्मदिवस के अवसर पर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज के नेतृत्व में 53 किलोमीटर का भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा 18 जून अपराहन 10-30 बजे उलिहातु, खूँटी में भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली पर श्रद्धांजलि देने और उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित कर के प्रारंभ किया जाएगा और 19 जून को दोपहर 12:00 बजे रांची स्थित बापू वाटिका में गांधीजी को पुष्पांजलि दे समापन होगा। यात्रा का शुभारंभ भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास वीबी के द्वारा किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा: झारखंड शुरू से ही क्रांति की धरती रही है। जब जब देश को नये विचारों, नये संघर्षों की ज़रूरत पड़ी है, झारखंड का युवा सामने आया है।

## हफीजुल हसन कब्रिस्तान का सुंदरीकरण कराने की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से रातू रोड कब्रिस्तान का सुंदरीकरण किया जाएगा। इसको लेकर अंजुमन इस्लामिया की टीम अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात की। अंजुमन की मांग पर मंत्री ने सहमति जताते हुए अविलंब कार्रवाई करने का आदेश विभागीय अधिकारियों को दिया है। अंजुमन के महासचिव डॉ तारीख हुसैन और कन्वेनर मोहम्मद वसीम अकरम के नेतृत्व में एक टीम विभागीय मंत्री से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। सौपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि रातू रोड कब्रिस्तान झारखंड का सबसे बड़ा कब्रिस्तान है। रांची के तमाम इलाकों के लोग इस कब्रिस्तान में अपने परिजनों को सुपुर्द ए खाक करने के लिए आते हैं। सालों से इस कब्रिस्तान का सुंदरीकरण नहीं किया गया। जबकि सरकार की ओर से धार्मिक स्थलों के सुंदरीकरण के लिए राशि निर्गत की जाती है, इसलिए सरकार अंजुमन को भी रातू रोड कब्रिस्तान के संदरीकरण के लिए राशि दे। मंत्री ने अंजुमन की टीम की बातें सुनने के बाद सुंदरीकरण के लिए राशि निर्गत करने का आश्वासन दिया। साथी अंजुमन से इस मामले में एस्टीमेट तैयार कर विभाग को सौंपने का भी आग्रह किया है। टीम में मोहम्मद नजीब, शाहीन अहमद के अलावा अन्य लोग शामिल थे।

## सदर अस्पताल में इनडायरेक्ट इंगुइनल हर्निया का सफल हुआ ऑपरेशन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सदर अस्पताल, रांची में पहली बार पूर्णत- अपने संसाधनों से लेप्रोस्कोपी विधि के द्वारा बाएं तरफ के इनडायरेक्ट इंगुइनल हर्निया का ऑपरेशन किया गया। मरीज नामकुम, रांची के ही रहने वाला है। मरीज के बाएं तरफ पेट के नीचे 6 महीने से सूजन और दर्द रह रहा था जिसमें आंत बाहर आ जा रहा था। जिसे हम इनडायरेक्ट इंगुइनल हर्निया कहते हैं।यह एक एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी मानी जाती है, जिसमें तीन छोटे से छेदों के द्वारा पेट के परतों के बीच जाकर हर्निया की थैली को छुड़ाकर निकाल दिया जाता है ,और परतों के बीच में प्रोलीन मेश (जाली) डाली जाती है जिससे कि दोबारा हर्निया होने का खतरा बहुत ही कम हो जाता है। ऑपरेशन के बाद मरीज ठीक-ठाक है ,मुंह से खाना पीना ले रहे हैं।लेप्रोस्कोपिक सर्जन - डॉक्टर अजीत कुमार। एनेस्थेटिक- डॉक्टर दीपक कुमार सिस्टर- सविता,नंदिनी, शशि ,मोहित, मुस्ताक, मुकेश ,संदीप शामिल थे।

## एडीजी अभियान 19 को करेंगे लंबित आपराधिक कांडों की समीक्षा

**रांची :** एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाटकर 19 जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लंबित आपराधिक कांडों की समीक्षा करेंगे। इस दौरान एडीजी राज्य में चार साल से अधिक समय से लंबित मामलों की जानकारी लेंगे। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से लंबित केस के निष्पादन के लिए एक समिति बनायी गयी है। इस समिति के अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, उपाध्यक्ष आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज को बनाया गया है जबकि सभी रेंज के डीआईजी इसके सदस्य हैं।

## नई शिक्षा नीति के अंतर्गत खेल और कला से जुड़े छात्रों को मिलेगा निशुल्क शिक्षा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत खेल और कला संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य वोकेशनल कोर्स शुरू किया गया है । इस वोकेशनल कोर्स के अंतर्गत वैसे छात्र-छात्राओं का जो खेल और कला संस्कृति में नेशनल और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा चुके हैं, वैसे छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य को देखते हुए उन्हें और प्रोत्साहित करने की उद्देश्य से हृद्यद्यरूरू विश्वविद्यालय कैथल हरियाणा के द्वारा रांची में एक रीजनल कार्यालय स्थापित किया गया है, इसके माध्यम से झारखंड के छात्र छात्राओं को खेल और कला के क्षेत्र में निशुल्क शिक्षा दिया जाएगा । पत्रकारों को संबोधित करते हुए NIILM यूनिवर्सिटी वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉक्टर शमीम अहमद ने विस्तार पूर्वक बताया कि NIILMयूनिवर्सिटी कैथल हरियाणा में स्थापित है और इसके ब्रांच कोलकाता और झारखंड की राजधानी रांची हिनू में भी है। यह निशुल्क शिक्षा प्रदान करेगी। वैसे छात्र-छात्राओं को जो खेल और कला संस्कृति में बेहतर प्रदर्शन करते हैं, शिक्षा और रोजगार देने का काम कर रही है। वही मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश दलाल ने बताया कि 10 प्लस 2 के छात्र-छात्राएं जो खेल में खासकर आर्चरी, बैडमिंटन, खोखो, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, वूशू सहित कला में म्यूजिक, पेंटिंग ,डांस, गायन में महारत हासिल कर किए हैं उसे और आगे बढ़ाने के लिए निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। साथ यह भी बताया गया कि झारखंड की राजधानी रांची के हिंनू स्थित लक्ष्मी टावर 303 रीजनल ऑफिस स्थापित किया गया। जिसके डायरेक्टर अशोक कुमार , इनसे झारखंड के लोग संपर्क कर सकते हैं। आगे बताया गया कि लगातार इस तरह का छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ रही है। कोलकाता , हरियाणा और रांची में भी डिमांड है। इस मौके पर NIILM यूनिवर्सिटी के एकेडमिक काउंसिल सदस्य अनिल कुमार सहित प्रोफेसर सतीश कुमार, रितेश कुमार, सहायक प्रोफेसर रंजीत कुमार सहित आरिफ नसीर बट उपस्थित थे।

## रांची के पूर्व ट्रैफिक एसपी राजीव रंजन सिंह भाजपा में शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सबका साथ सबका विकास कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए भाजपा सभी का विश्वास भी प्राप्त कर रही है। पार्टी में सभी वर्ग,समाज से शामिल होने वालों का लगातार तांता लगा हुआ है। भाजपा प्रदेश कार्यालय के दीनदयाल सभागार में भारतीय पुलिस सेवा से अवकाश प्राप्त पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की विधिवत सदस्यता ग्रहण की। सिंह के साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में कॉरपोरेट प्रोफेशनल काजल सहाय,रांची महानगर कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष आर के सिंह,अवकाश प्राप्त पुलिस अधिकारी अशोक कुमार, घनश्याम गोस्वामी, विनोद सिंह, रमाकांत सिंह,गुरप्रीत सिंह,अधिवक्ता शैलेश कुमार,समाजसेवी जगतार सिंह,दीपक कुमार, अशोक सिंह मुंडा, व्यवसाय से जुड़े बलविंदर सिंह कलसी ,मारवाड़ी युवा मंच के अमित खंडेलवाल,संतोष साहू,अनिल कुमार सिंह,दुर्गा ठाकुर,विवेक कुमार सिंह,मिथिलेश कुमार सिंह,अंकित चेतानी,कैलाश शर्मा,मुन्ना सोनी,गोपाल प्रसाद गुप्ता,शंकर चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हैं।

प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी,प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने पार्टी का पटका पहनाकर का सदस्यता ग्रहण करने वालों का मंच पर स्वागत किया।प्रदेश मंत्री एवम जमशेदपुर महानगर के प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू ने पार्टी के टॉल फ्री नंबर पर विधिवत ऑनलाइन सदस्यता दिलाई।

संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने और धन्यवाद ज्ञापन जमशेदपुर महानगर उपाध्यक्ष बबुवा सिंह ने किया। सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा किसी परिवार की पार्टी नहीं बल्कि पारिवारिक सोच की पार्टी है। जिसके चिंतन में सबका साथ और सबका विकास है। अंत्योदय से सर्वोदय है।सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है,सर्व पंथ समभाव है।

## हिंदपीढी निवासियों की समस्याओं का जायजा लेने पहुंचे कांग्रेसी नेता विनय सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हिन्दपीढी थाना क्षेत्र की जन समस्याओं को देखते हुए स्थानीय लोगों ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं समाज सेवी विनय सिन्हा दीपू को हिंदपीढी बुलाया और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें हिंदपीढी में इन दिनों बढ़ती गर्मी के कारण पेयजल एवं बिजली कि समस्याएं बढ़ गई है।

पानी के लिए पाइप लाइन एवं जल मीनार बोरिंग की मांग किया गया। इस पर दीपू ने रांची नगर निगम के प्रशासक से फोन पर बात किया और समस्याओं से अवगत कराया और जल्द से जल्द कोई निश्चित समाधान का आश्वासन दिया। बिजली कि समस्या एवं गलत बिजली बिल का भी स्थानीय लोगों ने अवगत कराया।

इसपर बिजली विभाग जीएम से फोन पर बात हुई जीएम ने आश्वस्त किया कि जल्द ही आपके माध्यम से कैंप लगाकर बिजली की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस नेता गुलाम जावेद,विनय सिन्हा,सज्जाद इदरीसी, हैदर अली पप्पू, सुशील मुंडा, अजय तिर्की, माइकल केरकेट्टा ,अनवर खान, तारा सिंह, नीरज रजक, मोहम्मद फैयाज ,मोहम्मद कलाम, विनोद सिंह, मोहम्मद फैसल, मोहम्मद असलम, मोहम्मद नसीम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# खबर का असर : वन विभाग ने 5 आरा मशीन व 7 गाड़ी लकड़ी किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में अवैध आरा मशीन संचालन को लेकर दैनिक अखबार प्रभात मंत्र में 17 जून के अंक में खबर प्रकाशित होने के बाद बड़कागांव वन विभाग और पुलिस की टीम हरकत में आई। बड़कागांव वन विभाग और पुलिस द्वारा शनिवार को संयुक्त करवाई करते हुए 5 अवैध आरा मशीन एवं 7 गाड़ी लकड़ी जप्त किया गया। उक्त करवाई हजारीबाग सहायक वन संरक्षक एके परमार तथा बड़कागांव रेंजर कमलेश सिंह के नेतृत्व में की गई। करवाई में 5 अवैध आरा मशीन, 7 गाड़ी किमती लकड़ी का बोटा तथा 2 गाड़ी लकड़ी का पटरा जप्त करके बड़कागांव वन विभाग कार्यालय परिसर लाया गया।



मामले को लेकर सहायक वन संरक्षक के परमार ने बताया कि करवाई में 6 आरोपियों को चिन्हित किया गया है। जिन पर कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों में मुख्य रूप से कुलदीप राणा, प्रभु राणा, टिंकू साव, धनेश्वर राणा, गणेश राणा, छोटे लाल साव सभी ग्राम नापो खुर्द के रहने वाले हैं। करवाई में मुख्य रूप से बड़कागांव पुलिस एएस आई संजय कुमार, वनपाल पदाधिकारी रामचंद्र प्रसाद, वनरक्षी भोला साहू, केशव महतो, मनोरंजन कुमार, संतु कुमार, चंदन सिंह, अजय यादव, कृष्णा प्रसाद, विनोद बेसरा, के अलावे हजारीबाग वन क्षेत्र, बड़कागांव वन क्षेत्र, बरही वन क्षेत्र, चौपारण वन क्षेत्र के जवान शामिल थे।

# नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** महिलोंग स्थित भूमि पॉली क्लिनिक मे नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे डॉक्टर उज्जल कुमार दास एवम रवि कुमार रॉय ,डॉक्टर धनेश्वर प्रसाद द्वारा आये हुए मरीजो को नि:शुल्क सलाह, चिकित्सा एवम दवाइयाँ दी गई। इस शिविर को सफल बनाने मे राकेश कुमार मेहता, अनुज कुमार मेहता, महावीर कोईरी, निक्की कुमारी, बोबी केरकेटा, सीमा कच्छप इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस शिविर मे आस पास के सैक्डो ग्रामीण आकर चिकित्सा का लाभ लिए।



# धरती आबा की जन्मस्थली उलिहातु में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के सूदूरवर्ती धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की धरती उलिहातु झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह जिला पहुंचे। इस दौरान बिरसा ओड़ा में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उपायुक्त, शशि रंजन, उप विकास आयुक्त श्री नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। सभी अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों के उपस्थित में अपर मुख्य सचिव अरूण कुमार सिंह ने विधिवत फीता काटकर उलीहातु में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों का आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।आवश्यक उपकरणों व संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।इसके अलावा उन्होंने अस्पताल में कार्य कर रहे चिकित्सकों/स्वास्थ्य कर्मियों की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में पेयजलापूर्ति, शौचालय, बिजली की आपूर्ति व अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि अस्पताल में स्वास्थ्य उपकरणों का पूरा उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए।




# धनबाद महाधिवेशन में रांची से जायेंगे हजारों कार्यकर्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति की मांग को लेकर झारखंड के युवा लगातार दो साल से सड़को पर टाईगर जयराम महतो के नेतृत्व में आंदोलनरत है।झारखंड के युवा टाईगर जयराम के नेतृत्व में 2024 में चुनाव में उतरने का फैसला किया है। जिसका पहला अधिवेशन 18 जून को धनबाद के बलियापुर हवाई पट्टी मैदान में आयोजित है। जिसमें शामिल होने की तैयारी को लेकर टाटीसिलवे मे समाजसेवी गोविन्द महतो अध्यक्षता में बैठक किया गया। अतिथि के रुप में उपस्थित रांची नगर-निगम वार्ड पार्षद संख्या-12 के पार्षद कुलभुषण डुंगडुंग ने उपस्थित लोगों से कहा कि सत्ता में काबिज होने वाले सभी दल हम झारखंडी को जाति-धर्म , हिन्दू-मुस्लिम-ईसाई में बांटकर हमारी एकता को धुमिल कर राज किया है । अब झारखंड़ी को जाति-धर्म से ऊपर उठकर अपनी भाषा संस्कृति और माटी- पहचान को बचाये रखने के एकजुट होकर लड़ाई में शामिल होने की जरूरत है ,तभी हम झारखंड हित में नीति नियमावली बना सकते हैं। वहीं सुमित कुमार महतो ने बताया कि महाधिवेशन के लिए टाटीसिलवे चौक से एक बस के अलावे अनेक छोटे बड़े चारपहिया वाहन से हजारों आन्दोलनकारी महाधिवेशन में शामिल होगें ।

# प्रखंड मुख्यालय कर्रा में संविधान जागार जतरा कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को झारखंड संविधान जागार जतरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें भारतीय संविधान को जानने, मानने और जीने के अधिकार के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया है जिसके तहत झारखंड प्रदेश के चार जिला पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला, सिमडेगा व खूंटी जिला में चलाया गया जिसके तहत सभी समुदाय, वर्ग व जाति के लोगों को सम्पर्क में लिया गया जिसके तहत करीब तीन लाख लोगों को जोड़ा गया. वही मौलिक अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मतदाता का अधिकार, भोजन का अधिकार समानता व समता का अधिकार के अलावे ग्रास सभा, स्थानीय स्वशासन, पेसा कानून, पंचायती राज व्यवस्था के अलावे अन्य अधिकारों पर सामाजिक ज्ञाताओं जानकारी देते हुए भारतीय संविधान को प्रत्येक घर के प्रत्येक लोगों तक पहुंचाने की अपील की गयी. इस मौके सामाजिक कार्यकर्ता बलराम सिंह, रतन तिर्की, प्रभाकर तिर्की, जेम्स हेरेंज, मिथलेश , एलेकजेंडर तोपनो, कांग्रेस महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष खूंटी ख्रिस्टीना बारला, बीडीओ निशा कुमारी सिंह, सीओ बैजनाथ कामती, डीईईओ गंगा प्रसाद सिन्हा, बीपीओ मनमोहन साहू, बीपीआरओ मुस्तफा मियां, शिबू होरो, मुखिया अनूप कुजूर, रश्मि लकड़ा, सुखराम मुंडा, संगीता कच्छप, क्षत्रि हेमरोम, फिया फाउंडेशन के कर्मी सगीर अहमद, हरेन्द्र लोहरा, शेख एजाज, जनार्दन सिंह, नेजाम खान, फुलमनी बाड़ा, अतुल कुमार,शमसेर आलम, राजा खान, सुनिता कुमारी के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।



## अपनो के साजिश का शिकार हुई भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष

# घोटालों के खिलाफ आवाज उठाना पड़ा महंगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने पत्र जारी करते हुए सरोजनी देवी को मंडल महिला मोर्चा से निष्कासित कर देने का फरमान जारी कर दिया। निष्काषित पत्र जारी करने पर सरोजनी देवी ने मंडल अध्यक्ष पर कई गंभीर सवाल उठाते हुए मनमानी करने व आंख में धूल झोकर्ने का आरोप लगाया। श्रीमती ने बताया कि तेल(डीजल) घोटाले में लिप्त थाना प्रभारी का मामला पर महिला मोर्चा के द्वारा तेल घोटाले में उजागर धरना प्रदर्शन व वरीय पुलिस अधिकारियों से पत्र जारी कर किया जा रहा था। उसके बाद तत्कालीन हेमंत सरकार में ही खुद मुख्यमंत्री ही पंगु बने हुए है,तो आम आदमी का क्या होगा? तो धरना देकर क्या घोटाले का उजागर होगा। श्रीमती ने कहा कि मंडल अध्यक्ष के द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाई करते हुए मुझे महिला मोर्चा खलारी मण्डल अध्यक्ष के पद से तत्काल प्रभाव से मुक्त किया है। आपके द्वारा लगाए आरोप में मेरे क्रियाकलापों पर सवाल उठाय गए, मुझे आपने स्वार्थी कहा तथा ये भी कहा की इससे पार्टी की अनुशासन एवं शाख को नुकसान हुआ है। उपरयुक्त पत्र द्वारा आपने यह भी कहा है कि %आपको 08-05-2023 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसको आपने महत्व नहीं दिया। आपको नोटिस के जवाब के लिए समय भी दिया गया परंतु अबतक आपने जवाब नहीं दिया। अथार्थ लगाए गए उपरयुक्त आरोप के संबंध में मैं जो कहना चाहती हूँ कि, पार्टी मे आने के बाद मुझे न्याय महिला आत्मनिर्भरता, महिला शशक्तिकरण जैसे शब्दों का गहराई से ज्ञान हुआ एवं आपको याद होगा की भाजपा सरकार के कार्यकाल में 181 की व्यवस्था थी। जिसके माध्यम से एक आम नागरिक को भी त्वरित एवं आसानी से न्याय मिलता था। इन्ही सभी बातों को ध्यान में रख कर मैंने भ्रष्टाचार से लड़ने का मन बना लिया। तथा यह सोची की इस मुहिम मे मुझे आपसे भरपूर सहयोग मिलेगा। परंतु आपके द्वारा सहयोग नही तुरन्त दूसरे दिन ही आपने अखबार के माध्यम से धरना से भाजपा का कोई लेने देना नहीं है। तथा मेरा मनोबल तोड़ दिया एवं आपके द्वारा मेरे प्रति भेद-भाव का व्यवहार सुरू हो गया। जब वर्तमान सरकार के खिलाफ रांची में घेराओ होना था, तब श्री दीपक प्रकाश जी (भाजपा के अध्यक्ष) खलारी आए थे तथा उसी दिन भरी सभा मे मैंने उनसे अपने धरने के संबंध में जिक्र किया था। जिसपर उन्होने मेरा सहयोग करते हुए मेरा आत्मबल भी बढ़ाया था। और सभी को सहयोग करने हेतु प्रोत्साहित भी किया। बावजूद जब मैं धरने पर बैठी तो आपने अखबार के माध्यम से मेरे धरने को व्यक्तिगत धरणा कहा। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष के द्वारा कारण बताव नोटिस जारी किया गया। लेकिन पत्र महिला कार्यकर्ता सिन्नी समाड के द्वारा जारी हुआ। जिसे पत्र को महत्व देते हुए दूसरे दिन कारण बताव नोटिस जवाब व प्रतिलिपी सिन्नी समाड़ के द्वारा जवाब भेजवाया। इसके बाद जब मुझे आपके तरफ से कोई भी सूचना प्राप्त नहीं हुई। तो मैंने दुबारा इस संबंध मे आपको अवगत करने की कोशिश किया परन्तु मेरी एक बात नही सुना गया। ततपश्चात मेरे ऊपर कार्रवाई किस उद्देश्य से किया गया। या समझा जाय कि जो अभी का सरकार है,उसमे बीजेपी के कार्यकर्ताओं में सम्मिलित है।

# पिपरवार में सीसीएल अधिकारियों के बीच दोस्ताना फुटबॉल मैच का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में सीसीएल अधिकारियों के दो टीमो के बीच दोस्ताना रात्री फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।जिसमे पिपरवार डायनामोज बनाम पिपरवार ब्लेजिंग के बीच खेला गया।मैच का उद्घाटन पिपरवार क्षेत्र के जीएम सीबी सहाय और एजीएम निरंजन सेनापति ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और बॉल को किक मारकर किया।इस रोमांचक मैच में पिपरवार डायनामोज की टीम ने पिपरवार ब्लेजिंग को 2-1 से पराजित किया।जीएम सीबी सहाय सहित अन्य अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए जीएम सीबी सहाय ने कहा कि बचरा चार नंबर खेल मैदान मे रात्रि टूर्नामेंट का आयोजन कराना एक ड्रीम प्रोजेक्ट था।स्थानीय अधिकारियों और कर्मियों की मेहनत से इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।अब बचरा चार नंबर खेल मैदान रात्रि टूर्नामेंट के आयोजन के लिए पूरी तरह से तैयार है।आने वाले दिनों में यहां रात्री मे कई बड़े आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए काफी अहम है,इसलिए खेल के क्षेत्र में सभी को आगे रहने की जरूरत है।इस मौके पर जीएम सीबी सहाय, एजीएम निरंजन सेनापति, स्टाफ ऑफिसर ईएंडएम एके पाठक,स्टाफ ऑफिसर माइनिंग शकील अख्तर, स्टाफ ऑफिसर एक्सावेशन जीएसपी शर्मा,स्टाफ ऑफिसर सिविल सुमन कुमार,पीके साहू,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,इंद्रजीत सिंह, डॉ. एफआर शाह,सुभोजित हलदर, आरिश इकबाल, उज्जवल कुमार, इमामउल हक,मोहनलाल सिंह,सत्येन्द्र कुमार सहित कई विभागीय अधिकारी और स्थानीय कर्मचारी मौजूद थे।मंच का संचालन कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग ने किया।



## 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण का समापन

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। राज्य के विभिन्न प्रखंडों से आए 32 महिलाओं ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आईडीबीआई बैंक प्रबंधक कल्याण सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि बैंक से लोन लेकर आप स्वयं का स्वरोजगार कर दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं क्योंकि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे है। रूडसेट संस्थान के निर्देशक श्री संजीत कुमार ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया एवं प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य का कामना की।

## राजकीय रेल थाना मुरी में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी जंक्शन पर स्थित राजकीय रेल थाना के सहायक अवर निरीक्षक यमुना राम को अवर निरीक्षक के पद पर पदोन्नति करते हुए उनका स्थानांतरण सरायकेला खरसावां जिला बल में हुआ है। उन्होंने बताया कि उनकी पहली पोस्टिंग 1990 में रेल कटिहार में हुआ था। तत्पश्चात रेल जमालपुर, रेल मुजफ्फरपुर, तथा जमशेदपुर जिला पुलिस में उन्होंने 15 वर्ष सेवा दी। रेल जमशेदपुर में भी उन्होंने 3 वर्ष क्राइम रीडर के रूप में अपनी सेवा दिए। जनवरी 2020 से राजकीय रेल थाना मुरी में सहायक अवर निरीक्षक के पद पर अपना ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ सेवा दिए। विदाई समारोह में राजकीय रेल थाना के थाना प्रभारी जमादार मुंडा, सहायक अवर निरीक्षक अशोक रविदास, प्रयाग तिवारी, रेलवे सुरक्षा बल के अवर निरीक्षक पवन कुमार बसंत मल्लिक सहायक अवर निरीक्षक संजय बैठा समेत दर्जनों पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## बचरा में श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस के द्वारा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर स्थित मेहता मार्केट के बचरा कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कंपनी के झारखंड रीजनल मैनेजर निकेश कुमार सिन्हा मौजूद थे।कार्यक्रम में कंपनी के द्वारा चलाए जा रहे स्कीम और इसके लाभ के बारे में जानकारी दी गई।इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले कई ईएसओ और सेल्स ऑफिसर को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। रीजनल मैनेजर निकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी से क्षेत्र के युवा वर्ग के लोग जुड़ कर रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। कंपनी के द्वारा झारखंड के सभी जिलों के प्रखंडों और पंचायतों में युवाओं को रोजगार देने का काम किया है।इस मौके पर उन्होंने सभी सेल्स ऑफिसर का उत्साह बढ़ाते हुए आने वाले समय में बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में आजसू नेता पहुंचे

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखण्ड के हाड़ामलोहर पंचायत के हुपुडीह फुटबाल मैदान में एकदिवसीय रात्रि फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के वरीय नेता समाजसेवी डॉ0 गूँजल ईकीर मुण्डा उपस्थित हुए।

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पूर्व में विज्ञापित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 16/2023–24 PR 299939 District (23-24)#D के सहपठित ज्ञापांक 1053 दिनांक 12.06.2023 द्वारा निकाले गये निविदा के ग्रुप सं0–06 (हेसालौंग में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण) को स्थगित किया जाता है।

शेष शर्तें यथावत् रहेंगे।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 300341 (District)23-24*D

## झामुमो सिल्ली प्रखंड की बैठक कल

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कल सोमवार को सुबह 11 बजे से कुच्चु पुल रेलवे ओवर ब्रिज के समीप झामुमो बिसरिया पंचायत के सक्रिय कार्यकर्ताओं के बीच तथा झामुमो सिल्ली प्रखंड कमिटी की ओर से एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई हैं, जिसमें बिसरिया पंचायत झामुमो कमिटी एवं पार्टी की मजबूती पर विचार विमर्श के साथ सदस्यता रसीद अभियान चलाया जाएगा।

**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

पत्रांक.........................खूँटी, दिनांक..................

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 KNP/13/2023-24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 19.06.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 26.06.2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.06.2023 को 3.00 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
7.निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।

कार्य का विवरण

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0. पै0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0. पै0) | अग्रधन की राशि (रू0. पै0) | कार्यादेश निर्गत होने से कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वार्ड नं0 07 के खूँटी थाना कैम्पस में डीप बोरिंग एवं समरसेबल लगाने का कार्य। | 6,73,489/- | 5,000/- | 2% of Esmitated BOQ | 30 Days |

निविदा के शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,नगर पंचायत, खूँटी

PR 300343 Urban Development(23-24).D

**बाहानगा बजार (बालासोर) रेल दुर्घटना में हताहतों के सभी रिश्तेदारों/निकट संबंधियों के लिए सूचना**

भारतीय रेल हाल ही में बाहानगा बजार, जिला बालासोर (ओडिशा) में 02.06.2023 को 12841 शालीमार-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और 12864 एसएमवीबी हावड़ा एक्सप्रेस में हुई रेल दुर्घटना के हताहतों के रिश्तेदारों/निकट संबंधियों से आग्रह करती है कि वे आगे आएं और अभी तक अज्ञात हताहतों के साथ अपनी पहचान एवं संबंध सुनिश्चित करने के लिए डीएनए के नमूने दें।

स्थान
**अकादमी ब्लॉक (कमेटी रूम),**
**AIIMS, भुवनेश्वर**

कृपया निम्नलिखित रेलवे कर्मियों से संपर्क करें

**139**
**रेल-मदद नंबर**

श्री दिगंबर पाढ़ी, सहायक कार्मिक अधिकारी,
मोबाइल – 8455887604

श्री बिश्वनाथ पाढ़ी, सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक,
मोबाइल – 8455885967

श्री बी. तपन कुमार, जन संपर्क अधिकारी,
मोबाइल – 8455885040

श्री विकास कुमार, जन संपर्क अधिकारी,
मोबाइल – 8455885041

भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर सहायता हेतु : 0674 - 2534027

पूर्व तट रेलवे कंट्रोल रूम, भुवनेश्वर पर सहायता हेतु : 8455885999

खोरधा रोड स्टेशन पर सहायता हेतु : 8455887999

भारतीय रेल

(PR-300)

## सेवानिवृत्त शिक्षक गणेश दत्त के निधन पर शोक

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय माचा के सेवानिवृत्त शिक्षक सह पटमदा के माचा गांव निवासी रहे गणेश दत्त का गुरुवार की देर रात निधन हो गया। करीब 61 वर्ष की उम्र में हुए आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। इस संबंध में भाजपा के पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त ने बताया कि उन्होंने वर्षों तक बिना वेतन के ही विद्यालय में सेवा दिया। शुक्रवार की सुबह इसकी सूचना मिलते ही उनके घर पर शुभचिंतकों का तांता लगा रहा और उनके अंतिम संस्कार में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। वे अपने पीछे पत्नी के अलावे एक पुत्र व एक पुत्री छोड़ गए हैं। वे 9 भाइयों में 7वें नंबर के भाई थे।

## कमलपुर थाना क्षेत्र में हुकिंग के विरुद्ध 8 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कमलपुर थाना क्षेत्र के तिलाबनी व चड़कपाथर गांव में बिजली विभाग के कनीय अभियंता अमीर हमजा के नेतृत्व में शुक्रवार को विद्युत ऊर्जा की चोरी के रोकथाम हेतु छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 8 लोगों के खिलाफ कनीय अभियंता ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। तिलाबनी मोड़ के पास चड़कपाथर में परिमल गोराई के खिलाफ 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरोप है कि घर में घरेलू कनेक्शन है लेकिन मीटर बाईपास करते हुए डेढ़ केवी का मोटर चलाया जा रहा था जिससे विभाग को नुकसान हो रहा था। वहीं तिलाबनी गांव में लक्ष्मण माझी, तपन गोराई, संतोष महतो, परमेश्वर महतो व लोचन माझी एवं चड़कपाथर में गुणधर महतो व हेमंत महतो के खिलाफ 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इस अभियान में सहायक अभियंता अमरजीत प्रसाद, कनीय सारणी पुरुष प्रीतम भारती व सुरेश रजक आदि शामिल थे।

## धालभूमगढ़ में बीज विक्रय केन्द्र का उद्घाटन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोहुलीशोल लैम्पस धालभूमगढ़ में बीज विक्रय केन्द्र का उद्घाटन घाटशिला विधायक प्रतिनिधि अर्जुन हाँसदा के हाथों किया गया। इस अवसर पर मोहुलीशोल पंचायत के मुखिया विक्रम टुडू, लैम्पस कर्मी, आत्मा के प्रसार कर्मी बोदाधित्य हाँसदा, निर्मल कुमार महतो एवं 30 किसान समेत कई अन्य लोग मौजूद थे। बीटीएम बोदाधित्य हाँसदा ने जानकारी देते हुए बताया मोहुलीशोल लैम्पस में 9.90 क्वींटल धान बीज आया है। एमटीयू 7029 प्रभेद का यह धान किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर 17.80 रू प्रति किलो के हिसाब से मिलेगा। प्रत्येक किसान अधिकतम 60 किलो बीज ले सकता है।



## ट्रक से चोरी कर रहे युवक को लोगो ने पकड़कर की जमकर पिटाई

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टेल्को थाना अंतर्गत साउथ गेट के पास शनिवार दोपहर खड़े लोडेड ट्रक में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया. घटना लगभग 1.30 बजे के आस-पास की है. जहां खड़े ट्रक में चोर चोरी करने की नियत पर उस पर चढ़ा था. तभी राहगीरों ने चोर को चोरी करते धर-दबोचा. इसी दौरान वह ट्रक का सीसा तोड़ कर भागने लगाने लगा. तभी वह बाइक को भी क्षतिग्रस्त किया. इस दौरान दौड़ाकर उस चोर को पकड़ लिया और रस्सी से बाधकर उसकी पिटाई कर डाली. वहीं घटना की सूचना पुलिस को दी गयी. जिसके बाद पुलिस मौके पर आयी और युवक को अपने साथ ले गयी. युवक को नाम बाबू उर्फ अजय बताया जा रहा है. वहीं वह सोपोडेरा का रहने वाला है.

## जिप सदस्य ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के डुमरा पंचायत अंतर्गत डुमरा टोला मनोहरपुर में 15वें वित्त योजना से बनने वाले करीब 263 फ़ीट पीसीसी पथ का शिलान्यास शनिवार को जिला परिषद सदस्य पिंकी मंडल ने नारियल फोड़कर व शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि विगत दिनों क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पीसीसी सड़क निर्माण की मांग की गई थी। तत्पश्चात त्वरित कार्रवाई करते हुए पीसीसी पथ निर्माण की स्वीकृति कराई गई। उन्होंने बताया कि इस सड़क के बन जाने से ग्रामीणों के साथ साथ बच्चों को भी आने-जाने में काफी सुविधा होगी। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## सरकारी भवन में अवैध रूप से रह रहे व्यक्ति को दिया खाली करने का आदेश

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित लैप्म्स भवन में वर्षो से अवैध रूप से रह रहे बाबू दास नामक व्यक्ति को पांच दिनों के अंदर घर खाली करने का आदेश दिया गया है। गम्हरिया के सीओ मनोज कुमार एवं बीडीओ मारुति मिंज ने संयुक्त रूप से यह आदेश देते हुए सरकारी आवास को खाली करने को कहा है। बीडीओ ने बताया कि परिसर के सरकारी आवास में अनधिकृत रूप से रहने वाले अन्य व्यक्ति की शिनाख्त कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल बाबू दास नामक व्यक्ति के अलावा वर्तमान में और किसी का नाम सामने नहीं आया है।

## उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ आज जमशेदपुर में, कई कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर महा जनसंपर्क अभियान के निमित्त उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सह पश्चिमी प्रयागराज के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह रविवार को लौहनगरी जमशेदपुर आएंगे। जहां वे भाजपा जमशेदपुर महानगर के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे रविवार संध्याकाल में जमशेदपुर लोकसभा के लोकसभा स्तरीय विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। एमजीएम मंडल क्षेत्र अंतर्गत गुरमा हाट मैदान में होने वाले जनसभा की सफलता को लेकर भाजपा ने व्यापक तैयारी की है। वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर के द्वारा उनके आगमन से लेकर प्रस्थान तक का पूर्ण विवरण जारी किया गया है। जहां सुबह 10:30 बजे डोबो पुल के रास्ते शहर में प्रवेश करते ही उनका मरीन ड्राइव पर भाजपा कार्यकर्ता द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद, वे पूर्वाह्न 11 बजे भालूबासा स्थित आशीष किशोर संघ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का भाजपा कार्यकर्ताओं के संग श्रवण करेंगे। इसके उपरांत, वे संपर्क से समर्थन अभियान के तहत साकची स्थित एमएनपीएस स्कूल परिसर में उत्तर प्रदेश संघ के कार्यालय में भेंट वार्ता, चैंबर भवन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बैठक में वरिष्ठ चिकित्सकों से मुलाकात एवं सोनारी स्थित चित्रगुप्त भवन में कायस्थ समाज के लोगों से मुलाकात कर उनके साथ भोजन करेंगे। वहीं, संध्याकाल में एमजीएम मंडल क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे स्थित गुरमा हाट मैदान में लोकसभा स्तरीय विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने दी।



## उत्क्रमित मध्य विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गम्हरिया के आयुष विभाग की ओर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय जगन्नाथपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखंड स्वास्थ्य पदाधिकारी (आयुष) डॉ0 प्रभा रानी महतो द्वारा 50 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच उन्हें निःशुल्क आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराया। शिविर में लोंगो की स्वास्थ्य जांच कर दवाई दी। शिविर के सफल आयोजन में सहिया उषा कुमारी, शांति देवी आदि का भी योगदान रहा। इस मौके पर डॉ प्रभा ने बताया कि आगामी 21 जून को इसी विद्यालय परिसर में योग शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक पंचायत वासियों से उक्त शिविर में भाग लेने की अपील की।

# 24 घंटे के अंदर बोड़ाम पुलिस ने मोबाइल लूट के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम पुलिस को मोबाइल लूट के मामले में शनिवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी धनंजय बैठा के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने डिमना लेक के समीप शुक्रवार की सुबह हुई घटना में 24 घंटे के अंदर न सिर्फ आरोपियों को गिरफ्तार किया बल्कि लूटे गए दोनों मोबाइल फोन को भी बरामद कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार शुक्रवार को जमशेदपुर निवासी मॉर्निंग वॉकर्स दो लोगों से स्कूटी सवार तीन युवकों ने मारपीट करते हुए मोबाइल फोन छीन लिया था। इसके बाद भुक्तभोगी रिपीट कॉलोनी निवासी राकेश किस्कू व उलीडीह निवासी राम बहादुर शर्मा की लिखित शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के पश्चात मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन शुरू कर दी गई। शुक्रवार की देर रात से चली छापेमारी अभियान के क्रम में शनिवार की सुबह तीनों आरोपियों को उनके घरों से ही पकड़ लिया गया। इस दौरान लूटे गए दोनों मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त स्कूटी को भी बरामद किया गया। आरोपियों में उलीडीह थाना क्षेत्र के संकोसाई निवासी भोला महतो (24 वर्ष), संकोसाई, गड़रुबासा निवासी संदीप कुमार सिंह (23 वर्ष) एवं हर्ष कुमार (22 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों को दोपहर को जेल भेज दिया है।



## आप का प्रखंडस्तरीय सम्मेलन आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** आम आदमी पार्टी का प्रखंडस्तरीय सम्मेलन शनिवार को बोड़ाम प्रखंड के लावजोड़ा स्थित हाथीखेदा मंदिर परिसर में फूलचांद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष गणपति करुआ मौजूद थे। कार्यक्रम में सभी 12 पंचायतों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान गणपति करुआ ने कहा कि प्रत्येक पंचायत में पार्टी का संगठन मजबूत करने के लिए पंचायत स्तर पर बैठक करने की जरूरत है। कार्यक्रम को जिला सचिव शम्भू सिंह गांधी, कन्नन गणेशन, दिलीप महतो, सुभाष सहिस, फूलचांद सिंह, मनसाराम पावरी व शत्रुघ्न सिंह ने भी संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शंकर ठाकुर, अशोक बानरा, अशोक सोरेन, संसार हांसदा, आदि थे।

## घोड़ालांग में सांस्कृतिक छऊ उत्सव आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** रजो संक्रांति के उपलक्ष्य क्षेत्र के अनेक स्थानों पर वर्षो पूर्व चली आ रही विशेष पूजा अर्चना सहित वार्षिक छऊ महोत्सव का आयोजन जारी है। इसीबक्रम सरायकेला प्रखंड अंतर्गत कमलपुर पंचायत के घोड़ालांग में जय मां पावडी क्लब द्वारा रोजो के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक छऊ उत्सव का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन जनता दल यूनाइटेड के नेता सह समाजसेवी विनोद बिहारी कुजुर ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कला जगत में सरायकेला खरसावां जिले की एक विशेष पहचान छऊ नृत्य के कारण है। जिले की मिट्टी में छऊ नृत्य रचा बसा है।पूर्वजों से मिली कला संस्कृति को संजोए रखने की अपील की। इस अवसर पर घोड़ालांग के ग्राम प्रधान हीरालाल दास, बुजुर्ग गुरु नकुल सरदार, मृत्युंजय उरांव, जशीम अंसारी, बनबिहारी महतो, मिथुन मंडल, समाजसेवी मुकुंद महतो, हरिपद रथु महतो, हेमंत महतो, राकेश महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### उप विकास आयुक्त ने किया धालभूमगढ़ प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण

# पंचायत भवनों को करें सशक्त, प्रज्ञा केन्द्र अनिवार्य रूप से संचालित करें : डीडीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार धालभूमगढ़ प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे । इस दौरान उन्होंने बीडीओ, सीओ समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यालय कर्मी के साथ बैठक कर विकास योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की तथा सभी तरह के पंजी को अधतन ( अपडेट) रखने, कार्यालय में साफ सफाई रखने, पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यालय परिसर में सभी अधिकारी एवं कर्मी को वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए । सभी पदाधिकारी व कर्मियों का नेमप्लेट लगाने, कार्यालय परिसर में आम जनता के लिए आरओ पानी फिल्टर की व्यवस्था करने की बात कही । विकास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में आवास, मनरेगा, 15वें वित्त, पशुपालन तथा कल्याण विभागीय आदि के योजनाओं में प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एक महीने का समय देता हूं, जहां भी कमिया हैं उसे दुरुस्त कर लें, व्यक्तिगत रूप से हरेक पंचायत में क्रियान्वित विकास योजनाओं का निरीक्षण करूंगा, यदि विकास योजनाओं की गुणवत्ता में कमी पाई गई तो संबंधितों की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी । सभी जर्जर भवनों की सूची देने का भी निर्देश देते हुए कहा कि एक महीने के अंदर सभी को ध्वस्त किया जाएगा । सीओ से लंबित म्यूटेशन, तहसील कचहरी की स्थिति, धान अधिप्राप्ति की समीक्षा की गई ।



**प्रखंड में उपलब्ध सरकारी परिसंपत्तियों का मांगा ब्यौरा :** स्कूल, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, सीएचसी, पीएचसी, तालाब, गोदाम, पुलिस पिकेट, डाक बंगला आदि सरकार की जितनी भी परिसंपत्तियां धालभूमगढ़ प्रखंड क्षेत्र में हैं, उप विकास आयुक्त ने सोमवार तक उनका विस्तृत रिपोर्ट समर्पित करने के निर्देश दिए। पंचायत भवनों को डिजिटल किये जाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि पंचायत भवनों को सशक्त करें, जनप्रतिनिधि तथा कार्यालय कर्मी नियमित कार्यालय अवधि में बैठें, जनता की समस्याओं का समाधान करें, विकास योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुचायें। सभी पंचायत भवनों में अनिवार्य रूप से प्रज्ञा केन्द्रों के संचालन का निर्देश दिया गया। मौके पर सीओ श्री सदानंद महतो, बीडीओ श्रीमती सविता टोपनो, बीएएचओ व प्रखण्ड के अन्य पदाधिकारी तथा कर्मी उपस्थित थे।

## डीईओ ने बुलाई सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की एक बैठक बुलाई गई जिसमें विभागीय समीक्षा के अतिरिक्त सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, शैक्षिक कैलेंडर को कैसे अनुपालन करना है, बैंक खाता बच्चों का खुलवाना जो निष्क्रिय पड़े हैं, अनुपयुक्त बैंक खाते को बंद करवाना, इसके साथ ही प्रत्येक माह अभिभावक शिक्षक गोष्ठी, एसएमसी सदस्यों के साथ बैठक इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। कक्षा 1 से 3 के बच्चों को सांख्यिकी पढ़ना, बोलना सिखाना, समझना जैसे बातों पर चर्चा करते हुए यह बताया गया कि किस तरह से बच्चों को आनंददाई रूप से उनको सिखाना है । उसके बाद प्रतिदिन श्रुति लेख के माध्यम से बच्चों को मासिक टेस्ट के लिए तैयारी करवाना, मॉडल प्रश्नों का अभ्यास करवाना, 2020 के मैट्रिक और इंटर के रिजल्ट में और बेहतरी के लिए शत प्रतिशत रिजल्ट के लिए मासिक परीक्षा, ऑनलाइन क्लासेस, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, प्रश्नों का प्रतिदिन अभ्यास करवाना समझाना इन विषयों पर चर्चा की गई। शैक्षिक कैलेंडर उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के बीच 2023-24 वितरित किया गया। साथ ही पेंशन अदालत एवं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय की तरफ से शिकायत निवारण सुनवाई का आयोजन किया गया।



## एलपीडी वाहन की टक्कर से पलटा मैक्सिमो चालक सहित सात यात्री जख्मी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला कांड्रा मार्ग पर सदर थाना अंतर्गत नांदीडीह के समीप एलपीडी वाहन से हुए टक्कर में एक यात्री वाहन मैक्सिमो पलट गई। इस दुर्घटना में मैक्सिमो के चालक सहित सात यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमे दो बच्चे भी हैं। घटना शनिवार संध्या लगभग 5 बजे की है। मिली जानकारी अनुसार जेएच05ए एस 4056 संख्या की मैक्सिमो गाड़ी सवारी लेकर जमशेदपुर से सरायकेला आ रही थी। नांदीडीह के समीप सामने से आ रहे एलपीडी माल वाही वाहन ने एक बैल को बचाने के चक्कर में मैक्सिमो को टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर गढ्ढे में पलट गई।घायलों को रोड एंबुलेंस के माध्यम सरायकेला सदर अस्पताल भेजा गया जहां से चिकित्सकों ने चालक मो.सुल्तान एवं मुनि तापेय को एमजीएम रेफर कर दिया। अन्य का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## स्कूल के आसपास विभिन्न दुकानों में छापामारी भारी मात्रा में गुटखा व तंबाकू जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम जमशेदपुर के निर्देशानुसार आज विभिन्न स्कूल परिसर के आसपास गुटखा तंबाकू बेचने वाले पर कार्रवाई करने हेतु कार्यपालक दंडाधिकारी एवं जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर कदमा बिष्टुपुर एवं साकची थाना क्षेत्रांतर्गत कदमा डीबीएमएस स्कूल, रविंद्र नाथ टैगोर स्कूल , आंध्रा स्कूल कदमा, केरला पब्लिक स्कूल के आसपास विभिन्न दुकानों में छापामारी कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित गुटखा एवं तंबाकू पदार्थ जप्त किया गया एवं कुल 9 दुकानदारों पर जुर्माना अधिरोपित करते हुए कुल 19000 रु जुर्माना वसूल किया गया विगत कई दिनों से तंबाकू पदार्थ के बिक्री की सूचना स्कूल क्षेत्रों के आस पास प्राप्त हो रही थी । इस अभियान में कार्यपालक दंडाधिकारी संतोष महतो ,सुमित कुमार के नेतृत्व में नगर प्रबंधक जमशेदपुर अ.क्षे.स. रवि भारती , प्रभारी कर दारोगा मनोज कुमार लाल दास, क्षेत्रीय कर्मी प्रकाश भगत, कृष्णा राम, दिलीप बारिक, विनोद तिवारी, गणेश राम के साथ उड़नदस्ता दल के जवान शामिल थे।



## सरायकेला में राज्यपाल के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** आगामी 19 जून को जिले मे राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त अरवा राजकमल ने अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों सहित सरायकेला प्रखंड अंतर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय संजय, पंचायत भवन इटाकुदर एवं आंगनवाड़ी केंद्र नावाडीह का निरिक्षण किया। निरीक्षण के क्रम राज्यपाल के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सम्बन्धित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही अलग अलग क्षेत्र हेतु पदाधिकारियों को कई दायित्व दिए गए। मिली जानकारी अनुसार अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय संजय में राज्यपाल द्वारा पौधरोपण एवं छात्र-छात्राओं से संवाद, पंचायत भवन इटाकुदर मे आम जनता के साथ संवाद, का कार्यक्रम होना है।



### ईचागढ़ डुमटांढ़ हाट मैदान में प्रखंड स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

## कर्नाटक के बाद मध्यप्रदेश में भी बनेगी कांग्रेस की सरकार : सुबोधकांत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमटांढ़ हाट मैदान में शनिवार को प्रखंड स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप ने किया। वहीं मंडल, युथ कमेटी, पंचायत आदि कमेटी का भी गठन किया गया। कांग्रेस पार्टी के नव गठित कमेटी पदाधिकारियों का पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने माला पहनाकर स्वागत किया। सम्मेलन में बुथ से लेकर प्रखंड स्तरीय कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन 30 जून तक करने का निर्देश दिया गया। मुख्य अतिथि सुबोधकांत सहाय ने कहा कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की जुमले बाजी और मोदी मैजिक अब चलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि चांडिल,नीमडीह, कुकड़ु व ईचागढ़ में कार्यकर्ता सम्मेलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार एक सेफ्टीपिन बनाने का भी कारखाना नहीं खोल पाई है, बल्कि बहुत सारे कंपनी को बंद जरूर किया है। सरकारी संपत्ति बेचने वाली मोदी सरकार से लोग उब चुके हैं और इनसे मुक्ति चाहती है। महंगाई की मार झेल रहे त्रस्त जनता अब मोदी के झांसे में आने वाले नहीं हैं। मौके पर आदिवासी न परिषद के केन्द्रीय अध्यक्ष प्रम साही मुंडा, प्रदेश महासचिव अजय सिंह, जिला प्रभारी संजीव श्रीवास्तव, बंधुराम महतो, मनोज मंडल, सुकुमार गोराई, दलगोविंद सिंह मुण्डा, राम कैलाश यादव ,मंसुर अंसारी, तपन गोप, निपेन गोप आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## बारिश के अभाव में धान अधिप्राप्ति केंद्र पर पड़ा सन्नाटा, 15 दिन में सिर्फ 8 क्विंटल बीज बीका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** भीषण गर्मी व मानसून की बेरुखी को लेकर आसनवनी लैंप्स के धान अधिप्राप्ति केंद्र पर सन्नाटा पसरा हुआ है। आलम यह है कि बीते एक पखवाड़े में मात्र आठ क्विंटल ही धान बीज की बिक्री हुई है। सिर्फ 13 से 14 किसानो ने आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर धान बीज का उठाव किया है। लैंप्स के सचिव मनिंद्र महतो ने कहा इस लैंप्स के हिस्से 43.50 क्विंटल धान मिली थी, जिसमें 35 .75 क्विंटल धान बीज बची हुई है। बारिश के अभाव में किसान धान बीज की खरीददारी को लेकर रुचि नहीं दिखा रहे रहे है। ऐसी स्थिति वर्षो बाद आई है।किसान इंद्र देवता की ओर टकटकी लगाए बैठे है कि इंद्र देवता बरसे व किसान खेतों की ओर रुख करे। बहरहाल, देखना यह है कि इंद्र देवता कब बरसते है व धान बीज की बिक्री में इजाफा हो पाता है, यह गौर करने वाली बात होगी।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




संपादकीय

## रोजगार देने के प्रयास

**रोजगार** ऐसा मुद्दा है, जो देश की आर्थिक प्रगति का सूचक तो है ही, यह देश के सामान्य लोगों से भी सीधे जुड़ता है। रोजगार के मुद्दे को लेकर अकसर विपक्षी दल सरकार पर हमलावर रहते हैं। देश की जनसंख्या जितनी तेजी से बढ़ रही है और साक्षरता का प्रतिशत भी बढ़ गया है, ऐसे में सबको शासकीय नौकरी देना, अत्यंत चुनौतीपूर्ण काम है। इसके बावजूद केंद्र की मोदी सरकार ने देश के युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के साथ ही शासकीय नौकरी देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। देश में यह पहली बार हो रहा है कि स्वयं प्रधानमंत्री युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंप रहे हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए यह गौरव की बात होगी कि उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से नियुक्ति पत्र मिला है। चूँकि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्वास का पर्याय बन गए हैं, इसलिए सरकार युवाओं को संदेश देना चाहती है कि मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। बीते मंगलवार को 20 राज्यों में लगभग 43 स्थानों पर छठवें रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिनमें प्रधानमंत्री ऑनलाइन जुड़े और उन्होंने 71 हजार 126 युवाओं के नियुक्ति पत्र जारी किए। रोजगार मेला अब भाजपा सरकार की पहचान बनता जा रहा है। विगत आठ महीनों में आयोजित 6 रोजगार मेलों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब तक 4 लाख 33 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। केवल आठ माह में इतनी बड़ी संख्या में रोजगार देना, यह सरकार के संकल्प को अभिव्यक्ति करता है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 22 अक्टूबर, 2022 को रोजगार मेले के पहले चरण को शुरु करते हुए कहा था कि "हमारा है कि देश के युवाओं को 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां मिलें"। यानी आनेवाले दिनों में देश के लगभग 6 लाख युवाओं के हाथ में भी सरकारी नौकरी होगी। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए मोदी सरकार विभिन्न स्तरों पर काम कर रही है। सरकार के प्रयासों से निजी क्षेत्रों में भी व्यापक स्तर पर युवाओं को रोजगार मिला है। हालांकि मोदी सरकार का सबसे अधिक जोर इस बात पर है कि देश का युवा उद्यमी बने, रोजगार सृजनकर्ता बने और आत्मनिर्भर बने। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल से ही युवाओं को स्वरोजगार एवं नवाचारी विचार को धरातल पर उतारने के लिए योजनाएं शुरू कर दी थीं, जिनमें से 'स्टार्टअप इंडिया' और 'स्टैंड-अप इंडिया' जैसी योजनाओं ने भारत के युवाओं की क्षमताओं को बढ़ाया है। इसके साथ ही गारंटी के बिना बैंक से ऋण दिलाने वाली मुद्रा योजना ने करोड़ो युवाओं को उनका स्वरोजगार प्रारंभ करने में सहायता की है। सरकार से मदद पाने वाले नौजवान अब स्वयं अनेक युवाओं को नौकरी दे रहे हैं। कहना होगा कि मोदी सरकार रोजगार को लेकर युवाओं के मन में विश्वास पैदा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। यह आवश्यक भी है कि देश के युवाओं के हाथ में कुछ न कुछ काम हो। खाली बैठा युवा देश की शक्ति नहीं बन सकता। देश की प्रगति में युवा ऊर्जा का सहयोग लेना अत्यंत आवश्यक है। संतोषजनक बात है कि केंद्र सरकार इस बात को भली प्रकार समझ रही है और उस दिशा में सक्रिय भी है।


केंद्र की मोदी सरकार ने देश के युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के साथ ही शासकीय नौकरी देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। देश में यह पहली बार हो रहा है कि स्वयं प्रधानमंत्री युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंप रहे हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए यह गौरव की बात होगी कि उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से नियुक्ति पत्र मिला है। चूँकि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्वास का पर्याय बन गए हैं, इसलिए सरकार युवाओं को संदेश देना चाहती है कि मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। बीते मंगलवार को 20 राज्यों में लगभग 43 स्थानों पर छठवें रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिनमें प्रधानमंत्री ऑनलाइन जुड़े और उन्होंने 71 हजार 126 युवाओं के नियुक्ति पत्र जारी किए। रोजगार मेला अब भाजपा सरकार की पहचान बनता जा रहा है।


अमृत कलश

## स्वर्ग के अधिकारी

**गलत** काम की कीमत आप इसलिए नहीं चुकाते, क्योंकि आप वेश्या के यहां जाते हैं; आप कीमत इसलिए चुकाते हैं क्योंकि आप चालाकी करते हैं। आप जाना वहां चाहते हैं, लेकिन सोचते हैं कि प्रवचन में जाने से आप स्वर्ग के अधिकारी बन जाएंगे। यही चालाकी आपको नरक में ले जाती है। कर्म ठीक उसी तरह से बनता है, जिस तरह से आप उसे महसूस करते हैं। आप जो कर रहे हैं उससे इसका संबंध नहीं है। जिस तरीके से आप उसको अपने दिमाग में ढोते हैं, उसका संबंध केवल उसी से है। दो मित्र अक्सर एक वेश्या के पास जाया करते थे। एक शाम जब वे वहां जा रहे थे, रास्ते में किसी संत का आध्यात्मिक प्रवचन चल रहा था। एक मित्र ने कहा कि वह प्रवचन सुनना पसंद करेगा। उसने उस रोज वेश्या के यहां नहीं जाने का फैसला किया। दूसरा व्यक्ति अपने मित्र को वहीं छोड़ कर उस वेश्या के यहां चला गया। अब जो व्यक्ति प्रवचन में बैठा था, वह अपने दूसरे मित्र के विचारों में डूबा हुआ था। सोच रहा था कि वह भी क्या आनंद ले रहा होगा। और कहां मैं इस खुश्क जगह में आ बैठा। मेरा मित्र ज्यादा बुद्धिमान है, क्योंकि उसने प्रवचन सुनने की बजाए वेश्या के यहां जाने का फैसला किया। जो आदमी वेश्या के पास बैठा था, वह सोच रहा था कि उसके मित्र ने इसकी जगह प्रवचन में बैठने का फैसला करके मुक्ति का मार्ग चुना है, जबकि मैं अपनी लालसा में खुद ही आ फंसा। प्रवचन में बैठे व्यक्ति ने वेश्या के बारे में सोच कर बुरे कर्म बटोरे। अब वही इसका दुख भोगेगा। गलत काम की कीमत आप इसलिए नहीं चुकाते, क्योंकि आप वेश्या के यहां जाते हैं; आप कीमत इसलिए चुकाते हैं क्योंकि आप चालाकी करते हैं। आप जाना वहां चाहते हैं, लेकिन सोचते हैं कि प्रवचन में जाने से आप स्वर्ग के अधिकारी बन जाएंगे। यही चालाकी आपको नरक में ले जाती है। आप जैसा महसूस करते हैं, वैसे ही आप बन जाते हैं। मान लीजिए कि आप जुआ खेलने के आदी हैं। हो सकता है कि अपने घर में मां, पत्नी या बच्चों के सामने आप जुआ के खेल को खराब बताते हों। इसका नाम तक मुंह पर नहीं लाते हों। लेकिन जैसे ही अपने गैंग से मिलते हैं, पत्ते फेंटने लगते हैं। जुआरियों के बीच जो व्यक्ति जुआ नहीं खेलता, वह जीने के काबिल नहीं है। हर जगह ऐसा ही है। चोरों को क्या ऐसा लगता है कि किसी को लूटना बुरा है? जब आप चोरी में असफल होते हैं, तो वे सोचते हैं कि आप अच्छे चोर नहीं हैं। उनके लिए वह एक बुरा कर्म हो जाता है। कर्म ठीक उसी तरह से बनता है, जिस तरह से आप उसे महसूस करते हैं। आप जो कर रहे हैं उससे इसका संबंध नहीं है। जिस तरीके से आप उसको अपने दिमाग में ढोते हैं, उसका संबंध केवल उसी से है। हम हमेशा स्वीकृति की बात क्यों करते हैं, क्योंकि जब आप पूर्ण स्वीकृति में होते हैं, तब जीवन जो भी मांगता है, आप उसे सहज करते हैं। समाज का भी अपना अहंकार होता है। उसे अपना ढांचा बनाए रखने के लिए कुछ नियमों की जरूरत होती है। आप देखेंगे कि किसी बेहद छोटी सी बात को ले कर पूरा समाज क्षुब्ध हो जाता है। हालांकि यह कतई जरूरी नहीं कि वह काम सच मुच गलत हो। जब अमेरिका में गर्मी का मौसम है, तब लोग बड़ी मुश्किल से कुछ पहनते हैं, वे मिनी स्कर्ट में होते हैं। तो कोई नकाब डाल ले तो लोग क्षुब्ध हो जाएंगे, यह क्या कर रही है? यह पूरी ढकी हुई क्यों है? यहां भारत में, अगर आपने पूरे कपड़े नहीं पहने तो लोग परेशान हो जाएंगे।

बोध कथा

## वाणी का संयम

**एक** बार एक शिष्य ने अपने गुरु से कहा, 'गुरुदेव, मैं आपके बताए हुए मार्ग पर चलता हूं। सदाचारपूर्ण जीवन जीता हूं तथा ईश्वर का ध्यान करता हूं, किंतु कभी-कभार गुस्से या मजाक में किसी से कुछ कह देता हूं तो लोग बुरा मान जाते हैं।' संत ने कहा, 'वत्स, एक अकेले अवगुण की बदली 99 सद्गुणों के सूरज को ढक लेती है। नीबू की एक बूंद सारा दूध फाड़ देती है। इसी तरह मनुष्य की वाणी भी सब गड़बड़ करा देती है। द्रौपदी ने व्यंग्य में दुर्योधन को अंधे की औलाद कह दिया था। परिणामतः चीरहरण, वनगमन और महाभारत के कष्ट झेलने पड़े थे। अतः वाणी पर संयम और उसमें मधुरता अवश्य होनी चाहिए अन्यथा शत्रु तो बढ़ेंगे ही।' शिष्य समझ गया और अभिभूत होकर गुरु के समक्ष नतमस्तक हो गया।

## महाराजा दाहिर सेन ने इतिहास की उज्ज्वल परम्परा की रक्षा करते हुए रणभूमि में लड़ते-लड़ते प्राण त्याग दिए

# महाराजा दाहिर सेन का बलिदान

कुलदीप चंद अग्निहोत्री


पहले कालखंड का संबंध सकारात्मक था। अरब लोग समुद्र के रास्ते भारत में व्यापार करने के लिए आते थे। इसलिए उनका आना–जाना ज्यादातर दक्षिण में ही होता था। भारत के मसालों की बहुत मांग रहती थी। यहां के ज्ञान विज्ञान का भी उन्होंने यूरोप तक प्रचार–प्रसार किया, ऐसा कहा जाता है। लेकिन अरब में इस्लाम के उदय के बाद हालात बदल गए। जीवन व्यवहार के उनके पहले तौर तरीके बदल गए। इतना ही नहीं, उन्होंने इस्लाम पूर्व के अपने ही पूर्वजों के काल खंड को 'जाहिलियत काल' कहना शुरू कर दिया। उनका मानना था कि अब उनका 'उदय काल' शुरू हुआ है। इसका पहला खामियाजा इरान को भुगतना पड़ा और दूसरा भारत को। लेकिन इस बार यह शुरुआत दक्षिण भारत से नहीं, बल्कि पश्चिमोत्तर भारत या सप्त सिंधु क्षेत्र से हुई।


**16** जून का दिन भारत के इतिहास का बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। इसी दिन सप्त सिन्धु क्षेत्र के सिन्ध प्रदेश पर अरब हमलावरों का मुकाबला करते हुए सिन्ध नरेश महाराजा दाहिर सेन शहीद हुए थे। अरबों का भारत से संबंध दो प्रकार से रहा है। पहला अरब क्षेत्रों में इस्लाम के उदय होने से पूर्वकाल में और दूसरा वहां इस्लाम के उदय होने के बाद के काल में। पहले कालखंड का संबंध सकारात्मक था। अरब लोग समुद्र के रास्ते भारत में व्यापार करने के लिए आते थे। इसलिए उनका आना-जाना ज्यादातर दक्षिण में ही होता था। भारत के मसालों की बहुत मांग रहती थी। यहां के ज्ञान विज्ञान का भी उन्होंने यूरोप तक प्रचार-प्रसार किया, ऐसा कहा जाता है। लेकिन अरब में इस्लाम के उदय के बाद हालात बदल गए। जीवन व्यवहार के उनके पहले तौर तरीके बदल गए। इतना ही नहीं, उन्होंने इस्लाम पूर्व के अपने ही पूर्वजों के काल खंड को 'जाहिलियत काल' कहना शुरू कर दिया। उनका मानना था कि अब उनका 'उदय काल' शुरू हुआ है। इसका पहला खामियाजा इरान को भुगतना पड़ा और दूसरा भारत को। लेकिन इस बार यह शुरुआत दक्षिण भारत से नहीं, बल्कि पश्चिमोत्तर भारत या सप्त सिंधु क्षेत्र से हुई। यह देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि महाराजा हर्ष की मृत्यु के बाद सप्त सिन्धु क्षेत्र राजनीतिक दृष्टि से खंडित हो चुका था। कोई एक महा प्रतापी शासक यहां नहीं रहा था। छोटे छोटे टुकड़ों में बंटा यह विशाल क्षेत्र राजनीतिक एकता के अभाव में उदय काल के अरबों का शिकार हो गया। अरबों ने इस क्षेत्र को जीतने के अनेक प्रयास किए। ये प्रयास मुआविया की खिलाफत के समय में ही शुरू हो गए थे, लेकिन अरबों को मुआविया के शासन काल में सिन्ध को जीतने का अवसर नहीं मिला। उसके बाद मुआविया वंश के स्थान पर खलीफत उन्मैयदों के हाथ आ गई। खलीफा अबद अल बिन यूसुफ खलीफा बना और उसने अबद हज्जाज बिन यूसुफ को इराक का सूबेदार नियुक्त किया। हज्जाज ने प्रारम्भिक सफलताओं के बाद जून 712 में मोहम्मद बिन कासिम के नेतृत्व में अरब सेना को सिन्ध पर हमला करने का आदेश दिया। उस समय महाराजा दाहिर सेन सिन्ध नरेश थे। दाहिर सेन महाराजा चच के वंश से ताल्लुक रखते थे। चच का इतिहास चचनामा में सुरक्षित है। यह राजवंश शौर्य और पराक्रम में बढ़ा चढ़ा राजवंश था। वैसे भी सिन्ध सागर से जुड़ा



हुआ था, इसलिए इस राजवंश ने सुरक्षा के पुख्ता इन्तजामात कर रखे थे। नगर के चारों ओर प्राचीर तो थी है। किला भी काफी मजबूत था। मोहम्मद बिन कासिम ने यह हमला सिन्ध के उस समय के नगर देवल पर किया। देवल में ऐतिहासिक शिव मंदिर था। इसी मंदिर के कारण नगर को देवल या देवालय कहा जाता था। यह मंदिर और नगर वर्तमान कराची के नज़दीक ही था। उस समय सिन्ध प्रदेश की राजधानी अलोर थी। लेकिन राजधानी से भी ज्यादा जरूरी देवल की रक्षा करना था। यदि अरब देवल को न जीत सके तो दोबारा शायद सिन्ध की ओर मुंह न करते। लेकिन यदि मंदिर पर अरबों का कब्जा हो गया तो अरबों को आगे बढने का रास्ता मिल जाता। सिन्ध व्यापार का भी बहुत बड़ा केन्द्र था। यदि सिन्ध पर अरबों का कब्जा हो जाता तो व्यापार का यह रास्ता शत्रु के हाथ में चला जाता। इतना ही नहीं, इस बार के अरब वे अरब नहीं थे जिनका भारत के साथ सदियों से संबंध चला आ रहा था। अब अरब दूसरे देशों पर केवल अपना राजपाट स्थापित करने के लिए ही नहीं हमला करते थे, बल्कि उनका उद्देश्य विजित प्रदेशों को इस्लाम मत में मतान्तरित करना भी होता था। इरान यह भुगत रहा था। बहुत से इरानी अपने मज़हबी विश्वासों की रक्षा के लिए ही भारत की शरण में चले आए थे। अब वह आन्धी सिन्ध के रास्ते भारत में ही प्रवेश करना चाह रही थी। भारत की रक्षा का दायित्व सिन्ध नरेश महाराजा दाहिर सेन पर था। महाराजा दाहिर सेन भी अपने इस ऐतिहासिक दायित्व को समझते थे। यही कारण था कि उन्होंने देवल की रक्षा के पुख्ता इन्तज़ाम किए थे। दाहिर सेन की योजना थी कि किसी तरह अरब सेना को सिन्धु नदी पार करने से ही रोका जाए। इसलिए उसने जिलोर में अपने बेटे जय सिंह के नेतृत्व में सेना की एक टुकड़ी तैनात कर रखी थी। जय सिंह ने अपनी अंतिम सांस तक मोर्चा संभाले रखा। लेकिन धीरे धीरे उसके सभी सैनिक मारे गए। मोहम्मद बिन कासिम ने जय सिंह को अपने पक्ष में करने हेतु अनेक प्रलोभन दिए। परन्तु जय सिंह ने सिन्धु की साक्षी में मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण देना श्रेयस्कर समझा। अब अरब सेना देवल की प्राचीर तक आ पहुंची थी। अरब सेना देवालय की प्राचीर को भेद कर बार बार अन्दर घुसने का प्रयास कर रही थी। उसके सैनिक तो धराशायी हो रहे थे, लेकिन देवल की प्राचीर को वे भेद नहीं पा रहे थे। दाहिर सेन स्वयं अपनी सेना का नेतृत्व कर रहे थे। देवालय के शिखर पर राज्य पताका फहरा रही थी। सिन्ध के लोगों का विश्वास था कि जब तक यह पताका शिखर पर फहराती रहेगी तब तक सिन्ध अविजित ही रहेगा। लेकिन इस प्रतीक का यह महत्व अरब सैनिक नहीं जानते थे। इतिहास में प्रतीक ही किसी देश की गौरव गाथा का माध्यम बनते हैं। प्रतीकों की रक्षा के लिए सेनाओं को मरते कटते देखा है। अरब दर्शन प्रतीकों के इस मनोवैज्ञानिक प्रभाव को कहां समझ पाते। लेकिन घर के भेदिए तो इस रहस्य को जानते थे। इतिहास गवाह है कि भारत के पराभव में घर के इन्हीं भेदियों का हाथ रहा है। मोहम्मद बिन कासिम जब किसी भी तरह देवल की प्राचीर को भेद नहीं पा रहा था तो उसने घर के इन्हीं भेदियों की तलाश शुरू की। देवल की प्राचीर भेदने में तो उसे सफलता नहीं मिली, पर भेदियों की तलाश में अवश्य सफलता मिल गई। अब अरब सेना का सारा जोर किसी तरह देवल के शिखर पर फहरा रही उस पताका को ही गिराने में लग गया। सभी आग्नेय अस्त्र देवल के शिखर की ओर चलने लगे। अचानक वह पताका नीचे गिर पड़ी। सिन्ध सैनिकों में हलचल होने लगी। दाहिर सेन के निकटस्थ सलाहकारों ने अनुभव कर लिया कि हतप्रभ सिन्ध सैनिक अब ज्यादा देर तक शत्रु के सम्मुख टिक नहीं पाएंगे। उन्होंने महाराजा को रणनीति के अनुसार किसी निकटस्थ प्रदेश में शरण लेने के लिए कहा। या फिर कम से कम महाराजा को तो अपने परिवार को किसी अन्य निकटस्थ शासक के यहां भेज देना चाहिए। सिन्ध नरेश ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए प्राण देना बेहतर समझा। जब उसके सैनिकों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए हों तो वह पलायन कैसे कर सकता था। महाराजा दाहिर सेन ने इतिहास की उज्जवल परम्परा की रक्षा करते हुए रणभूमि में लड़ते लड़ते प्राण त्याग दिए।

## नए मैदान बनाओ, पुरानों का संरक्षण करो


शिक्षा का अर्थ मानव के सर्वांगीण विकास से है, यानी मनुष्य शारीरिक व मानसिक रूप से इतना सशक्त होना चाहिए कि वह जीवन में आने वाली कठिनाइयों पर सफलतापूर्वक विजय प्राप्त कर खुशहाल व स्वस्थ जिंदगी जी सके। इसलिए विद्यार्थी जीवन में किताबी ज्ञान के साथ–साथ शारीरिक फिटनेस के स्तर में सुधार करना भी बेहद अनिवार्य है। किसी भी शिक्षा संस्थान का परिसर उसके खेल मैदानों से ही पहचाना जाता है कि वह किस स्तर का है। बिना खेल मैदानों के शिक्षा संस्थान की कल्पना भी बेमानी है। मंजिल चाहे खेलों की हो या फिटनेस की, इन सबके लिए खेल मैदानों का होना बहुत जरूरी है। विद्यार्थी जीवन में ही पूरे जीवन के लिए स्वास्थ्य की नींव रखी जाती है, मगर हमारे विद्यालयों में खेल मैदानों के अभाव में विद्यार्थी की फिटनेस का कोई भी कार्यक्रम नहीं है। हिमाचल प्रदेश का अधिकांश भूभाग पहाड़ी होने के कारण मैदानों के लिए बहुत मुश्किल से लंबी–चौड़ी जगह मिल पाती है। इसलिए हिमाचल प्रदेश के शिक्षा संस्थानों के पास बहुत कम खेल मैदान हैं और जहां हैं भी, उन्हें कभी भवन तो कभी पार्किंग बना कर यूं ही बरबाद किया जा रहा है।


**हिमाचल** प्रदेश युवा सेवाएं एवं खेल विभाग हर साल करोड़ों रुपए नए खेल मैदानों को बनाने व पुराने मैदानों के रखरखाव के लिए जारी करता है, मगर हकीकत में इस धन राशि की खूब बंदरबांट होती है। पिछले साल अकेले मंडी जिले में लगभग चार दर्जन खेल मैदानों के लिए धन आबंटित किया था, मगर सब जगह गोलमाल ही किया हुआ है, कहीं पर भी खेल मैदान तैयार नहीं हुआ है, जो खेलने की समतल जगह थी वह भी बरबाद कर दी है। सरकार इस बंदरबांट पर कब अंकुश लगाएगी। शिक्षा का अर्थ मानव के सर्वांगीण विकास से है, यानी मनुष्य शारीरिक व मानसिक रूप से इतना सशक्त होना चाहिए कि वह जीवन में आने वाली कठिनाइयों पर सफलतापूर्वक विजय प्राप्त कर खुशहाल व स्वस्थ जिंदगी जी सके। इसलिए विद्यार्थी जीवन में किताबी ज्ञान के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस के स्तर में सुधार करना भी बेहद अनिवार्य है। किसी भी शिक्षा संस्थान का परिसर उसके खेल मैदानों से ही पहचाना जाता है कि वह किस स्तर का है। बिना खेल मैदानों के शिक्षा संस्थान की कल्पना भी बेमानी है। मंजिल चाहे खेलों की हो या फिटनेस की, इन सबके लिए खेल मैदानों का होना बहुत जरूरी है। विद्यार्थी जीवन में ही पूरे जीवन के लिए स्वास्थ्य की नींव रखी जाती है, मगर हमारे विद्यालयों में खेल मैदानों के अभाव में विद्यार्थी की फिटनेस का कोई भी कार्यक्रम नहीं है। हिमाचल प्रदेश का अधिकांश भूभाग पहाड़ी होने के कारण मैदानों के लिए बहुत मुश्किल से लंबी-चौड़ी जगह मिल पाती है। इसलिए हिमाचल प्रदेश के शिक्षा संस्थानों के पास बहुत कम खेल मैदान हैं और जहां हैं भी, उन्हें कभी भवन तो कभी पार्किंग बना कर यूं ही बरबाद किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के मैदानों में विज्ञान के लिए प्रयोगशाला भवन तो कभी किसी और के लिए भवन बना कर खत्म कर दिया जा रहा है। मंडी जिला के धर्मपुर उपमंडल की टिहरा उप तहसील के अंतर्गत क्षेत्र में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिहरा के खेल मैंदान में विज्ञान के लिए प्रयोगशाला भवन भारी विरोध के बावजूद बनाया जा रहा है। पूर्व छात्र संघ व वहां की चार पंचायतों के लोंगो ने विरोध किया, मगर कोई सुनने को तैयार नहीं था। यह पूरा क्षेत्र अवाहदेवी से लेकर गद्दीधार तक रिज पर बसा है। चलने के लिए सडक़ है, वही खेल मैदान व पार्क का काम करती है। इस क्षेत्र में वालीबॉल व कबड्डी की प्ले फील्ड होना भी बड़ी बात है। यहां पर पहले ढगवाणी विद्यालय के मैदान में जल शक्ति विभाग ने पम्पहाऊस बना दिया और अब टिहरा विद्यालय के मैदान में विज्ञान प्रयोगशाला। दूसरी तरफ इसी क्षेत्र के चोरथला, कांगो का गहरा व कमलाह स्कूल के मैदानों के लिए लाखों रुपये दिये हैं, मगर वहां भी सब आधा अधूरा है। हिमाचल प्रदेश सरकार इस विषय पर ध्यान दे ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ स्वास्थ्य भी मिल सके। एक समय था जब विद्यार्थी सवेरे-शाम अपने अभिभावकों के साथ कृषि कार्य में हाथ बंटाता था, फिर कई किलोमीटर चल कर विद्यालय पहुंचता था। उस समय किसी भी फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत नहीं थी, मगर आज जब पढ़ाई के लिए घर का काम बंद है, पैदल चलने का रिवाज ही नहीं है तथा खेल के नाम पर मोबाइल व कम्प्यूटर है तो फिर फिटनेस के लिए खेल मैदान तो अनिवार्य हो जाता है, नहीं तो फिर हमारी संतानें कहीं नशे के दलदल में फंस जाएंगी। उस उच्च शिक्षा का क्या अर्थ रह जाता है जिससे आप प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, अभियंता, चिकित्सक, प्रबंधक तो बन जाते हैं, मगर आप स्वस्थ रह कर साठ वर्षों तक देश व प्रदेश की सेवा नहीं कर पा रहे हैं। अब तो लोग तीस-चालीस साल की उम्र में जानलेवा बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इस सबके पीछे जिम्मेदार बिना फिटनेस कार्यक्रम की स्कूली शिक्षा है। फिटनेस के इस संवेदनशील विषय पर इस कॉलम के माध्यम से सरकार व अभिभावकों को बार-बार सचेत किया जाता रहा है। हिमाचल प्रदेश के अधिकांश विद्यालयों में पढने के लिए कमरे तो हैं, मगर उनकी फिटनेस के लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है। मैदान होंगे तो तभी फिटनेस पर कार्य होगा। हिमाचल प्रदेश का शिक्षा विभाग निजी शिक्षा संस्थान खोलने के लिए तो मैदान की अनिवार्य शर्त रखता है, मगर अपने सरकारी संस्थानों के मैदानों में भवन व पार्किंग बना कर अपने ही नियमों को ठेंगा दिखा रहा है। अभी भी समय है हिमाचल प्रदेश की जनता व सरकार दोनों को विद्यार्थी जीवन में फिटनेस कार्यक्रम के महत्व को समझना होगा, नहीं तो भविष्य में हमारी अगामी पीढियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेल जगत में बहुत कड़ी प्रतिस्पर्धा हो गई है। इसलिए उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने पर भी पोडियम तक पहुंचना सबके बस की बात नहीं है। अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की पदक तालिका में स्थान बनाने के लिए जहां विद्यालय स्तर से ही अच्छे ज्ञानवान प्रशिक्षक चाहिए, वहीं पर प्ले फील्ड भी बहुत जरूरी है। हिमाचल प्रदेश के खेल मैदानों व अन्य हाल ही के वर्षों में बनी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड का रखरखाव भी ठीक ढंग से नहीं हो रहा है। हिमाचल प्रदेश के पास आज से दो दशक पहले तक खेल ढांचे के नाम पर सैंकड़ों साल पहले राजा-महाराजाओं द्वारा मेले व उत्सवों के लिए बनाये गये उंगलियों पर गिने जाने वाले कुछ मैदान चंबा, मंडी, अमतर, सुजानपुर, जयसिंहपुर, कुल्लू, अनाडेल, रोहड़ू, सराहन, सोलन, चैल व नाहन में बनाये थे। इन मैदानों पर हिमाचल प्रदेश की खेल गतिविधियां कई दशकों से मेलों व उत्सवों से बचे समय में होती रही हैं। सुजानपुर व जयसिंहपुर के बड़े मैदानों पर तो पहले ही बहुत अतिक्रमण हो चुका है, अब मंडी के पड्डल मैदान का भी हाल अच्छा नहीं है। सरकाघाट महाविद्यालय के खेल मैदान में मिट्टी के सैंकड़ों ट्रक डाल कर कौनसा संदेश दिया जा रहा है। जब भवन निर्माण उन्नत प्रौद्योगिकी के कारण कहीं भी हो सकता है तो फिर पहाड़ के लिए दुर्लभ समतल जगह को क्यों बरबाद कर रहे हो। हर शिक्षा संस्थान को अपना खेल मैदान चाहिए जहां सब विद्यार्थियों की फिटनेस हो सके, मगर शिक्षा संस्थान परिसर में जब मैदान ही नहीं होगा तो फिर पहाड़ की संतान को स्वास्थ्य व खेल क्षेत्र में पिछडने का दंश झेलना ही पड़ेगा।



नागरिक बोध

## स्वावलंबन की जमीन से

**कम** से कम इन छह महीनों में सुक्खू सरकार यह कहने में सफल मानी जा सकती है कि हिमाचल के अस्तित्व, स्वाभिमान और स्वावलंबन की जिरह क्या है। मुख्यतः पानी, जंगल, पंजाब के पुनर्गठन में प्रदत्त भावना और राष्ट्र की अवधारणा में वर्तमान सरकार ने कुछ तो ऐसा किया कि पड़ोसी राज्यों से केंद्र तक मरोड़ आ रहे हैं, जबकि इसके केंद्र में भाजपा को भी स्पष्टीकरण देना पड़ रहा है। देखना यह होगा कि अस्तित्व के ये सवाल जनता जनार्दन तक कैसे जुड़ते हैं और क्या स्वावलंबन के ये तर्क सरकारी कार्य संस्कृति के कान और हाथ साफ कर पाते हैं। पंजाब की तकलीफ समझी जा सकती है और यह पानी की उन धाराओं से वावस्ता है जो आज तक बेहिसाब, बिना पैमाने और आपसी बराबरी के बंटवारे के सिद्धांत के बिना ही एकतरफा बह रही थी। जिस पानी से पड़ोसी राज्य अपनी खिचड़ी पकाते रहे, उसके भीतर हिमाचली नमक को पहली बार छाना जा रहा है, तो यह वर्तमान सरकार के बदले हुए अंदाज का नजराना है। कम से कम इन छह महीनों में हिमाचल ने अपने तर्कों की बिसात पर पड़ोसी राज्यों को यह सोचने पर विवश तो किया कि आज तक मैदानी आंधियों को जो पहाड़ अपने सीने पर रोकता था, आज उसके भीतर का उबाल सामने है। इसे पड़ोसी टकराव समझें, तो यह गलत होगा, लेकिन इसी पानी पर अपना-अपना भविष्य चिन्हित कर लें, तो क्षेत्रीय सहयोग की कई नदियां बहने लगेंगी। बीबीएमबी का अस्तित्व भले ही पंजाब पुनर्गठन की भावना का स्रोत है, लेकिन इसके भीतर सहअस्तित्व की परिपाटी को समझना होगा। केंद्र ने भले ही किसी कारणवश अनापत्ति प्रदान करते हुए हिमाचल के भाग से बहते पानी के भरपूर इस्तेमाल को आजाद किया है, लेकिन इसकी प्रतिक्रिया में पंजाब का संशय या आपत्ति पुनर्गठन की भावना से छेड़छाड़ सरीखा है। दरअसल पंजाब पुनर्गठन की फाइल सही से हिमाचल ने पहले खोली होती, तो ये चिंगारियां अब तक पूरी तरह शांत हो जातीं। बहरहाल मसला पानी से शुरू होकर वाटर सेस और तमाम बिजली परियोजनाओं से बिजली की रॉयलटी पाने की भी है। शानन विद्युत परियोजना की लीज समाप्ति के बाद अधिकार पाकर हिमाचल के खजाने को सीधा लाभ होगा। ऐसे में अगर कल हिमाचल अपने अधिकार क्षेत्र से पानी की एक नहर हरियाणा तक पहुंचा देता है, तो यह क्षेत्रीय भूमिकाओं में प्रदेश का सिक्का जमा देगी। यानी हरियाणा के जन्म से जो पानी पंजाब की गिरफ्त में रहा है, उसके नए विकल्प में हिमाचल बड़ी भूमिका में आ जाएगा और इसके बदले दोनों राज्यों की कनेक्टिविटी के भी नए मार्ग प्रशस्त होंगे। कल पंजाब भी ऐसी भागीदारी से धार्मिक व सिख पर्यटन के जरिए हिमाचल की संभावना से जुड़ कर, एक नए स्तर तक पहुंच सकता है। आनंदपुर साहिब से नैना देवी तक रज्जु मार्ग या अमृतसर से देवी दर्शन की परिपाटी में कई ऐसी संभावनाएं है जिन्हें पूरा किया जा सकता है।

देश दुनीया से

## प्रेम करने की उम्र

**वैसे** तो यह विषय विवाद का है, परन्तु प्रेम करने की कोई उम्र भी नहीं होती और देखा जाये तो इसके लिये उम्र की सीमा रेखा निर्धारित होनी भी चाहिए। इसके अभाव में मामला इतना होच-पोच हो गया है कि जिनकी उम्र प्रेम करने की है, वे मुंह बिचका रहे हैं तथा बिना दांत वाले चने चबा रहे हैं। खैर हमारे देश का यह दुर्भाग्य रहा है कि जिसे चाहिए, उसे कुछ नहीं तथा जिन्हें खाने-पीने का शौक नहीं, वे लोग गुलाब जामुनों को ठोकर मार रहे हैं। हालांकि प्रेम की आयु सीमा निर्धारित करते ही प्रौढ़ एवं अधेड़ लोगों को परेशानी होगी, परन्तु युवा लोगों का भाग्य चमक उठेगा। हमारे यहां के बूढ़ों को जवान फूटी आंख भी नहीं सुहाते। सारे काम खुद ही करते रहना चाहते हैं। खास तौर से मुहब्बत का रोग तो बड़ा बुरा है। किसी भी उम्र में हो जाये। दवा नहीं मिले तो, वैसे मरे और दवा मिल जाये तो मौत का आना लगभग तय है। इसके बाद भी लोग डरते नहीं और प्रेम करते हैं। मेरे पड़ौसी रूप किशोर जी इस मामले में काफी आगे हैं। जब देखा तभी कराहते और छटपटाते हुये। उम्र पचास के आस-पास है। परन्तु न लोगों को पता चलने देते हैं और न खुद को ही। सदैव बेमेल कपड़ों में कसे, बालों में डाई कराके, प्रेमिका की प्रतीक्षा में अपलक राह निहारते रहते हैं। पिछले तीस वर्षों से वे इस काम में लगे हैं। परन्तु परिणाम वही ढाक के तीन पात। एक दिन मैंने उनसे जाकर पूछा-'सुना है आप प्रेम करते हैं?' मेरे प्रश्न पर लजा गये। आंखों में भरपूर लाज का आंचल लोढक़र बोले-'हां, करता तो हूं। परन्तु समझ में नहीं आता कि क्या करूं?' 'क्या मतलब?' 'मतलब यही कि तीस वर्षों से दाढ़ी बनाते रहे, कपड़ों की क्रीज बनाये रखी तथा लेटेस्ट फैशन के कपड़े पहने, परन्तु किस्मत में खाक छानना लिखा था- सो छान रहे हैं।' 'ओह आई सी। आपके साथ धोखा हुआ है?' 'नहीं भाई, प्रेम में धोखा तो सफलता का द्योतक माना जाता है। धोखा भी हो जाता तो तसल्ली कर लेता, परन्तु मुझे किसी ने धोखा भी नहीं दिया। हर बार लगता रहा कि धोखा अब हुआ, बस हुआ, परन्तु खुद को ही धोखा देते रहे।' 'कमाल है पहेली बुझाने में तो आपका, रूप किशोर जी आखिर रहस्य से पर्दा भी हटायेंगे या यों ही तड़पाते रहेंगे?' मैंने कहा। वे बोले-'असल में तय ही नहीं हो पाता कि वे हमसे प्रेम करते हैं या नहीं, इससे पहले ही पटाक्षेप हो जाता है।' 'इसका मतलब वन-साइडेड गेम की गिरफ्त में हैं आप!' 'कुछ ऐसा ही लगता है। एक पड़ौसन पिछले पन्द्रह वर्षों से बाजार से सब्जी मंगा रही है। मैं सब्जी ला रहा हूं इस आशा में कि एक दिन कोई गुल खिलेगा, परन्तु अभी तक तो मुस्कान के साथ 'धन्यवाद' के अलावा कुछ मिला नहीं।' 'आपने कभी उनकी मुस्कान का मूल्यांकन किया?' मैंने पूछा। 'मुझ में यही तो कमी है कि मैं मूल्यांकन करने में हर बार गलत निकला। एक दिन मैंने इस मुस्कान के एवज उनका हाथ छू दिया तो उन्होंने कहा-'जरा ध्यान तो रखिये भाई साहब। हमें यह पता नहीं था कि आप ऐसे निकलेंगे', बस तब से ब्लैकमेल हो रहे हैं और सब्जी का थैला लाये चले जा रहे हैं।' 'इसके अलावा भी आपने तो अन्यत्र प्रयास किये होंगे?' मैंने पूछा। 'प्रयास में तो मैं कभी हार नहीं मानता। परन्तु सफलता को मुझसे चिढ़ है। आपको बताऊं जिस बस से दफ्तर जाता हूं-उसी से एक महिला भी जाया करती थी। बरसों तक उसका टिकिट भी खरीदते रहे और जब पास बैठने को कहा तो लगी आंख दिखाने। हमने कहा भी कि हम आपका पिछले सात वर्षों से टिकिट ले रहे हैं।


हालांकि प्रेम की आयु सीमा निर्धारित करते ही प्रौढ़ एवं अधेड़ लोगों को परेशानी होगी, परन्तु युवा लोगों का भाग्य चमक उठेगा। हमारे यहां के बूढ़ों को जवान फूटी आंख भी नहीं सुहाते। सारे काम खुद ही करते रहना चाहते हैं। खास तौर से मुहब्बत का रोग तो बड़ा बुरा है। किसी भी उम्र में हो जाये। दवा नहीं मिले तो, वैसे मरे और दवा मिल जाये तो मौत का आना लगभग तय है। इसके बाद भी लोग डरते नहीं और प्रेम करते हैं। मेरे पड़ौसी रूप किशोर जी इस मामले में काफी आगे हैं। जब देखा तभी कराहते और छटपटाते हुये। उम्र पचास के आस–पास है। परन्तु न लोगों को पता चलने देते हैं और न खुद को ही। सदैव बेमेल कपड़ों में कसे, बालों में डाई कराके, प्रेमिका की प्रतीक्षा में अपलक राह निहारते रहते हैं।

# प्यार में पागल दीवाना परवान ऐसा चढ़ा की प्रेमिका की ले ली जान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना क्षेत्र के हेडुम गांव का एक युवक को प्यार का पागल पन ऐसा परवान चढ़ा कि उसने अपने ही प्रेमिका की जान ले ली। हत्या आशिक आरोपी संतोष कुमार यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि बुधवार की सुबह लगभग आठ बजे हेडुम पंचायत के पोटम गांव की ग्यारहवीं (11 ) कक्षा की छात्रा डोरही (महुआ का फल) चुनने को कह कर निकली थी घर से ।काफी समय बीत जाने के बाद खोजबीन के दौरान गांव के सटे जंगल में ही परिजनों को युवती का आपत्तिजनक स्थिति में शव मिला था।इसके बाद से ही पुलिस इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में लगी थी। **पत्रकारों नें किया था खुलासा :** घटनास्थल से खबर कवरेज के बाद प्रखंड के पत्रकारों की टीम कल्याणपुर चौंक पहुंची थी।जहां उन्हें सूचना मिला था की हेडुम गांव का संतोष कुमार यादव भी बुधवार की सुबह से ही लापता है। पत्रकारों ने आपसी मंथन के बाद इस हत्याकांड में उक्त युवक का हाथ होने की आशंका जताकर युवक के घर जाकर कड़ी पूछताछ की थी और युवक का मोबाइल नंबर भी परिजनों से लिया था।इस दौरान घटना में संतोष का ही हाथ होने के कई सुराख पत्रकारों के हाथ लगे थे।इसके बाद पत्रकारों नें थाना पहुंचकर उक्त युवक की जानकारी थाना प्रभारी बमबम कुमार एवं एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी को दिया था।इसके बाद पुलिस नें संतोष के संपर्क के सभी लोगों को उठाकर पूछताछ किया था परंतु खुलासा नहीं हो पाया था। **युवक खुद पहुंचा था थाना :** शुक्रवार की सुबह उक्त युवक अपने गुमशुदगी की सनहा से नाम कटवाने थाना पहुंचा था। इसके बाद पुलिस नें उसे कस्टडी में लेकर पूछताछ शुरू किया था। इस दौरान एसडीपीओ को लड़के के चेहरे,गर्दन व हाथ में नाखूनों से नोचे और खरोचे जाने के गहरे निशान दिखाई पड़े।बेहद मशक्कत से पूछताछ के बाद युवक नें स्वीकार किया कि उसने ही घटना को अंजाम दिया है। **शादी से इनकार करना पड़ा भारी :** घटना के तीन दिनों पूर्व से ही दोनों युवक-युवतियों के घर से भागने का प्लानिंग बना हुआ था। विगत सोमवार को ही संतोष लड़की को भगा ले जाने के लिए पोटम गांव के सिमाने पर ही इंतजार कर रहा था परंतु युवती उसके पास नहीं आई। जिससे वह बेहद गुस्से में हो गया था।फिर मंगलवार की रात भी संतोष उसका इंतजार किया उस दिन भी वह नहीं आई जिससे आक्रोशित युवक नें बुधवार की सुबह ही उसे जंगल में मिलने के लिए बुलाया था।मिलने के बाद पहले तो उसने उक्त युवती के साथ दुष्कर्म किया फिर भाग चलने और शादी की बात पर अड़ गया।जिसके लिए लड़की इनकार करने लगी परंतु युवक ने तुरंत चलने की होड़ मचा दी।इस पर लड़की नें साफ इंकार करते हुए विरोध किया देखते ही देखते दोनों में नोकझोंक काफी बढ़ गया और युवक नें युवती को जोरदार लात मार दिया।जिससे वह जमीन पर गिर कर बेसुध हो गई।काफी उठाने के बाद नहीं उठने पर युवक का आक्रोश और भी बढ़ गया और उसने लड़की के दुपट्टे से ही उसका गला घोंट दिया और पत्थर से उसके माथे पर जोरदार घात कर दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। **शव से एक घंटे लिपटा रहा युवक :** सर पर पत्थर लगने के बाद जब युवती के माथे से खून की धारा बहने लगी तो प्रेमी नें उसे अपनी गोद में लेकर एक घंटे तक दुलारते पुचकारते एवं लड़की के कपड़ों से ही उसके चेहरे व माथे का खून पोछता रहा।इसके बाद जब उसे लगा कि लड़की कि अब मौत हो चुकी है तो उसने शव को घसीटते हुए गड्ढे में डालकर सूखे पत्तों से ढक कर भाग गया। **चप्पल व मोबाइल बना प्रमाण :** युवक नें पुलिस को लड़की का चप्पल व मोबाइल दिया है।दीवानगी का हद ऐसा कि पुलिस को चप्पल देते समय युवक चप्पल को बार-बार चूम रहा था।पुलिस के द्वारा पूछे जाने पर उसने बताया कि जीवन भर यादगार के रूप में मैं उसके चप्पल को अपने पास रखता। **गोली मारने की लगा रहा था गुहार :** युवक को लेकर जब पुलिस छानबीन के लिए घटनास्थल वाले जंगल में गई तो उक्त युवक नें कहा कि जब मेरी प्रेमिका ही नहीं रही तो मैं रह कर क्या करूंगा मुझे भी यही मार दीजिए। इसके अलावा भी उसने बताया कि अपना प्राण त्याग करने के लिए कि मैं दो दिनों तक जंगल में ही भूखा प्यासा रहा परंतु मुझे प्राण त्यागने में सफलता नहीं मिली।

## वयोवृद्ध आयुष स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन 60 मरीजों का हुआ इलाज



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत गांव के अंतर्गत रामेश्वर शिव मंदिर के समीप शनिवार को जिला आयुष समिति चतरा के तत्वाधान में वयोवृद्ध आयुष स्वच्छता शिविर का आयोजन डिएमओ डॉ अवध नाथ यादव के निर्देश पर किया गया। जहां आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक के डॉज़्मुकेश कुमार ऋषि डब्ल्यू एच सी गिद्धौर एवं डॉज़्निरंजन कुमार एचएससी गांगपुर के उपस्थित हुए। इन लोगों के द्वारा गांव के लगभग 60 लोगों का इलाज किया गया। जिसमें बीपी, शुगर, सर्दी, खांसी, बुखार, इंफेक्शन, गठिया एवं गैस जैसे रोगों का इलाज किया गया। और निशुल्क दवाई दी गई। साथ ही साथ रोग से बचने के लिए योग करे निरोग रहे योगा शिक्षक गौरी शंकर के द्वारा योग किताब देते हुए योग करने के लिए भी बताया गया। जहां दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पहले मां और अब पिता का साया बच्चों के सर से छुटा गांव वाले हैं संतोष की मौत से स्तब्ध



**मयूरहंड, चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नियति के आगे किसी का नहीं चलता।कुछ ऐसा ही हुआ है मयूरहंड के महेशा में वर्ष 2020 में पहले पत्नी की मौत और उसके बाद पति का मौत हो जाना तीन छोटे-छोटे बच्चों के लिए मुसीबतों ने पहाड़ों का बोझ सामने लाकर खड़ा कर दिया।महेशा गांव निवासी अशोक यादव ने प्रभात मंत्र से बातचीत करते हुए बताया 2020 में सड़क हादसे की शिकार हुयी संतोष यादव की पत्नी सुचिता देवी समुचित इलाज के अभाव में दम तोड़ दी। पत्नी की मौत हो जाने के बाद संतोष यादव की विवाह के लिए कई रिश्ते आए लेकिन तीन बच्चों में स्वयं का भविष्य देखने वाले संतोष यादव आखिरकार नियति से हार गए और पिछले 15 दिनों से बीमार थे। वजह बताया गया कि पत्नी की याद में ये बीमार हो गए। संतोष यादव की समुचित इलाज नहीं होने से बीते दिन शुक्रवार की रात इनका असामयिक निधन हो गया अब तीन छोटे-छोटे बच्चों को देखकर गांव के लोग भी काफी मर्माहत हैं और इनके आंखों से आंसू बह रहा है। गांव वालों ने प्रभात मंत्र के जरिए इन छोटे-छोटे बच्चों की खातिर मार्मिक आग्रह किया है अब देखना है राज्य सरकार इन छोटे-छोटे बच्चों की परवरिश के लिए क्या कदम उठाती है।

# लीगल एंपावरमेंट कैंप का आयोजन संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देशन में सिमरिया प्रखंड कार्यालय में शनिवार को लीगल एंपावरमेंट कैंप का आयोजनकिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार सिंह, प्रमुख, उप प्रमुख प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह सहित अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अब कोई भी गरीब व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहेगा। वैसे व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय 100000 से कम है वह सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकार से विधिक सेवा प्राप्त करने के अधिकारी हैं। इस कैंप में 20 लोगों के बीच राज वृद्धा पेंशन योजना एक महिला को मुख्यमंत्री राज निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना 15 लोगों के बीच स्वामी विवेकानंद निशक्त स्वालंबन प्रोत्साहन योजना 7 लोगों के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना किस का प्रथम भुगतान 10 ग्रामीण राजमिस्त्री को प्रमाण पत्र 5 प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच ताला चाबी का वितरण ग्राम संगठन कोरीन वितरण 17 लाख 80 हजार दो महिलाओं के बीच पशुपालन कीट वितरण 25 लोगों को नया ग्रीन कार्ड 217 लोगों का राशन कार्ड में नाम जोड़ना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 3 लोगों के दिव्यांग उपकरण वितरण दो लोगों के बीच 20 किसानों के बीच नाशक दवा का वितरण 80 लोगों का स्वास्थ्य जांच 7 लोगों को जॉब कार्ड का वितरण किया गया। मौके पर विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, कभी अभियंता अजय कुमार, आशीष नायक ,जेएसएलपीएस के कार्यक्रम प्रबंधक राहुल रंजन पांडे, सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं लाभुक मौजूद थे।

# अफीम के साथ तीन महिला तस्कर गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** एसपी राकेश रंजन के कुशल नेतृत्व में शराब, अफीम एवं ब्राउन शुगर के सौदागरों के विरुद्ध लगातार पुलिस जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने में कामयाबी हासिल कर रही है। उसी कड़ी में पुलिस ने आज शनिवार को अनोखा मामला आया है। पुरुष तो पकड़े जाते रहे हैं। पुरुष के साथ महिला भी पकड़ी गई हैं।पति पत्नी भी तस्करी के आरोप में जेल भेजे गए हैं।अब एक नए ट्रेंड का आगाज प्रकाश में आया है। बताते चलें की अफीम तस्करी के आरोप में तीन महिला को रंगे हाथों गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस को जिले में सक्रिय नशे के पड़लरों के विरुद्ध एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हंटरगंज पुलिस की स्पेशल टीम ने हंटरगंज थाना गेट के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान जयमंगला बस से तस्करी कर बिहा ले जा रहे अफीम की खेप के साथ 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने गिरफ्तार दोनों महिलाओं के पास से 5 किलोग्राम अफीम व विभिन्न कंपनियों के तीन मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार दोनों महिलाएं देवंती देवी 22 वर्षीय पति दुर्गा मुंडा,और दमिया कुमारी 20 वर्षीय पति धनेश्वर उराव रातों रात मालदार बनने की लालच में नशीले पदार्थ की तस्करी कर रहे थे। लेकिन पुलिस ने उनके बनाए नापाक मंसूबे पर पानी फेरने में सफल रही। गिरफ्तार महिलाओं ने पुलिस के पूछताछ में बताया कि सदर थाना क्षेत्र के तपेज क्षेत्र के निवासी युगल किशोर साव नामक व्यक्ति की पत्नी पूजा कुमारी ने अफीम को बिहार के गया पहुंचाने के लिए कहा था। गिरफ्तार महिलाओं के बयान के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युगल किशोर साव की पत्नी पूजा कुमारी को भी गिरफ्तार कर कर अगरतार कानूनी कार्रवाई कर रही है। इस एसआईटी टीम में हंटरगंज सीओ मिथलेश कुमार, थाना प्रभारी सनोज चौधरी एएसआई शुशील टुडू एवं थाना के पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## उप मुखिया के निगरानी में पीडीएस दुकानदारों ने किया लूंगी साड़ी धोती व अनाज वितरण



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत में संचालित जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने जून महीने का राशन उप मुखिया विकास पांडेय की निगरानी में वितरण किया। साथ ही साथ स्वर्णा सॉवरेन के तहत धोती साड़ी लूंगी का भी वितरण किया गया।बता दें कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार मून्सि साव, राजेंद्र साव,बेबी देवी, मीना देवी ने उपस्थित लोगों को सही सही वजन के अनुसार अनाज दिया। मौके पर उपस्थित गांव के ग्रामीण उपस्थित हैं।

## महिला कबड्डी टीम के खिलाड़ी सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला कबड्डी महिला टीम को लातेहार जिला खेल पदाधिकारी शिवेंदु कुमार और कबड्डी एसोसिएशन के द्वारा सम्मानित किया गया। कबड्डी के महिला टीम रांची में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की थी।इसी प्रदर्शन के आधार पर पूनम कुमारी का चयन भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु झारखंड कबड्डी महिला टीम में हुआ था।पूनम के इस प्रदर्शन में जिला खेल पदाधिकारी ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार प्रयास करते रहिए मेरे तरफ से हर संभव मदद किया जाएगा। कहा कि लातेहार में भी कबड्डी खेल के विकास की असीम संभावना है। कबड्डी खेल भी करियर के लिए एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रहा है। लातेहार में भी हम लोग प्रयास कर रहे हैं कि जितना जल्द हो सके कबड्डी का एक बोर्डिंग सेंटर खुले ताकि लातेहार जिला से भी कबड्डी प्रतियोगिता से संबंधित अच्छे-अच्छे प्लेयर को तराशा जा सके।इसके लिए हमलोग प्रयासरत है।पूनम कुमारी के इस प्रदर्शन पर लातेहार जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद उरांव, सचिव अशफाक उर्फ मुन्ना, उपसचिव अनूप कुमार, उपाध्यक्ष हरिशंकर यादव, आफताब आलम, प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह सहित सभी लोगों ने शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आरटीआई से हुआ खुलासा, लातेहार का शिक्षा विभाग राम भरोसे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में 144 निजी स्कूल बैगर आरटीई मान्यता के संचालित हैं।जिले में दस ब्लॉक हैं। परन्तु दो बीईओ के भरोसे टीका हुआ हैं।जिले में आरटीई मान्यता के लिए कोई जिला स्तरीय कमिटी भी नहीं है। आरटीआई से हुआ यह खुलासा। राम भरोसे है लातेहार का शिक्षा विभाग। जिले के आरटीआई एवं सामाजिक कार्यकर्ता लाल मोहन सिंह को जिला शिक्षा पदाधिकारी -सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार के द्वारा सूचना के अधिकार के तहत उपलब्ध कराई गई सूचना से शिक्षा विभाग के उपर भी सवालीया निशान उठ रहा है। उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार लातेहार जिले में कुल 144 निजी स्कूल हैं,जो सरकारी स्तर से आरटीई मान्यता प्राप्त निजी स्कूल एक भी नहीं हैं। जब की अनिवार्य एवं बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) 01 अक्टूबर 2010 से पुरे भारत वर्ष में प्रभावी है एवं इस अधिनियम के तहत सरकारी स्तर से मान्यता लेना निहायत ज़रूरी है। परन्तु एक भी स्कूल का मान्यता नहीं होना शिक्षा विभाग के उपर सवालिया निशान खड़ा हो रहें हैं। आरटीआई से उपलब्ध सूचना से यह भी खुलासा हो रहा हैं कि दस ब्लॉक का इस जिले में मात्र दो बीईओ पहला जवाहर प्रसाद दूसरा हाकीम प्रमाणिक पदस्त हैं। जबकी यहां पर दस बीईओ रहना चाहिए। आरटीआई से यह भी खुलासा हुआ हैं कि लातेहार जिले में निजी स्कूलों का आरटीई मान्यता के लिए किसी तरह का जिला स्तरीय कमिटी का गठन अब तक नहीं हुआ हैं। जब की झारखंड शिक्षा सचिव के द्वारा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारीयों को इस बावत निर्देशित किया गया परन्तु शिक्षा का अधिकार कानून का आज तेरह वर्ष हो गया इसका अनुपालन नहीं हैं।

## कौशल जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के तत्वाधान में कौशल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन पंचायत सचिवालय सिंजो, मनिका के प्रांगण में किया गया।कार्यशाला का उद्घघाटन मुख्य अतिथि प्रतिमा देवी प्रमुख मनिका, श्रम अधीक्षक सह कौशल पदाधिकारी लातेहार, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, उप मुखिया सिंजो मनिका के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया !प्रमुख मनिका के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को इस कौशल प्रशिक्षण से जुड़ने की आवश्यकता है। लड़कियां इस प्रशिक्षण का लाभ लेकर स्वालंबी बने। उन्होंने सभी प्रशिक्षण दाताओं से कहा की सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक अपनी पहुंच बनाने का प्रयास करें। कार्यक्रम के दौरान एयरोसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड मनिका के 10 प्रशिक्षणार्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन विभाग के रंजीत कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन एम0जी 0 एन 0 एफ 0 लातेहार मृदुला कुमारी ने किया।कार्यक्रम में गुरुकुल पैन आईआईटी मनिका एवं एरोसॉफ्ट हेल्थ केयर लिमिटेड का स्टॉल लगाया गया।

## पुलिस ने पांच लाख के इनामी नक्सली लवलेश गंझू के घर चिपकाया इस्तेहार

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ पुलिस ने शनिवार को जेजेएमपी के 5 लाख के इनामी नक्सली लवलेश गंझु के घर इस्तेहार चिपकाया जहाँ बालूमाथ सब इंस्पेक्टर कुबेर साव एवं धीरज कुमार सिंह ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम के बर टोला स्थित लवलेश गंझू के घर पहुंचा एवं इश्तेहार चिपकाया। चिपकाए गए इस्तेहार में कहा गया है कि माननीय न्यायालय के आदेश अनुसार अगर 1 माह के अंदर लवलेश गंझू सरेंडर नहीं करता है तो उसके घर को कुर्की जब्ती कर लिया जाएगा। वही सब इंस्पेक्टर कुबेर साव ने बताया कि बालूमाथ थाना कांड संख्या 217/ 18 धारा 341, 342, 323, 307, 384, 385, 427/ 34 भादवी 25 ( 1-b)a आर्म्स एक्ट 17 सीएलए के फरार अभियुक्त है। इस मौके पर बालूमाथ पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

## बीजेपी ने लाभार्थी सम्मेलन को लेकर बैठक का किया आयोजन



**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को महावीर मंदिर परिसर में मंडल अध्यक्ष अनिता कुमारी की अध्यक्षता में बैठक की आयोजन की गई जिसमें सोमवार को लाभार्थी सम्मेलन की आयोजन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि लाभुकों को सम्मेलन में भाग लेने को लेकर लोगों को जागरूक करें और ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाभुक सम्मेलन में भाग लें। वही सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने बताया की कुन्दा प्रखंड मुख्यालय में विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह की मौजूदगी में लाभार्थी सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी जी की 9 वर्षों के स्वर्णिम कार्यकाल के बारे में लोगों को बताया जाएगा। और सैकड़ो के संख्या में लाभार्थी इस सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे। वहीं बतादे की पिछ्ले 30 मई से 30 जून तक महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी निमित सोमवार को बाजार टाँड़ परिसर में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में गंदौरी साव, प्रखंड महामंत्री मनोज यादव, बसंत यादव, अंबिका सिंह भोक्ता, योगेन्द्र भोक्ता, प्रमोद गुप्ता, रामदेव भोक्ता, रविन्द्र भारती समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिला मुख्यालय से सटे हुए गांव आज भी मुलभूत सुविधाओं से हैं वंचित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजादी के 75 साल बीत जाने और अलग राज्य गठन के 22 साल के बाद भी आज झारखंड के लातेहार जिला के कुछ गांव जिला मुख्यालय से नहीं जुड़ सका है। लातेहार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेंदी पंचायत के सुकलकठा गांव के अभी भी सड़क सुविधा रहने को आवास राशन, पेंशन, शुद्ध पेयजल शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे कई बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं लोग,भले ही देश ने 75वीं वर्षगांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया हो लेकिन याहां के वाशिंदे विभिन्न समस्याओं से जकड़े हुए हैं। जहां सड़क, पानी,जैसी मूलभूत सुविधाएं तक नहीं पहुंच सकी हैं। इस गांव के लोग आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर हैं। इन्हें सुलभ जीवनयापन के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं हैं। उन्हें मताधिकार तो मिला है लेकिन इसका फायदा चुनाव लड़ने वालों तक सीमित है। चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधियों को इस गांव की बेहतरी के लिए समय नहीं मिला। ग्रामीणों के अनुसार यहां इस गांव से दूसरे गांव जाने के लिए पक्का मार्ग ही निर्मित नहीं हो सका है। ऐसे में यदि किसी के घर में कोई बीमार पड़ जाए तो यहां पर एंबुलेंस आदि का आना भी असंभव है। यहाँ सिर्फ 4बाई 4 की या ट्रेक्टर ही जा सकता हैं। यहां तक कि ग्रामीणों को बस पकड़ने के लिए रांची रोड पर जाना पड़ता है, परंतु यह गांव रांची रोड से नहीं जुड़ सका है। सड़क नहीं? होने के कारण पैदल ही चल कर जाना पड़ता है। मिलता हैं तो सिर्फ आश्वासन ग्रामीण मंगरु भूईयां, मिठू भूईयां, सुनेसर, विनोद, सविता देवी, फुलमंती देवी, प्रमिला देवी, अशोक भूईयां, राजेश भूईयां, चिन्ता देवी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि यहाँ की समस्याओं के बारे में सभी जनप्रतिनिधियों को पता है। इसे लेकर कई बार शिकायतें भी की गई लेकिन हुआ कुछ नहीं। यहां तक कि विभागीय अधिकारी भी तमाशबीन बने हुए हैं। जनप्रतिनिधियों की तरह अधिकारी भी सिवाय कोरी घोषणाएं करने के अलावा कोई राहत नहीं दे सके हैं।

# पुलिस ने 48 घंटों के भीतर छात्रा हत्याकांड का किया उद्भेदन हत्यारा गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया और लावालौंग थाना पुलिस ने 48 घंटे के भीतर छात्रा हत्या कांड का खुलासा कर मामले का उद्भेदन कर लिया है। और हत्या कांड में शामिल एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी संतोष कुमार लावालौंग थाना क्षेत्र के हेडुम गांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटनास्थल से मृतक छात्रा के वस्त्र, खून से सन्ना मिट्टी, घटना में प्रयुक्त किए गए दो पत्थर, आरोपी द्वारा छुपाए गए हवाई चप्पल और हत्या के समय आरोपी द्वारा उपयोग किए गए मोबाइल फोन बरामद किया गया है। सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि बीते 14 जून को लावालौंग थाना क्षेत्र के पोटम जंगल से एक छात्र का क्षत विक्षत शव बरामद किया गया था। जिसकी पहचान पोटम निवासी के रूप में हुई थी। मृतक छात्रा के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने की आशंका जताई जा रही थी। इस बाबत लावालौंग थाना में 15 जून को अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एसडीपीओ ने बताया कि कांड का त्वरित अनुसंधान व उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देशानुसार मेरे नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था। गठित एसआईटी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 48 घंटे के भीतर कांड में संलिप्त अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि अभियुक्त द्वारा घटना को अंजाम देने में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। इसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त किए गए पत्थर, मृतक छात्रा का वस्त्र चप्पल और अभियुक्त द्वारा घटना में उपयोग किया गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ के अलावा लावालौंग थाना प्रभारी बमबम कुमार, सिमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार, एसआई रोहित कुमार, प्रकाश सेठ और लावालौंग थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# प्रभात मंत्र




## संक्षिप्त खबरें

### विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा राव ने भैया/ बहनों को किया संबोधित

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , मालवीय मार्ग,हजारीबाग में विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री, ब्रह्मा राव का आगमन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ब्रह्मा राव विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष नवल किशोर कर्ण, कोषाध्यक्ष पंकज जायसवाल, अभिभावक प्रतिनिधि अशोक कुमार मल्लिक , कुम्हार टोली संकुल के संकुल संयोजक दिनेश कुमार मिश्र एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मालवीय मार्ग के प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं मां भारती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया द्य इस अवसर पर मुख्य अतिथि को विद्यालय प्रबंध कारिणी के अध्यक्ष ने उन्हें अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### रामगढ़ में पंजाब रेजीमेंट सेंटर में 111 नव प्रशिक्षित जवानों की अटेस्टेशन परेड का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ में पंजाब रेजीमेंट सेंटर रामगढ़ में शनिवार को किलाहारी ड्रिल सक्कायर में अटेस्टेशन परेड का आयोजन किया गया । इसमें सेंटर की अग्निवीर-1 कोर्स के 111 रिक्रूटस ने भाग लिया । भर्ती हुए प्रशिक्षुओ ने 24 सप्ताह का चुनौतीपूर्ण व कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत दुश्मन से लोहा लेने के लिए तैयार हुए ।जवानों ने पवित्र श्रीमदभागवत गीता और गुरु ग्रंथ साहिब को साक्षी मानकर व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के समक्ष मरते दम तक देश व रेंजीमेंट के लिए देश सेवा करने की शपथ ली।

### रामगढ़ के सिख रेजीमेंट सेंटर में 271 नव प्रशिक्षित जवानों का कसम परेड का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ के सिख रेजीमेंट सेंटर में 271 नव प्रशिक्षीत अग्नि वीरों को कसम परेड के बाद गुरु ग्रंथ साहिब को साक्षी मानकर देश सेवा की शपथ दिलाई गई। सभी अग्निवीरों को सिख रेजीमेंट सेंटर में 6 महीने तक कठिन प्रशिक्षण दिया गया है। ये सभी अग्नि वीर अब देश सेवा के लिए तैयार हो गए हैं। शपथ ग्रहण समारोह के बाद अग्नि वीरों में देश सेवा के लिए गजब का उत्साह देखा जा रहा है। कसम परेड के दौरान सैनिक धुन के बीच अग्नि वीर जवानों का कदमताल और परेड देखने लायक था । बताया गया कि इन सभी नव प्रशिक्षित अग्नि वीरों को देश के विभिन सीमाओं पर तैनात किया जाएगा।यह अग्निवीरों का पहला बैच है।

### कुष्ठ रोग खोज अभियान के तहत उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत कुष्ठ रोग खोज अभियान के तहत शनिवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ से रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया।बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 15 जून से 28 जून तक कुष्ठ रोग खोज अभियान चलाया जाना है जिसके तहत सहियाओं द्वारा घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान एवं उनके इलाज हेतु आगे की कार्रवाई की जाएगी साथ ही उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग का इलाज पूरी तरह से निशुल्क होता है व सरकार द्वारा दवाइयां भी निशुल्क रूप से रोगियों को उपलब्ध कराई जाती है। मौके पर उप विकास आयुक्त ने सिविल सर्जन के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए वहीं उप विकास आयुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित अन्य अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए जिले में शत-प्रतिशत कुष्ठ रोगियों की पहचान करने एवं उनके इलाज हेतु आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने कुष्ठ को खत्म करने में आम जनों के योगदान के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से सभी अधिकारियों को कुष्ठ उन्मूलन शपथ दिलाई।

### पल्स पोलियो अभियान के तहत हुआ बैठक का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पल्स पोलियो अभियान के तहत शनिवार को उप विकास आयुक्त श्री रॉबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम WHO से डॉ अमोल द्वारा पीपीटी के माध्यम से, पोलिओ, खासरा एवं रुबेला, नियमित टीकाकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार द्वारा उप विकास आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी कि पल्स पोलियो अभियान 2 जुलाई से 4 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान प्रथम दिन यानी 2 जुलाई को अभिभावक बूथ पर जाकर अपने बच्चे को पोलियो की खुराक पिला सकते हैं वही 3 एवं 4 जुलाई को सहियाओं व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले के लगभग 1लाख 72 हज़ार 146 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जानी है। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सिविल सर्जन एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को पल्स पोलियो अभियान को रामगढ़ जिले में सफल बनाने के मद्देनजर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने माइक्रो प्लान बनाकर योजनाबद्ध तरीके से शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का निर्देश दिया ।

## जम्बुआ जंगल में पेड़ो की कटाई लापरवाही या साठगांठ का नतीजा ?



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** पर्यावरण की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाने वाले हरे-भरे पेड़- पौधे तमाम कवायदों के बाद भी दिन प्रतिदिन अवैध रूप से काटे जा रहे हैं।वन विभाग के वनपाल टाटीझरिया बीट के संजीत दास की घोर लापरवाही या मिलीभगत का नतीजा है,जिससे विष्णुगढ़ बीट के सीमा वर्ती होने के कारण टाटीझरिया बीट के सिपाही को वन की सुरक्षा एवं देखरेख में देर होती है,जिसका फायदा उठाया जाता है ।वनपाल संजीत दास अगर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करते तो विष्णुगढ़ बीट के सिपाहियों से समन्वय स्थापित कर इस तरह से पेड़ो की कटाई को रोका जा सकता था । प्रतीत होता है,जैसे वनपाल संजीत दास की भूमिका भी संदेह के घेरे में है । वन में पेड़ो की कटाई रात के अंधेरे में तो छोड़िए दिन के उजाले में बेख़ौफ़ जारी है,हरे भरे सखुआ के पेड़ो की कटाई जारी है। अधिकांश उजड़ चुके वन में पौधारोपण व पेड़ों का संरक्षण इन जैसे अधिकारियों की बूते की बात नही। उपरोक्त वन की कटाई सोतिया नदी के ऊपर स्थित जम्बुआ जाने वाले रास्ते के दोनों किनारों में स्थित जंगलों का है। वनकटुओ के हौसले इतने बुलंद है,कि यह वन विभाग की आंखों में धूल झोंक कर या वन अधिकारी से साठगांठ कर अवैध कटान को प्रत्येक दिन अंजाम दे रहे हैं। प्रातः भ्रमण में निकले कुछ युवकों की नजर जब कटे हुए कुछ पेड़ो पर पड़ी तो इन युवकों को काफी निराशा हुई। इन लोगो ने बताया कि बहुत सारे पेड़ का कटा हुआ हिस्सा जंगल मे ही छोडा हुआ मिला। संलिप्त लोग जंगलों में पेड़ों को काटकर इसी तरह छोड़ देते है,और सूखने के पश्चात कटी लकड़ी को ले जाते हैं। कुछ दिन पूर्व भी इस तरह की खबरें समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया था। लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा अबतक इस क्षेत्र के तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया और अभी भी इन जंगलों में पेड़ों-पौधों की कटाई निरंतर जारी है,अगर यह सिलसिला निरंतर चलता रहा तो फिर आने वाले दिनों में ये हरा-भरा दिखने वाला ये जंगल पूरी तरह से खत्म हो जायेगा और शेष कुछ भी नहीं बचेगा फिर लोग शुद्ध हवा-पानी के लिए तरस जाएंगे। उपरोक्त वन के पेड़ो की कटाई के मामले में सिपाही मो.असलम ने जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग के द्वारा जमुआ सुरक्षित वन मे अवैध पातन के विरुद्ध अभियुक्तों के ऊपर की गई कानूनी कारवाई - इस संबंध मे वनकर्मीयों के द्वारा अवैध पातन की सूचना मिलते ही जमुआ वन गस्ती कर जंगल मे कटे लकडियो को चिंहित करते हुए इसमें संलिप्त अभियुक्तों चमेली देवी,उर्मिला देवी,मीना देवी,लीलावती देवी, चिन्ता देवी, आदि की पहचान कर उनके विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 के विरुद्ध कार्यवाई की गई है उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध पूर्व मे भी कारवाई की गई थी।

## चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने बाजार समिति के सचिव से मुलाकात की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ चेम्बर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल आज चेम्बर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व मे रामगढ बाजार समिति के सचिव मोहम्मद वसीम अहमद से मुलाकात की एवम बाजार समिति की अनेक समस्याओ जैसे सडक, बिजली, दुकानों की मरम्मत किराया,फल एवं सब्जी के विक्रेताओं की समस्याओं के संबंध मे विस्तृत जानकारी देते हुए इन समस्याओ के जल्द से जल्द समाधान की मांग की। सचिव द्वारा इन समस्याओ को जल्द सुलझाने का आश्वासन एवं बाजार समिति के व्यवसायियों से दोस्ताना व्यवहार स्थापित करने का आश्वासन दिया गया एवं भविष्य व्यापारियों के किसी भी तरह की समस्या होने पर उसका सभी समाधान यह जाने का भरोसा दिलाया।

## आजसू पार्टी करेगी 22 जून को संकल्प दिवस का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में एक आवश्यक बैठक की गई । इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी एवं संचालन जिला प्रधान सचिव अनुज तिवारी ने किया।जिमसें मुख्य रूप से केन्द्रीय सचिव विजय साहू,नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 22 जून को आजसू पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी संकल्प दिवस के रूप में मनाएगी।मौके पर विजय साहू ने बताया कि आजसू पार्टी केंद्रीय कमिटी के निर्देशानुसार झारखंड के सभी 81 विधानसभा में विधानसभा स्तरीय संकल्प दिवस मनाया जाएगा जिसमे रामगढ़ जिला अंतर्गत रामगढ विधानसभा के लिए जिला कार्यालय में आयोजित की जाएगी

जिसके मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट विधायक अतिथि सुनीता चौधरी,बड़कागांव विधानसभा के लिए पतरातू आवसीय कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसके मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव विजय साहू,मांडू विधानसभा के लिए रांची रोड मरार कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसके मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जीप सदस्य नरेश महतो उपस्थित होंगे।

## अरगड्डा झोपड़ी में सरना स्थल पर झंडागड़ी पूजा आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिरका :** अरगड्डा झोपड़ी के सरना स्थल पर शनिवार को जय सरना ट्रस्ट के द्वारा झंडागड़ी पूजा कार्यक्रम आयोजित हुई। इसकी अगुवाई ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मगुरु कृष्णा उरांव ने विधिवत किया। अवसर पर बताया गया कि प्रकृति की पूजा करने से वातावरण संतुलन, बच्चों की पढ़ाई लिखाई, धर्म संस्कृति का ज्ञान देकर अपने हक अधिकार और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा बतानी चाहिए। सभी ने इससे पूर्व डाड़ी से कलश में जल लेकर मांदर की थाप में थिरकते हुए सरना स्थल पहुंचे। मौके पर समाजसेवी दीपक उरांव, पाहन बेचैन उरांव, पाहन रथु उरांव, पाहन सुखदेव बेदिया, पाहन अभय उरांव, पाहन सुरेश उरांव, पाहन एतवा उरांव, पाहनाइन मंजू उरांव, पाहनाइन सुनीता उरांव, केंद्रीय सदस्य निशा उरांव, संजय उरांव, पाहन विवेक करमाली, पाहन हरश, नेहा, निक्की, संध्या, विक्की, रूबी, प्रीति, शांति, संगीता समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी का विधानसभा स्तरीय स्थापना दिवस पतरातू में मनाने को लेकर की गई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** आजसू पार्टी का बैठक गुरुचट्टी स्थित कार्यालय में किया गया। जिसकी अध्यक्षता आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा व संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को पतरातु प्रखंड में संकल्प दिवस के रूप में धूम धाम से मनाया जाएगा। प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने बताया कि स्थापना दिवस मनाने को लेकर 22 जून को सुबह 9ः00 बजे पार्टी कार्यालय से पतरातू जाने का निर्णय लिया गया है। आगे कहा कि क्षेत्र के विकास एंव सुरक्षा , गरीबों की भूख मिटाने, विस्थापितों के हक व अधिकार के लिए पार्टी की स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। स्थापना दिवस कार्यक्रम में बड़कागांव प्रखंड से भारी संख्या में आजसू कार्यकर्ता भाग लेंगे। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, संतोष कुमार सिन्हा, राजेश महतो, वीरेंद्र यादव, वीरेंद्र कुमार महतो, बुटन करमाली, नागेश्वर तुरी, नारायण प्रसाद, सुनील कुमार, राथो गंझू आदि उपस्थित थे।

# बीच डैम में फंसे एसपी

### राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता शुरू होते ही मची अफरातफरी, बोट पलटा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** हजारीबाग स्थित बरही के जवाहर घाटी स्थित तिलैया डैम में ड्रैगन बोट एसोसिएशन झारखंड की ओर से 11वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ. इसी बीच अफरातफरी मच गई. ट्रायल में ही एसपी नाराज हो गए. दरअसल बोट में तेल कम होने से ट्रायल के दौरान बोट बीच डैम में ही बंद हो गया. भीषण गर्मी और कड़ी धूप में एसपी सहित सभी अतिथि बीच डैम में करीब आधे घंटे तक तेल का इंतजार करते रहे. परंतु तेल नहीं आया. किसी प्रकार बोट को पतवार की मदद से किनारे लाया गया.

**बरही पुलिस की मदद से बाहर आए अतिथि :** बाहर आने के लिए पंजाब टीम के एक खिलाड़ी से मदद मांगी गई, जिसे वह नजरंदाज कर दिया. किसी प्रकार इंस्पेक्टर और बरही पुलिस की मदद से एसपी, एसडीपीओ सहित सभी बोट से बाहर आए. वहां से एसपी व एसडीपीओ पैदल चलकर सीधे अपने वाहन तक पहुंचे. इस कुव्यवस्था से नाराज एसपी ने प्रबंधन को अनुशासनहीनता के लिए कड़ी फटकार लगाई और उस खिलाड़ी पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

**कड़ी धूप में फंसे एसपी समेत सभी अतिथि :** इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन एसपी मनोज रतन चौथे सहित एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नारियल फोड़कर किया. ट्रायल बोट डेमो में एसपी चौथे, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, एसोसिएशन के ईस्ट जोन चेयरमैन आदि ने भाग लिया. इस दौरान बीच डैम में ही एसपी समेत सभी पदाधिकारी फंस गए थे.

**डेमो में हरियाणा और पंजाब की टीम का ड्रैगन बोट पलटा :** राष्ट्रीय ड्रैगन स्पर्धा की शुरुआत डेमो के मैच के साथ प्रारंभ हुआ. इसमें हरियाणा और पंजाब की टीम का ड्रैगन बोट पलट गया. वहां मौजूद अन्य खिलाड़ियों ने डूब रहे खिलाड़ियों को किसी प्रकार बचाया. जोखिम भरी इस प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं दिखी. आपात स्थिति से बचाने के लिए एनडीआरएफ भी मौजूद नहीं थी.

**पीने को पानी है न शौचालय, खिलाड़ियों में प्रबंधन को लेकर दिखा आक्रोश :** आयोजको ने बताया कि स्पर्धा में भाग लेने के लिए यूपी, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, बंगाल, ओडिशा, दिल्ली समेत कुल 19 राज्य से महिला और पुरुषों की टीम पहुंची है. इनमें कई खिलाड़ियों में व्यवस्था के प्रति घोर नाराजगी दिखी. पेयजल और शौचालय के लिए पानी की घोर कमी देखने को मिली. हिमाचल के खिलाड़ी जासिया ने बताया कि तापमान भी अधिक है और पानी बिजली की घोर समस्या है. हरियाणा की महिला टीम ने पीने के पानी की शिकायत की. कमोबेश सभी खिलाड़ियों में प्रबंधन को लेकर आक्रोश दिखा.

**जानिए आयोजकों ने क्या कहा :** आज सिर्फ डेमो और ट्रायल है, कल से सभी कमियां दूर कर ली जाएंगी. स्पर्धा के लिए तीन ड्रैगन बोट सहित अन्य रेस्क्यू बोट, लाइफ जैकेट आदि का इंतजाम किया गया है.

### मदरसे की छत की ढलाई में लोगों ने किया आर्थिक सहयोग

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मदरसा पंजतन पाक वलीउल्लाह डाड़ीकलां की छत के ढलाई की गई। ढलाई कार्यक्रम में डाड़ी कला एवं प्रखंड के कई प्रबुद्ध मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए एवं अपना बहुमूल्य योगदान दिया। इस दौरान लोगों ने श्रमदान के साथ साथ स्वेक्षा से ढलाई के लिए आर्थिक सहयोग किया। ढलाई के दौरान बड़कागांव युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू , पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र के प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, मोहम्मद जहीरुद्दीन , मोहम्मद शहादत हुसैन, मोहम्मद अनवर अली, कुतुब रब्बानी, मोहम्मद वाहिद अली, सैयद दानिश गनी, मोहम्मद तारिक, जैकी अंसारी, राजा अंसारी, समीम अंसारी, मुख्तार अंसारी, अयूब अंसारी के सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### विष्णुगढ़ में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वरिष्ठ नागरिक सेवा केंद्र, विष्णुगढ़ के द्वारा विष्णुगढ़ प्रखण्ड सभागार भवन में सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा कार्यक्रम के तहत यातायात नियमों के लिए जागरूकता अभियान चलाया । सड़क सुरक्षा,जीवन रक्षा जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार की मौजूदगी में की गई । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ नागरिक सेवा केंद्र के ऋत्विक मिश्रा ने किया । कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार,अंचलाधिकारी रामबालक कुमार,थाना प्रभारी रामनारायण सिंह,चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह,यातायात सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार,बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव का वरिष्ठ नागरिक सेवा केंद्र के द्वारा पुष्प माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया । कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों के बीच यातायात से जुड़े नियमो के बारे में प्रश्न किया गया,प्रश्न का सही उत्तर देने वाले लोगो के बीच पुरुस्कार स्वरूप हेलमेट एवं चॉकलेट का डब्बा दिया गया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश लोगों की दुखद मृत्यु हो जाती है,अगर लोग सही तरीके से लोग यातायात नियमो का पालन करें तो इस आंकड़े को बहुत कम किया जा सकता है। शराब एवं मोबाइलबीके इस्तेमाल की वजह से भी दुर्घटना में बढ़ोतरी हुई है, आप अपनी सजगता एवं यातायात के नियमो का पालन कर अपना एवं अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित रख सकते है। आप सबो को जानकर बड़ी हैरानी होगी कुछ वाहन मालिक चंद रुपयों की बचत के लिए गलत ढंग से अपने वाहन का इन्सुरेंस कराते है, अभी हाल की घटना एक उदाहरण है,टाटीझरिया में तीर्थयात्रियों से भरी बस पुल के नीचे गिर गई जिसे कई लोगो की जान चली गई , जाँच करने पर बस मालिक ने अपनी बस का इन्सुरेंस ट्रक का करवाया था, जिसकी वजह से यात्रियों को इन्सुरेंस के लाभ से पीड़ित के परिवार वंचित हो गए, और वाहन मालिक पर क्षति पूर्ति के भी अतिरिक्त दबाव बढ़ गया। इस लिए आप सब अपने वाहनों का सही से इन्सुरेंस करवाये ताकि किसी दुर्घटना की स्थिति में पीड़ित अथवा स्वम् को लाभ मिल सके।अभिभावकों से अनुरोध होगा आप अपने बच्चो को वाहन ना दें ताकि वो दुर्घटना से बचे इस स्थिति में पकड़े जाने पर 25000 हजार ? जुर्माना एवं तीन महीने की सजा का प्रावधान भी है। सड़क दुर्घटना में मदद करने वालो को सरकार इनाम स्वरूप कुल सात हजार रुपये दिए जाते है । इस मौके पर मुख्य रूप से सुरेन्द्र मिश्र,अब्बास अंसारी,पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी,पंसस मुन्नी देवी,मुखिया लक्ष्मी कुमारी,राजेश प्रसाद,सन्तोष कुमार,शरीफ इकबाल,अरविंद कुमार,राजू श्रीवास्तव, ओमकार नाथ शर्मा,पवन प्रताप सिंह,अनुराग बर्मन,गणेश कुमार,प्रदीप कुमार महतो,राजेश मण्डल,माही पटेल,सुनील कुमार अकेला,वरुण कुमार,बबलू कुमार,चुन्नू लाल सोरेन,अरविंद लहकार ,के अलावा जेएसपीएल की सदस्य समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अदाणी फॉउंडेशन ने शुरू किया मुफ्त नेत्र जांच शिविर, निःशुल्क चश्मे का होगा वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने शनिवार को हरली स्थित पंचायत भवन में मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चों के आंखों की जांच की गयी। मौके पर हजारीबाग के नेत्र चिकित्सक परिमल पीयूष ने ग्रामीणों को आवश्यक परामर्श दिए। अब इन मरीजों को अगले शिविर में मुफ्त चश्मा प्रदान किया जाएगा। आने वाले महीनों में अदाणी फॉउंडेशन की ओर से विभिन्न गावों में कुल दस मुफ्त नेत्र शिविर लगाए जाएंगे और डॉक्टर की सलाह पर मरीजों को आवश्यक दवाईयां और चश्मा निशुल्क प्रदान किया जाएगा। इससे पहले इस शिविर के प्रचार-प्रसार को लेकर एक जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ ग्रामीणों को आने वाले दिनों में लगने वाले मुफ्त शिविर की जानकारी देगा। इस अवसर पर गाली, गोंदलपुरा और बलोदर के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे। ग्रामीणों ने कि अदाणी फॉउंडेशन अपने अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार ग्रामीणों को मदद पहुंचा रही है, जो स्वागतयोग्य है। कार्यक्रम के अवसर पर खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, उप महाप्रबंधक संजय कुमार, सेवानिवृत डीएसपी सूर्यकुमार सिंह, वरीय प्रबंधक भीखम सिंह और सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता आदि मौजूद थे।

## एनसीसी कैडेट्स रक्तदान जरूर करें : कर्नल हरमीत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** 22 झारखंड बटालियन एनसीसी की ओर से दिन शनिवार को वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ 22 झारखंड बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल हरमीत सिंह द्वारा रक्तदान करके किया गया, तत्पश्चात प्रशासनिक पदाधिकारी ले0 कर्नल एंटोनी एच सिलबम, बीएचएम हवलदार चमन सिंह, सीएचएम पाल सिंह, हवलदार जोगराज, हवलदार सुरेंद्र कुमार, एलडीसी मोहम्मद अबू सुफियान, सीटीओ संपा गुरु सहित संत कोलंबा कॉलेज, मारखम कॉलेज एवं अन्नदा कॉलेज के 50 से अधिक एनसीसी कैडेट्स ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया।

मौके पर झारखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी की और से सभी लोगों को कैप देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल हरमीत सिंह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि, रक्तदान एनसीसी के सामाजिक जागरूकता का महत्वपूर्ण अंग है। आपका दान किया हुआ रक्त किसी की जान बचा सकता है, क्योंकि रक्त किसी प्रयोगशाला में नहीं बनाया जा सकता है। आज देश में रक्त की जरूरत है उतना ब्लड बैंक में उपलब्ध नहीं है, आप स्वयं भी रक्तदान करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सिंह ने शिविर में सहयोग प्रदान करने के लिए वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन महासचिव विनीत छाबड़ा, टेक्नीशियन मोकिम अख्तर ,निहाल राज ,गोपाल प्रसाद ,अजीत कुमार ,आकांक्षा ,आशुतोष, विशाखा एवं जॉनसन एंड जॉनसन के जैनेंद्र कुमार को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# रामगढ़ की ऐतिहासिक धरती पर भाकपा का दो दिवसीय राज्य परिषद की बैठक आरंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के नईसराय में स्थित क्षत्रिय धर्मशाला के सभागार में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड परिषद की दो दिवसीय बैठक आरंभ हुई। जिसकी अध्यक्षता झारखंड प्रदेश भाकपा परिषद के सचिव महेंद्र पाठक ने किया।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड डी राजा, राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर भालचंद्र कांगो, डॉक्टर के नारायणा,पूर्व सांसद नागेंद्र नाथ ओझा ,पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता राज्य परिषद की बैठक में मौजूद हैं। भाकपा के राष्ट्रीय नेताओं को दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ रांची से शेख भिखारी उमराव सिंह के सहादत स्थल, सुभाष चंद्र बोस एवं महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सैकड़ों सैकड़ों मोटरसाइकिल की जुलूस के साथ कार्यक्रम स्थल नईसराय क्षत्रिय धर्मशाला लाया गया। जहां पर साथियों ने जोरदार स्वागत किया। गगनभेदी नारों के साथ कामरेड डी राजा को स्वागत किया।मंच पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ,राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, अजय कुमार सिंह, जिला सचिव विष्णु कुमार, नेमन यादव ,नगर सचिव संजय गोयनका, धर्मवीर सिंह, महादेव राम, सहित कई नेताओं ने अपने नेता को 51 किलो का माला पहना कर स्वागत किया। झारखंडी परंपरा के अनुसार अन्य वस्त्र देकर कई साथियों ने सम्मानित किया।

शहीद मजरुल हसन खान फाउंडेशन ने भी अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता मजदूर नेता लखन लाल महतो ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में लोगों को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने कहा कि देश में मोदी की सरकार जब से आई है।।देश में करोड़ों लोगों को रोजगार से वंचित होना पड़ा। प्रत्येक वर्ष दो करोड़ लोगों को रोजगार की वादा करने वाली सरकार प्रत्येक वर्ष करोड़ों लोगों की रोजगार छीन रही है ।

## शेख तैयब ने किया विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत शनिवार को करगालो पंचायत के कोंडरागढ़ा मे पांच दिन पूर्व विद्युत ट्रांसफार्मर जल कर खराब हो गया था। जिससे इस चिलचिलाती गर्मी धूप से लोग काफी परेशान हो गए थे।इसकी सूचना विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद् सदस्य शेख तैयब को मिली उन्होंने त्वरित पहल करते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर तीन दिनों के अंदर 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर में उपलब्ध कराया जिसके बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।वही स्थानीय लोगों ने कहा कि इस भीषण गर्मी में हमलोग पांच दिनो से परेशान थे। जिप सदस्य की सक्रियता से आज हमलेगों को नया ट्रांसफार्मर मिल गया।जिससे लोग राहत महसूस कर रहे हैं। इस नेक कार्य के लिए हम सभी ग्रामीण जनता जिप सदस्य शेख तैयब का आभार व्यक्त व्यक्त करते हैं।इस मौके पर प्रमुख रूप से हरिश्चन्द्र प्रजापती, अशोक महतो, लाखो साव, पुरण साव , रामेश्वर साव, जोधन साव समेत दर्जनों की संख्या मे महिला पुरुष मौजूद थे।

## ट्रक ने दुपहिया वाहन सवार को मारी टक्कर, एक की मौत

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत भेलवारा में सड़क पर ट्रक ने एक व्यक्ति को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। यह भीषण सड़क दुर्घटना शनिवार सुबह दस बजे की है।जानकारी के मुताबिक प्रखंड अंतर्गत बक्सपुरा निवासी 32 वर्षीय पिंटू पासवान और पिता 60 वर्षीय मोहन पासवान, पिता बंधन पासवान दोनो ने अपनी टीवीएस लूना गाड़ी नं. जेएच 02 बीएल 8264 से मत्स्य विभाग कार्यालय हजारीबाग जा रहे थे। इसी बीच भेलवारा के पास विपरीत दिशा और तेज रफ्तार से आ रही ट्रक वाहन निबंधन संख्या जेएच13इ 3517 ने टीवीएस लूना वाहन को सामने से जोरदार धक्का मार दिया। जिससे टीवीएस लूना चला रहे पिंटू पासवान सड़क के कुछ दूर में जा गिरा और उसके पीछे बैठे मोहन पासवान को सड़क पर रौंदेते हुए ट्रक वाहन ऊपर से निकल गया।जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि हेलमेट पहने रहता तो मृतक की जान बच सकती थी।वही 32 वर्षीय पिंटू पासवान को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। इस घटना की जानकारी आसपास के ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस बल घटनास्थल पहुंचकर शव और ट्रक वाहन को कब्जे में ले लिया है।वही मौके से ट्रक वाहन के चालक घटना के बाद भागने में सफल रहा।इधर मृतक के शव को विष्णुगढ़ पुलिस ने अंतपरीक्षण के लिए हजारीबाग सदर हॉस्पिटल भेज दिया है।

## शादी समारोह में शामिल युवक की हुई थी हत्या, मामले का उद्भेदन

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोरहर पुलिस ने दो युवक को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।इस बाबत गोरहर थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। जिसमें उन्होंने कहा है कि 08जून 2023 को चरका मरांडी पिता स्व0 बाबू राम मरांडी के लिखित आवेदन पर गोरहर थाना कांड संख्या 27/23 के तहत अंकित किया गया था।जिसमें उन्होंने आंशका जताई थी की मेरे पुत्र श्याम सुंदर मरांडी की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। पुलिस ने कांड के अनुसंधान के क्रम में पाया की श्याम सुंदर मरांडी की मौत सड़क दुर्घटना में नहीं हुई है इनकी मौत शिबू बास्के पिता रामेश्वर बास्के ग्राम डूमरडीहा निवासी,कृष्णा हेंब्रोम पिता सीताराम हेंब्रोम बाराडीह निवासी के द्वारा हत्या की गई है। साथ ही पुलिस ने कांड का खुलासा किया की 07 जून की रात्रि अपने घर महूआ टांड से मृतक श्याम सुंदर मरांडी ने अपने चार दोस्तों के साथ शादी समारोह में शामिल होने ग्राम डुमरडिहा थाना बरकट्ठा बाइक से गया था। घटना की रात्रि को अपने प्रेमिका से मिलने बगल के जंगल में मिलने पहुंचा। वहीं पर चारों लड़कों में से एक बुन्दीलाल हेम्ब्रम, ग्राम- डुमरडीहा की एक लड़की जिसे वह काफी दिनों से जानता था। तभी वहां लड़की का चचेरा भाई पहुँच गया तत्पश्चात बुन्दीलाल हेम्ब्रम वहाँ से भाग गया और अपने दो साथी श्याम सुन्दर मरांडी एवं सुरेन्द्र से संपर्क कर मोटरसाईकिल मंगवाया और खुद उस मोटरसाईकिल को चलाने लगा तथा बीच में सुरेन्द्र एवं सबसे पीछे श्याम सुन्दर मरांडी बैठ गया। लड़की का चचेरा भाई अपने एक साथी के साथ एक मोटरसाईकिल से बुन्दीलाल हेम्ब्रम का पीछा करने लगा। लड़की के चचेरा भाई के हाथ में एक टाँगी था। इचाक बंडासिंगा मार्ग के बीच ग्राम बाराडीह के समीप लड़की के चचेरा भाई ने बुन्दीलाल हेम्ब्रम के मोटरसाईकिल में सबसे पीछे बैठे श्याम सुन्दर मरांडी के सिर में टाँगी से जोर से मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जिससे श्याम सुन्दर मराठी वहीं सड़क पर गिर गया तथा उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। अनुसंधान के क्रम में कांड का उद्भेदन करते हुए आरोपी शिबू बास्के पिता रामेश्वर बास्के ग्राम डूमरडीहा निवासी, कृष्णा हेंब्रोम पिता सीताराम हेंब्रोम ग्राम बाराडीह निवासी ने अपने-अपने अपराध को स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों आरोपी को शनिवार को जेल भेज दिया।

## 27 जून को प्रधानमंत्री पटना से रांची वंदे भारत ट्रेन को हरी हरी झंडी दिखाकर राष्ट्र को समर्पित करेंगे : जयंत सिन्हा

**हज़ारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केंद्र सरकार के ऐतिहासिक 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।मौके पर प्रदेश प्रवक्ता सुबोध सिंह,हज़ारीबाग जिलाध्यक्ष अशोक यादव,रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता मुख्य रूप से उपस्थित थे।मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने मोदी सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं व हज़ारीबाग में हुए विकास कार्यों को बतलाया।सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि 27 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पटना से वन्दे भारत ट्रेन को हरी झण्डी दिखा कर राँची के लिए रवाना कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे।वन्दे भारत विश्वस्तरीय ट्रेन है।आत्म निर्भर भारत का स्वर्णिम उदाहरण है।उसके बाद इण्टरसिटी एक्सप्रेस कोडरमा से राँची जाएगी फिर वापस भी आएगी।जयंत सिन्हा ने कहा कि बनारस से कलकत्ता चार घंटे में आने वाले दिनों में एक्सप्रेस वे बनने जा रही है।मोदी के नेतृत्व में 9 वर्षों में हज़ारीबाग का कायाकल्प हुआ है। मेडिकल कॉलेज व अस्पताल, पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट, रेलवे, अक्षयपात्रा रसोईघर, भारतीय कृषि अनुसन्धान केंद्र, साईं स्पोर्ट्स सेंटर,बिनोबा भावे विश्वविद्यालय स्थित ट्राइबल स्टडीज सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्र जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं क्षेत्र में आयी हैं।जयंत सिन्हा ने कहा कि हज़ारीबाग अब रेलवे के क्षेत्र में इतिहास रचने जा रहा है। रांची-कोडरमा रेलखंड का निर्माण होने से अब हज़ारीबाग से लम्बी दूरी की ट्रेनों का संचालन हो सकेगा। वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक ट्रेन जून माह के अंतिम सप्ताह से चालू हो जाएगी।हज़ारीबाग से होकर गुज़रेगी। 12 जून को इसका ट्रायल हो चुका है।इसके शुरू होने से यात्री हजारीबाग से रांची 2 घंटे व पटना 3.50 घंटे में पहुंच पाएंगे। इस रेलखंड का निर्माण 3800 करोड़ की लगत से 20 वर्षों में हो पाया है। दुर्गम पहाड़ियों के बीच सुरंग बनाना बेहद कठिन काम था, जिस कारण इस परियोजना में समय लगा। यह काम पूरा हो गया है और अब इस रूट पर सुपरफास्ट ट्रेन चल सकेंगी क्योंकि मोदी हैं तो मुमकिन है।सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि हज़ारीबाग मेडिकल कॉलेज बनने से स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रान्ति आयी है। अब लोगों को बेहतर इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।क्षेत्र में स्वास्थ्य सम्बन्धी हर सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है ताकि जनता को असुविधा न हो।आज बच्चे, महिलाओं, युवाओं व बुज़ुर्गों को हर जरुरी सुविधा दी जा रही है।संत कोलम्बस कॉलेज के लिए जरजर छात्रावास को पुनर्निर्माण डीएम्फटी मद योजना से किया जाएगा आगामी 26 जून को डीएम्फटी की बैठक में इस प्रस्ताव को पारित किया जायेगा ।

## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा।

### वेद-व्यास आवास निर्माण हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, राँची के स्वीकृत्यादेश सं0 06 रा0 (वि0) दिनांक 06.06.2023 के द्वारा चतरा जिले के सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/मछुआ, जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने/मत्स्य ब्रिकी में सक्रिय रूप से जुड़े हैं, के लिए वित्तीय वर्ष 2023–24 में "वेद–व्यास आवास योजना" अंतर्गत शीर्ष समान्य 101 एवं अनूसूचित जाति 789 कुल – 39 इकाई आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त है, के आलोक में दिनांक 07.07.2023 तक कार्यालय कार्यावधि में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

उक्त आवास योजना के अन्तर्गत आर्थिक सहायता अनुदान की अधिकतम राशि मो0 1.20 लाख (एक लाख बीस हजार) रूपये मात्र प्रति आवास निर्धारित है।

**अहर्ताएँ :–**

1. आवास का निर्माण कलस्टर में किए जाने को प्राथमिकता दिया जाएगा।
2. सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/मछुआ जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधानों में मछली पकड़ने/मत्स्य ब्रिकी में सक्रिय रूप से जुड़े हों।
3. गरीबी रेखा के नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालक को प्राथमिकता दी जाएगी।
4. आवेदक द्वारा आवास निर्माण संबंधी आवेदन के साथ वर्त्तमान आवास का जियो टैगिंग फोटो संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. पूर्व में सरकारी आवासीय लाभ प्राप्त नहीं होने संबंधी शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. आवास निर्माण हेतु आवेदन के साथ अंचलाधिकारी स्तर से निर्गत भूमि–स्वामित्व प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. एक परिवार में एक आवास देय होगा।
8. ऐसे लाभुकों को दोबारा आवासीय लाभ नहीं दिया जायेगा जो पूर्व संचालित विभागीय वेद–व्यास आवास/मछुआ आवास योजना अथवा इन्दिरा आवास योजना या समतुल्य आवास/राज्य सरकार की आवास योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।

उपरोक्त शर्त्तों के अधीन चतरा जिला के इच्छुक एवं सुयोग्य मत्स्य पालकों/मछुआरों से दिनांक 07.07.2023 तक विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन का प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा में निःशुल्क उपलब्ध है।

**नोटः–त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरा आवेदन को रद्द/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।**

उप मत्स्य निदेशक
मत्स्य कार्यालय, चतरा।

PR 300354 (Fish) 23-24 (D)

## कार्यालय
## जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

### प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 610 दिनांक 27.05.2020 के आलोक में लोहरदगा जिला के मत्स्य कृशकों एवं मत्स्य पालकों को रोजगार के रूप में अपनाने हेतु सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में भारत सरकार के मात्स्यिकी, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा नई योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है ।

उक्त योजना का मुख्य लक्ष्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि तकनीकी, आधारभूत संरचना तथा मात्स्यिकी प्रबंधन द्वारा आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाना है । इस योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम लाभुक जनित है तथा इसमें केन्द्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त की राशि लाभुक अंशदान के रूप में लाभुक द्वारा स्वंय वहन किया जाना है । लाभुक जनित योजनाएँ निम्नांकित है :–

| क्र0 | योजना का नाम | ईकाई | ईकाई लागत (लाख में) | सरकार का अनुदानित राशि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सामान्य जाति (40%) | ST/SC/ Women (60%) |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 2 | स्कैम्पी हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 3 | नये रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | (हे0में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 |
| 4 | नये ग्रो आउट तालाब निर्माण | (हे0में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 |
| 5 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया पालन के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो तालाबों में) | हे0में | 4.00 | 1.60 | 2.40 |
| 6 | बायोफ्लोक तालाब का निर्माण (04 लाख प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | 5.60 | 8.40 |
| 7 | जलाशय में अंगुलिकाओं का संचयन @1000 अंगुलिकाएँ प्रति हे0 (3.00 लाख/एक लाख अंगुलिकाएँ हेतु) | हे0में | Rs @03/ Fingerling | Rs.@1.20/ Fingerling | Rs. @1.80/ Fingerling |
| 8 | बैकयार्ड सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली की रियरिंग ईकाई | सं0में | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 9 | मध्यम् आकार के सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग ईकाई | सं0में | 8.00 | 3.20 | 4.80 |
| 10 | समेकित सजावटी/रंगीन/अलंकारी मत्स्य ईकाई (ब्रिड़िग एवं रियरिंग) | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 11 | मीठे जल हेतु सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों के ब्रुड बैंक की स्थापना | सं0में | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 12 | मात्स्यिकी संबंधी मनोरंजक मत्स्य गतिविधियों को प्रोत्साहन (Promotion of Recreational Fisheries) | सं0में | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 13 | बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) ईकाई की स्थापना (कम से कम 90 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | सं0में | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 14 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उचाई के 50 टैंक वाले बड़े बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0में | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 15 | मध्यम् आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) ईकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 16 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उचाई के 25 टैंक वाले मध्यम् बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 17 | छोटे आकार आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) ईकाई की स्थापना (कम से कम 100 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 01 टैंक) | सं0में | 7.50 | 3.00 | 4.50 |
| 18 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उचाई के 07 टैंक वाले छोटे बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0में | 7.50 | 3.00 | 4.50 |
| 19 | बैकयार्ड मिनी आर0एफ0एफ0(रिर्सकुलैट्री एक्वाकल्चर सिस्टम) ईकाई की स्थापना | सं0में | 0.50 | 0.20 | 0.30 |
| 20 | जलाशयों में केज की अष्ठिापन | सं0में | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 21 | आर0एफ0एफ0/पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | हे0में | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 22 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज/बर्फ प्लांट निर्माण (10 टन क्षमता) | सं0में | 40.00 | 16.00 | 24.00 |
| 23 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज/बर्फ प्लांट निर्माण (20 टन क्षमता) | सं0में | 80.00 | 32.00 | 48.00 |
| 24 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज/बर्फ प्लांट निर्माण (30 टन क्षमता) | सं0में | 120.00 | 48.00 | 72.00 |
| 25 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज/बर्फ प्लांट निर्माण (50 टन क्षमता) | सं0में | 150.00 | 60.00 | 90.00 |
| 26 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) बर्फ प्लांट का आधुनिकीकरण | सं0में | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 27 | रेफ्रीजरेटेड वाहन | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 28 | इनसुलेटेड वाहन | सं0में | 20.00 | 8.00 | 12.00 |
| 29 | आईस बॉक्स के साथ मोटर–साईकिल, | सं0में | 0.75 | 0.30 | 0.45 |
| 30 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल | सं0में | 0.10 | 0.04 | 0.06 |
| 31 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा भी) | सं0में | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 32 | जीवित मछली बिक्री केन्द्र | सं0में | 20.00 | 8.00 | 12.00 |
| 33 | लघु फीश फिड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | सं0में | 30.00 | 12.00 | 18.00 |
| 34 | मध्यम् फीश फिड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | सं0में | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 35 | वृहत् फीश फिड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता) | सं0में | 200.00 | 80.00 | 120.00 |
| 36 | फीश फिड प्लांट (प्रतिदिन 100 टन उत्पादन क्षमता) | सं0में | 650.00 | 260.00 | 390.00 |
| 37 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहित) | सं0में | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 38 | फीश कियोस्क का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम सहित) | सं0में | 10.00 | 4.00 | 6.00 |
| 39 | मछली के मूल्य सवंर्धित उत्पाद की ईकाई (फीश वैल्यू एडेड इन्टरप्राइजेज) | सं0में | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 40 | मछली एवं मछली के उत्पादों की ई–ट्रेड़िग एवं ई–बाजार हेतु ई–प्लेटफॉर्म | DPR/SCP पर आधारित | | | |
| 41 | फीश डिजिज डायगोनेस्टीक एवं क्वालिटी टेस्टींग मोबाईल लैब/क्लीनिक (मछली बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता परखने हेतु प्रयोगशाला की स्थापना) | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 42 | फीश डिजिज डायगोनेस्टीक एवं क्वालिटी टेस्टींग मोबाईल लैब/क्लीनिक (मछली बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता परखने हेतु चलन्त प्रयोगशाला/क्लीनिक) | सं0में | 35.00 | 14.00 | 21.00 |
| 43 | Traditional Fisherman नाव तथा जाल के क्रय हेतु सहयोग | सं0में | 5.00 | 2.00 | 3.00 |
| 44 | प्रसार एवं सहयोग सेवाएँ (मत्स्य सेवा केन्द्र) | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 45 | Bivalve Cultivation (Pearl Culture) भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किए जाने पर | सं0में | 0.20 | 0.08 | 0.12 |
| 46 | आर्थिक रूप से कमजोर पारम्परिक मछुआरों हेतु मछली शिकारमाही पर प्रतिबंध के समय आर्थिक सहयोग | सं0में | केन्द्राश – 1500 रू0 + राज्याश – 1500 + लाभुक का अंशदान – 1500 = 4500 रू0 प्रति वर्ष | | |
| 47 | मछुआरों का बीमा | सं0में | बीमित द्वारा कोई प्रीमियम देय नहीं | | |

नोट– लाभुकों को अपने आवेदन में अंकित परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (**DPR**) अपने खर्च पर बनवाकर जमा करना होगा ।

उक्त योजना के अन्तर्गत लाभ लेने हेतु लोहरदगा जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृशकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में आवेदन 15.07.2023 तक आमंत्रित किये जाते है । आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है ।

NOTE : - प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना केन्द्र प्रायोजित योजना है, जिसमें योजना की ईकाई लागत में लाभुक को अंशदान पूर्व व्यय किया जाना है, उसके पश्चात् ही अनुदान की राशि भुगतान किया जाएगा । इस हेतु आवेदक/लाभुक को शपथ–पत्र देना होगा कि अपना अंशदान लगाने में सक्षम हूँ ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 300373 (Lohardaga)23-24*D

## झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।

### ई० प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

**T. Reference No. :- DWSD/KH-17/2022-23 (2nd Call)** **Date-17.06.2023**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| A) | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility in Khunti-(R), Murhu, Arki, Karra, Torpa and Rania Block under J.J.M | | | | |
| 1. | Itthe Group of SVS-2 under Murhu Block | 1,11,78,153/- | 224000/- | 10000/- | 9 Months |
| 2. | Kunjla Group of SVS under Murhu Block | 2,03,92,850/- | 408000/- | 10000/- | 9 Months |
| 3. | Ghunsuli Group of SVS under Karra Block | 1,22,28,132/- | 245000/- | 10000/- | 9 Months |
| 4. | Chanpi Group of SVS under Karra Block | 1,34,02,030/- | 269000/- | 10000/- | 9 Months |
| B) | Date of Tender Uploading on Website | 19.06.2023/05.00 PM. | | | |
| C) | Bid Submission Start Date | 19.06.2023/05.00 PM. | | | |
| D) | Bid Submission End Date | 26.06.2023/05.00 PM. | | | |
| E) | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 27.06.2023/02.00 PM. | | | |
| F) | Date of Opening of Tender | 28.06.2023/11.00 AM. | | | |
| G) | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | |
| H) | Name & Address of opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | |
| I) | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 | | | |
| J) | Helpline No. of e-procurement cell | 7717776462 | | | |

नोटः–विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।

PR 300384 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

## Khunti Nagar Panchayat

### Very Short RFP (Request for Proposal)
### 2nd Call

NIT: KNP/14/2023-24 Date 17.06.2023

Sealed Proposal from reputed Agency/Firms are invited for Overall upkeep, maintenance & repair etc for the following works:

| Sl No | Despriction of Package | Earnest Money ( in Rs.) | Tender Fee (In s.) | Minimum Annual Reserve Price (In Rs.) | Period Of Contract |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Operation and maintaince of Sanitation Park, Khunti | 25,000/- | 5,000/- | 2,50,000.00 | 2years |

Proposal shall be accompanied by the EMD of Rs. 25,000/- (Rupees Twenty – Five Thousand only) EMD shall be either in the form of a Bank Gurantee/ Bankers' Cheque/ FDR drawn in favour of Executive Officer, Nagar Panchayat Khunti and payble at Khunti. The EMD of Successful agency shal be returned on submission of Performace Bank Guarantee. The Performace Bank Guarantee (BG) shall be 5% of annual Contrct value as security Deposit.

Detailed Bid document can be purchased from the Office of Undersigned on any working day upto 28.06.2023 by 3:30 PM on payment of Tender Fee Rs. 5,000 (Rupees Five Thousand Only) (Non- Refundable) Through Demand Draft in favour of Executive Officer, Nagar Panchayat Khunti

The last date of submission of proposal in original along with EMD and Tender Fee is 28.06.2023 by 3:30 PM. The technical bid may be opened on 28.06.2023 at 4:00 PM at the office of Executive Ofiicer, Nagar Panchayat Khunti. Executive Ofiicer, Nagar Panchayat Khunti reserves the right to accept or reject an or all tenders in part or fulkl without assigning any reason thereof.

**SD/-**
**Executive Officer**
**Nagar Panchayat Khunti**

PR 300349 Urban Development (23-24)_D

## झारखण्ड सरकार,
## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग),
## जिला कृषि कार्यालय, सिमडेगा।

### आवश्यक सूचना

**जिले के कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्न प्रकार है:–**

| Company | UREA | DAP | MOP | SSP | Complex | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Ind./Imp. | Ind./Imp. | | | 20:20:0:13 | 12:32:16 | 16:16:16 | 14:28:00 |
| IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 1200.00 | - | - | - |
| NFL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| KFL/KRIBHCO | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | - | 645.00 | 1470.00 | - | - | 1550.00 |
| IPL | 266.50 | 1350.00 | 1700.00 | - | 1250.00 | | 1250.00 | |
| MATRIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| PPL | - | - | - | - | 1250 | - | - | - |
| SAI | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - |

नोटः– 1. यूरिया की प्रति बोरी 45 किलों के पैक में होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 किलों के पैक में होती है।

2. यदि किसी भी खुदरा उर्वरक विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिला कृषि कार्यालय में इसकी शिकायत की जा सकती है।

1. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 300327 (Agriculture) 23-24 (D)

## झारखण्ड सरकार,
## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग),
## जिला कृषि कार्यालय, सिमडेगा

### किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना
### उर्वरकों में डी0बी0टी0

जिले के सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि राज्य में उर्वरक (खाद) की बिक्री में (प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण) पूर्णरूपेण लागु होने के पश्चात् सभी पंजीकृत खुदरा उर्वरक विकताओं (Retailer) द्वारा अपने बिक्री केन्द्रों में उर्वरकों की बिक्री Point Of Sale (POS) मशीन, एंड्रायड फोन, डेस्कटॉप/लैपटॉप के माध्यम से हो रही है। किसान भाई उर्वरक खरीदते समय आधारकार्ड एवं मोबाईल अवश्यक ले कर जाएं। संपर्क रहित (Contactless) खरीदारी हेतु आधार कार्ड से लिंक मोबाईल OTP प्रणाली एवं भुगतान हेतु दुकान में लगे UPI-QR Code/Online Payment System का उपयोग करें। इस प्रणाली से भी किसानों को उर्वरक पूर्व की भांति सब्सिडी मूल्य में ही मिलेगी।

मुख्य लक्ष्य :–

1. किसानों को सूचना के साथ पारदर्शिता जिसमें वे System Generated Receipt मोबाईल पर SMS द्वारा प्राप्त करते है।
2. किसानों द्वारा रिटेर्लस (खुदरा विक्रेता) से Point Of Sale (POS) मशीन, एंड्रायड, फोन, डेस्कटॉप/लैपटॉप के माध्यम से उर्वरक की वास्तविक बिक्री होने के पश्चात ही सब्सिडी संबंधित उर्वरक निर्माताओं को निर्गत करना।
3. उर्वरक–बिक्री प्रणाली की बेहतर निगरानी एवं योजना प्रबंधन।

नोटः– किसान भाई अफवाहों से बचें। **POS** मशीन से आधार कार्ड के माध्यम से खाद खरीदने से न ही आपके बैंक एकाउन्ट से पैसे कटेगें और न ही दूसरी सरकारी योजनाओं के लाभ से आप वंचित होगें।

" आधार कार्ड और मोबाईल ले जाना है जरूरी, तभी होगी किसान के रूप में पहचान पूरी "

।। अब **POS** से खाद बिकेगी, पारदर्शिता बढ़ेगी ।।

जिला कृषि पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 300325 (Agriculture)23-24*D

## कार्यालय: राँची नगर निगम, राँची
## (न्यायालय कोषांग)
## कचहरी रोड, राँची, पिन – 834001

**e-mail :- support@ranchimunicipal.com**

पत्रांक :– 655 दिनांक :– 16.06.2023

### कोर्ट नोटिस

व अदालत
प्रशासक,
राँची नगर निगम, राँची।

1 JA/Reg. Case No. –06/2021 रवि शंकर प्रसाद – वादी
2 JA/Reg. Case No. –07/2021 श्रवण प्रधान – वादी
3 JA/Reg. Case No. –11/2021 संजय कुमार सिंह – वादी
4 JA/Reg. Case No. –10/2021 युगल किशोर वर्णवाल– वादी
5 JA/Reg. Case No. –20/2022 मधुमिता – वादी

बनाम

1) जय श्री डेवलपर – प्रतिवादी

नोटिस बनाम :–

01. नीतिश कुमार, प्रतुल शाहदेव, फिरोज दिलावर खान, गोपी साहु (भू–स्वामी)

पता– अरगोड़ा, राँची ।बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि उक्त वादी ने आपलोगों के विरूद्ध फ्लैट निबंधन से संबंधित केस दायर किया है। न्यायालय द्वारा रजिस्टर्ड/निबंधित डाक द्वारा नोटिस भेजा गया, इसके बावजुद भी आप न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहें है।

अतः आप लोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक : 18.07.2023 को दिन के 1:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय, प्रशासक के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें।

इसे सख्त ताकित जानें।

ह०/–
सहायक प्रशासक, राँची नगर निगम, राँची।

PR.NO.300314 Ranchi Municipal Corporation(23-24):D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल के "प्लैनेट फैशन" का उद्घाटन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल



(एबीएफआरएल) के भाग, प्लैनेट फैशन ने झारखंड के धनबाद में नई रिटेल पहचान का उद्घाटन किया। ब्रांड के भारत भर में 164 स्टोर हैं और यह सस्ती कीमतों पर नवीनतम अंतरराष्ट्रीय फैशन का चयन प्रदान करता है।प्लैनेट फैशन की नई रिटेल पहचान को उत्पाद और पैकेजिंग इनोवेशन द्वारा पूरित किया गया है ताकि सभी श्रेणियों में नए जमाने के उपभोक्ताओं को अपने ग्राहक अनुभव में सुधार करके आकर्षित किया जा सके। विशिष्ट ब्रांड पहचान ब्रांड को आसानी से पहचानने योग्य और अनोखा बनाता है। झारखंड के धनबाद में स्थित प्रमुख स्टोर खरीदारी का शानदार अनुभव प्रदान करते हैं और यह ब्रांड की नवीनतम रिटेल पहचान का विस्तार है। स्टोर में कैजुअल, डेनिम और मौसमी कपड़ों सहित एक व्यापक उत्पाद है। लुइस फिलिप, वान ह्युसेन, एलन सोली, साइमन कार्टर के पोर्टफोलियो से फॉर्मल शर्ट और ट्राउजर, सूट और ब्लेज़र शामिल है। लुइस फिलिप और प्लैनेट फैशन की सीओओ, फरीदा कलियादान ने बताया, ÷हम अपने धनबाद, झारखंड स्टोर में लॉन्च किए गए नए रिटेल पहचान अनुभव के साथ अपने ग्राहकों को खुश करते हुए हमें खुशी हो रही हैं। जैसा कि प्लैनेट फैशन तेजी से अपना विस्तार कर रहा है, हम अपने ग्राहकों को बेहतर शिल्प कौशल, व्यापक उत्पाद पोर्टफोलियो और एक अनोखे रिटेल अनुभव के माध्यम से मूल्य प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। प्लैनेट फैशन की नई रिटेल पहचान में सफेद, ग्रे और कॉपर रंगों का एक नया लोगो शामिल किया गया है, जो स्टोर को एक आधुनिक और प्रगतिशील खरीदारी का अनुभव प्रदान करता है। फिक्स्चर को जीवन शैली की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रदर्शित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, और सारांश मैनिक्विन ब्रांड कहानियों और छवियों को सहजता से चित्रित करने के लिए प्रदर्शित किया गया है।

## एशियन अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी का हुआ उद्घाटन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को बरटांड पेट्रोल पंप के



समीप एशियन अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी का उद्घाटन किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. मिहिर कुमार, एशियन अस्पताल के सेंटर हेड डॉ. सी. राजन डॉ.ए.एम राय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. मिहिर कुमार ने कहा किडनी के मरीजों के लिए एशियन अस्पताल धनबाद में ओपीडी की शुरुआत की गई है और वे मरीजों की चिकित्सीय एवं परामर्श सेवा में हर शनिवार को प्रातः 10:00 से 2:00 अपराह्न तक उपलब्ध रहेंगे। वहीं डॉ. ए. एम. राय ने अपने परिजनों को किडनी डोनेट करने के संबंध में संदेश दिया कि किडनी डोनेट करने के बाद डोनर का स्वास्थ्य सामान्य रहता है। किडनी डोनेट के उपरांत शारीरिक कमजोरी कि कोई धारणा ना पाले। सामान्य जीवन के लिए एक किडनी काफी है। ओपीडी उद्घाटन के अवसर पर सेंटर हेड डॉ. सी. राजन ने कहा एशियन हॉस्पिटल धनबाद में किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी की शुरुआत की गई है इससे अब धनबाद एवं आसपास जिले के लोग लाभान्वित होंगे। एशियन अस्पताल के समस्त अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टर हर जटिल से जटिल रोगों के इलाज के लिए 24 घंटे सेवा में उपलब्ध है और उनके निदान के लिए प्रयत्नशील है।

## जरीडीह से तीन बाल श्रमिक को किया गया विमुक्त

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला धावा दल द्वारा आज बाल



श्रमिक मुक्ति अभियान के तहत बोकारो जिले में विशेष रेस्क्यू अभियान चलाया गया जिसके तहत बोकारो जिले की बहादुरपुर एनएच 23 में संचालित होटल से तीन बाल श्रमिकों का रेस्क्यू किया गया है। सभी बच्चों को रेस्क्यू करके बाल कल्याण समिति द्वारा बाल मजदूरों को अभिभावकों को बॉन्ड के साथ सुपुर्द कर दिया गया है। इस दौरान जिला धावा दल सह बाल कल्याण संरक्षण पदाधिकारी अनीता ने कहा कि बाल श्रम रोकने के लिए यह अभियान जारी जारी रहेगा। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष शंकर भवानी ने कहा कि बचपन बचाओ अभियान के तहत जून माह में बोकारो जिले में बाल श्रम मुक्ति को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है। धावा दल में सीडब्लूसी सदस्य प्रीति प्रसाद, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बसंत नारायण महतो, चाइल्ड लाइन, केएससीएफ आदि के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## सिविल सर्जन की अध्यक्षता में की गई शहरी एनयूएचएम की समीक्षा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आज एनसीडी सभागार में शहरी एनयूएचएम की समीक्षा तथा योजनाओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन ने कहा कि लाभार्थियों की बेहतर जानकारी के लिए परिवार नियोजन से संबंधित सभी तरह के पोस्टर को प्रदर्शित किया जाना चाहिए। आने वाले दिनों में एनएसवी पखवाड़ा हेतु लाइन लिस्टिंग और लाभार्थियों को प्रेरित किया जाना चाहिए। बैठक में जिले के शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में मानव संसाधन, बुनियादी ढांचे, आपूर्ति और नियमित एफपी सेवाओं आदि के संदर्भ में शहरी स्वास्थ्य के वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा की गयी। साथ ही विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। इसमें मुख्यतः आईयूसीडी लगाने के लिए ए.एन.एम के प्रशिक्षण, महिला आरोग्य समिति का गठन या सक्रियकरण, कार्य क्षेत्र के अनुसार आशा और ए.एन.एम. द्वारा शहरी मलिन बस्तियों का सूचीकरण करना, आंकड़ों का बेहतर प्रबंधन, सेवा की गुणवत्ता में सुधार तथा समय पर परिवार नियोजन सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल रहा।

# प्रचंड गर्मी का कहर जारी : जल्द हो जाती है दुकानें बंद, सड़कों पर पसरा सन्नाटा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मैंथन :** गर्मी से हर प्राणी के शरीर में खलबली मचा दी है। बिजली विभाग दे रहा है गर्मी का साथ। प्राईम टाईम यानी संध्या होते ही बिजली हो जाती है गायब । दिनभर बिजली आती है देर से और जल्द ही चली भी जाती है। इन्वर्टर भी बिजली के आस लगाये रहता है कि बिजली रहेगी तब न वह चार्ज होगा बिजली के अभाव में इन्वर्टर भी फेल हो जाता है। शरीर में गर्मी से किसी को घमौरी तो किसी को घाव तो किसी को चमड़े का ईनफेकसन हो जा रहा है। कैंडीड एवं एबजोरब पावडर आऊट औफ मारकेट हो जा रहे हैं। इलेकट्रोल एवं गलुकोन 'ड ' का भी यही हाल है। दिन तो दिन रात में भी वही उमस बरकार रहती है। यहाँ दिन में लु बहता है तो रात उमस भरी रहती है। एसी की तो बात निराली है अगर तीन घंटे भी ठिक से चल जाये तो रात आराम से कट जाती है पर कुलर से नहीं। इसे हर समय पंखे जैसा लाईन चाहिये लाईन है तो चलेगा वर्ना बंद। पर ऐसी से ढंड को रूम में स्टोर कर लिया जाता है जो बाकी समय में काम करता है। लोग करें तो क्या करें इस भयानक गर्मी में किसी तरह कहीं ढंडी जगह ढुंढ कर सो जाते हैं। लोग वर्षा की राह देख रहे हैं। कुछ बुजुर्ग कहते हैं कि ऐसी गरमी कभी पड़ी ही नहीं है।

## बाइक सवार अपराधियों ने महिला को मारी गोली, स्थिति गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** जिले में अपराधियों का तांडव जारी है। विधि-व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है। एक गोलीबारी मामले में जांच पूरी नहीं होती कि अपराधी फिर से दूसरे बड़ी घटना को अंजाम दे चुके होते हैं। कोयलांचल में डॉक्टर-व्यवसाई, ठेकेदार के अलावा अब आम आदमी भी अपराधियों के निशाने पर है। अपराधियों की करतूतों से जिला दहल उठा है। अब लोग भय और दहशत के साए में जी रहे हैं, परंतु जिला पुलिस विधि व्यवस्था के प्रति लापरवाह बनी हुई है। ताजा मामले के तहत शहर के भूली थाना क्षेत्र अंतर्गत भूली ए ब्लॉक के क्वार्टर नंबर 317 के समीप बीते देर रात बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने एक महिला को गोली मार दी। जिसके बाद इलाके में सनसनी फ़ैल गई। वही घायल महिला सुमित्रा देवी ने बताया कि उन पर गोली उनके दामाद उत्तम कुमार ने चलवाई है। दामाद ने भाड़े के गुंडों से उनपर हमला कराया है। कल भी दामाद ने क्वार्टर के सामने फायरिंग करवाई थी। महिला का कहना है कि क्वार्टर खाली करने को लेकर पिछले पांच दिनों से विवाद चल रहा था। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। वहीं आनन फानन मे महिला को अस्पताल ले जाया गया है जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

## ग्यारहवीं के छात्रों के रिजल्ट में गड़बड़ी के खिलाफ आइसा ने किया आक्रोश मार्च




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** 11वीं के छात्रों कि रिजल्ट में गड़बड़ी की आशंका और फिर से मूल्यांकन की मांग को लेकर ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) के नेतृत्व में छात्रों ने हाई स्कूल मैदान से मार्च करते हुए एस आर एस एस आर हाई स्कूल के गेट के सामने छात्रों ने नुक्कड़ सभा कर विधालय कार्यालय का घेराव किया. छात्रों ने कहा कि रिजल्ट में भारी गड़बड़ी हुई हैं. वैसे छात्रों को फेल कर दिया है जो 10th में 70%, 80% से उतीर्ण है .एक छात्रा जिला में तृतीय स्थान प्राप्त की है ..उसको भी फेल कर दिया गया है. एक छात्र ने कहा कि कॉलेज से प्रैक्टिकल में 0 नंबर दिया गया है.छात्रों ने बताया कि हमलोग का परीक्षा बेहतर गया है और जो रिजल्ट आया है उससे अशांतुष्ट है. हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।कॉपी को पुनः जांच किया जाए या परीक्षा दुबारा लिया जाए। नही तो आंदोलन तेज होगा। छात्रों में काफी आक्रोश है रिजल्ट गड़बड़ी को लेकर छात्रों ने कॉलेज प्रशाशन से कहा कि कॉलेज पहल ले।

## प्रखंड प्रशासन के संज्ञान के बाद भी पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखंड प्रशासन के संज्ञान के बाद भी, जून माह की भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए विवश है। मामला बिरनी प्रखंड अंतर्गत खेरवारा पंचायत के ग्राम चिताखारो के टोला भालुवाही की है। जहां ग्रामीण इस भीषण गर्मी में पानी की एक एक बूंद बूंद के लिए तरस रहे हैं, 42 डिग्री की तापी गर्मी में लगभग 1 किलोमीटर दूर खेत में बने चूवें का पानी लाकर अपनी प्यास बुझ रहे हैं। आपको बता दें कि इस गांव की दयनीय हालत वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हवा था, जिसके बाद प्रखंड प्रशासन हरकत



में आया था इसके बद प्रशासन के द्वारा चापाकल की मरम्मत के लिए उसको खोल करके ले जाया गया था परंतु प्रशासन के सुस्त रवैया के कारण एक महीना गुजर जाने के बाद ही ना तो चापाकल मरम्मती हुई है और न हीं प्रशासन का ध्यान इस गांव की ओर दुबारा आया है जिस कारण इस गांव की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है।

## टुंडी : मानसून के दगा देने का डर, सूखा व भूख मरी को लेकर चिंतित किसान

**दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के किसान इन दिनों मानसून को लेकर बहुत ही चितिंत है एक बात उनको सता रहा है कि पूर्व की बर्ष की तरह इस बर्ष भी अगर समय पर बर्षा नहीं हुआ तो मानव के साथ साथ पालतू पशुओं को भी भारी संकटों से गुजरना पड़ सकता है। बर्षा के अभाव में किसान भाई अपने खेतों की जुताई नहीं कर पा रहे हैं और न ही बीज ही डाल पायेंगे इसी तरह मानसून का रुझान रहा तो अच्छे तरीकों से खेती करना असम्भव सा



हो जायेगा। किसान सुबह होते ही आकाश की ओर टकटकी लगा कर देखते हैं फिर भी बादल दिखाई नहीं देता जिससे किसानों की धड़कनें और तेजी से धड़कने लगता है। पानी के अभाव में खेतों की जुताई समय पर नहीं होने से अच्छी खेती की आशा नहीं की जा सकती। टुंडी के किसान अगले बर्ष की मार से अभी तक उभर नहीं पाएं हैं और अगर इस बर्ष भी बर्षा नहीं हुआ तो किसानों के समक्ष बहुत बड़ी समस्या खड़ा हो जायेगा। टुंडी प्रखंड एक कृषि प्रधान प्रखंड है यहां के लोग खेती पर ज्यादा निर्भर रहते हैं टुंडी के कई किसान इन्द्र भगवान की आस में प्रतिदिन टकटकी लगाए रहते हैं देखा जाए इन्द्रभगवान इनकी और कब नजरें गड़ाते है और टुंडी को हरियाली बनाते हैं।

## झारखंड राज्य कैडेट जूडो चैंपियनशिप में भाग लेने देवघर पहुंची धनबाद जूडो टीम



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को झारखंड राज्य कैडेट जूडो चैम्पियनशिप में भाग लेने धनबाद जिला जूडो टीम देवघर पहुंची। इसकी जानकारी देते हुए धनबाद जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने बताया की 30 सदस्यीय टीम में राजकमल सरस्वती विधा मंदिर, डी.ए.वी.कोयला नगर, धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच, धनबाद मार्सेल आर्ट सेंटर समेत अन्य संस्थानों के खिलाड़ी सम्मिलित हैं। कोच के रूप मे राहुल शर्मा, सरिता कुमारी व मैनेजर अक्षय कुमार हैं। स्टेट चैम्पियनशिप मे धनबाद से 4 निर्णायक पप्पू कुमार, आरती कुमारी, सुदीप चक्रवर्ती, सोमनाथ भट्टाचार्य बनाए गए हैं। दो दिवसीय चैम्पियनशिप का फाइनल रविवार 18 जून को होगा।

## लाइब्रेरी का नाम बदलने से इतिहास नहीं बदलता : सतपाल सिंह ब्रोका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने केंद्र में सत्ता में बैठी भाजपा सरकार की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए कहा दिल्ली की त्रिमूर्ति हाउस में जवाहरलाल नेहरु संग्रहालय और लाइब्रेरी का नाम बदलना मोदी सरकार की ओछी मानसिकता तानाशाह रवैया को दर्शाता है नाम बदलने से इतिहास नहीं बदलता इतिहास इरादों से बनता है मोदी जी नेहरु गांधी परिवार से इतनी नफरत क्यों? नाम बदलना संकीर्णता और प्रतिशोध की भावना है सत्ता में रहते हुए जनहित कार्यों की लकीर मोदी सरकार तो बड़ी कर नहीं पा रहे हैं और दूसरों के किए हुए लकीरें छोटी कर रहे हैं पंडित जवाहरलाल नेहरु द्वारा खींची गई लकीरों को कम करना असंभव ही नहीं नामुमकिन है जिनका कोई इतिहास नहीं वें चलें हैं इतिहास मिटाने। पंडित जवाहरलाल नेहरु भारत के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी भी थे 11 वर्ष जेल काटी उन्होंने ऐसे वक्त देश की बागडौर संभाली जब हमारे देश में एक सूई भी नहीं बनती थी ।

## जल शक्ति अभियान का किया गया प्रचार प्रसार

### विभिन्न प्रखंड के पंचायतों में नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** पेयजल एवं स्वच्छता (जल शक्ति) मंत्रालय, भारत सरकार की "जल शक्ति अभियान" के प्रचार प्रसार हेतु सूचना एवं जनसंपर्क विभाग धनबाद द्वारा विभिन्न प्रखंड के पंचायतों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर जल संचयन एवं संरक्षण के प्रति लोगों को किया गया जागरूक।



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बताया गया कि इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन करना, गणना, भू-टैगिंग और सभी की सूची बनाना, इसके आधार पर जल संरक्षण की वैज्ञानिक योजना तैयार करना, सभी जिलों में जल शक्ति केन्द्रों की स्थापना करना, सघन वनीकरण करना और जागरुकता सृजन करना है। इस अभियान में अतिरिक्त गतिविधियों/उपहस्तक्षेपों को शामिल किया गया है। हस्तक्षेप "जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन" के तहत जिसमें स्प्रिंग शेड प्रबंधन, जलग्रहण क्षेत्रों की सुरक्षा और "अमृत सरोवर" का निर्माण/नवीकरण शामिल है।

जल शक्ति अभियान ÷कैच द रेन÷ 2023-24 को सफल बनाने के लिए लोगों की सक्रिय भागीदारी के साथ, जलवायु परिस्थितियों एवं उप-मृदा स्तर के लिए उपयुक्त आरडब्ल्यूएचएस (रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर) निर्मित करने हेतु राज्यों एवं समस्त हितधारकों को प्रेरित किया गया।

## नीट परीक्षा के रिजल्ट में 625 अंक प्राप्त कर विभा ने बढ़ाया समाज का मान



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत बलगो पंचायत के मेरखोगुंडी गांव तथा डुमरी कालेज के प्रिंसिपल दिलीप बर्मा के पोती विभा भारती पिता दीपक बर्मा ने नीट परीक्षा के रिजल्ट में 625 अंक प्राप्त कर 6762 रेंक हासिल कर अपने परिवार सहित कुशवाहा समाज का नाम रोशन की है। इनकी उज्जवल भविष्य की कामना कर कुशवाहा समाज के जिलाध्यक्ष इन्द्रनारायण प्रसाद, जिला संगठन मंत्री बैजनाथ (बैजु), नगर उपाध्यक्ष राजेश कुमार मृदल और रामचंद्र बर्मा , वरिष्ठ शिक्षक सह कुशवाहा हरिनंदन बर्मा, मिडिया प्रभारी पंकज जी, प्रमेश्वर बर्मा तथा समाज के लोगों ने पुष्प गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर उनकी होंसला को बुलंद किया।

## 11वीं की रिजल्ट सुधार की मांग को लेकर छात्रों ने किया समाहरणालय परिषर में धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह नए समाहरणालय परिषर में इंटर 11वीं की परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद गिरिडीह जिले के कई छात्र- छात्राओं को काफी कम अंक प्राप्त हुआ है. जिसके बाद लगातार छात्र-छात्राएं परीक्षा परिणाम सुधार कराने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं. इसी कड़ी में आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं पपरवाटांड स्थित नए समाहरणालय पहुंचे और यहां घेराव कार्यक्रम किया गया। वही तमाम छात्र ङ्क छात्राएं अभाविप के नेतृत्व में समाहरणालय के मुख्य गेट के समक्ष धरना पर बैठकर जमकर नारेबाजी की. हंगामे और नारेबाजी की सूचना मिलने के बाद एसडीएम विशालदीप खलखो, प्रशिक्षु आईएएस उत्कर्ष कुमार, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, बीडियो दिलीप महतो, डीईओ नीलम आईलीन टोपो, मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान,नगर थाना प्रभारी आरएन चौधरी समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान समाहरणालय पहुंचे और हंगामा कर रहे छात्र-छात्राओं की मांग को जल्द पूरा कराने का आश्वासन देते हुए समझाने का प्रयास किया. हालांकि, अधिकारियों के समझाने के बावजूद भी सभी छात्र ङ्क छात्राएं



अपनी मांग पर अडिग होकर समाहरणालय के मुख्य गेट के बाहर धरने पर बैठ कर नारेबाजी कर रहे. वही तमाम अधिकारी छात्र-छात्राओं को समझाने में जुटे रहे । वही विद्यार्थी परिषद के आशीष सिंह ने उपायुक्त के समक्ष सात प्रस्ताव की मांग किया उन्होंने कहा कि परिषद सन् 1949 सिर्फ छात्रहित में कार्य करती आ रही परिषद का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं की समस्या एवं उनके पढ़ाई के बीच आ रही अड़चनों को दूर करने का होता है ।

# डॉ. रामेश्वर उरांव व सुदर्शन भगत ने संयुक्त रूप से एडिटोरियल भवन का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार एवं लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा संयुक्त रूप से आश्रम विद्यालय परहेपाट प्रखंड किस्को में ऑडिटोरियम भवन का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ऑडिटोरियम का होना अपने आप में गौरव कि बात है,जिससे शिक्षा,कला,संस्कृति के बढ़ावा के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है एवं स्कूल में बुनियादी शिक्षा,और सामान्य शिक्षा को विशेष महत्व देने की बात कहीं। एवं लोहरदगा सदर प्रखंड के समीप ईवीएम वेयरहाउस भवन का भी शुभ उद्घाटन संयुक्त रूप से मंत्री एवं सांसद के द्वारा किया गया इसके साथ साथ लोहरदगा स्थित नदिया +2 हाई स्कूल के समीप एस सी ए मद से बने लाइब्रेरी भवन का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने बच्चों से सीधा संवाद कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं पुस्तकालय का अर्थ समझाते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर जानकारियां भी दी। मौके पर पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद, जिप सदस्य संदीप गुप्ता, महिला अध्यक्ष सीमा परवीन, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, प्रखंड जिला महासचिव समूल अंसारी, अध्यक्ष युनूस अंसारी, रौनक इकबाल, जयवंत कुजूर, नसीम अंसारी, कबीर अंसारी कामिल टोपनो, प्रकाश उरांव, सेख सादिक, सुखी उरांव, अमृता भगत, राजमणि उरांव, संजय नायक, तौसीफ आलम, आदि उपस्थित थे।

# भंडरा पुलिस ने रंगदारी मांगने वालों को हथियार सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा थाना पुलिस ने भंडरा-सिसई मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के मुरली पोखरा के समीप हथियार का भय दिखाकर लोगों से रंगदारी कर रहे गुमला जिले के सिसई गांव निवासी सहमत अंसारी के पुत्र शमी अंसारी, असलम अंसारी के पुत्र अलताब अंसारी, केतामुद्दिन अंसारी के पुत्र मौफिल अंसारी, मकसूद अंसारी के पुत्र शाकिब अंसारी, असलम अंसारी के पुत्र हयान अंसारी, इसराफिल अंसारी के पुत्र रेहान अंसारी,सुरसा पुसो निवासी मोबत अंसारी के पुत्र अरमान अंसारी,रांची जिले के टांगर बसली स्टेशन टोली निवासी खुर्सीद मियां का पुत्र अयान आलम तथा भंडरा निवासी विजय ठाकुर का पुत्र मोहित ठाकुर को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। साथ ही आरोपितों के पास से एक पिस्टल जैसे दिखने वाला हथियार, दो बांस का डंडा, एक हॉकी स्टिक, एक चाकू व एक ऑल्टो कार को भी जब्त कर लिया है। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि इन आरोपितों द्वारा भंडरा के मुरली तालाब के पास राह में आने-जाने वाले लोगों से हथियार का भय दिखाकर रंगदारी किया जा रहा था। जिसकी गुप्त सूचना भंडरा थाना पुलिस को मिली। इसके उपरांत ही भंडरा थाना पुलिस ने मुरली तालाब पहुंची। पुलिस की आने की भनक लगते ही सभी आरोपित ऑल्टो कार से भागने लगे। इस दौरान भंडरा थाना पुलिस की टीम ने सभी आरोपितों को पीछा कर भंडरा थाना चौक से गिरफ्तार किया गया है।

# विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा की तरुण सभा में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन शनिवार को हुआ। आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता में कक्षा 12 वीं में प्रथम स्थान रोशनी उरांव और कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम स्थान कनक दीप ने प्राप्त किया। कक्षा 11 वीं में द्वितीय स्थान आकांक्षा पांडे एवं तृतीय स्थान किरण कुमारी ने प्राप्त कियाद्य इसके अलावा सारी फोल्डिंग, बकेट बॉल, बकेट ग्लास वॉटर चैलेंज, टीम कोआर्डिनेशन आदि में भी प्रतियोगिताएं हुई। जिनमें सुहानी टोप्पो, राधेश्याम दास गोस्वामी, अपूर्वा कुमारी, सत्यम कुमार, निशा उरांव, उज्जवल जायसवाल, अनित उरांव, सुष्मिता तिग्गा, सुहानी कुमारी, दीपिका उरांव, आकांक्षा पांडे, रोशन उराव, चंदन महतो एवं अमन टोप्पो आदि ने सहभागिता निभाई विजेताओं को महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, तरुण एवं कन्या भारती प्रमुख ऋद्धि मिश्रा और रेणु कुमारी ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में नीतू कुमारी, प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, आरती भगत,चेतना प्रिया, कविता कुमारी, नेहा शर्मा सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नगड़ा बरवाटोली मे विगत 1 वर्ष से खराब जलापूर्ति योजना, ग्रामीणों में पेयजल की भारी समस्या



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिला के कैरो प्रखंड के गुड़ि पंचायत अंतर्गत नगड़ा बरटोली गांव में लगभग सौ परिवारों को पेयजल समस्या से प्रतिदिन जूझना पड़ता है। गांव में निर्मित ग्रामीण लघु पाइप जलापूर्ति योजना विगत एक वर्ष से खराब है। जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती है। घर-घर जलापूर्ति के लिए निर्मित योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण ग्रामीण योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। एनआरडीडब्ल्यूपी अंतर्गत ग्रामीण लघु पाइप जलापूर्ति योजना से 100 परिवारों के घर तक पानी पहुंचाने तक लक्ष्य था। ग्रामीण गांव में निर्मित जलमीनार के नल से पानी भरते थे। परंतु विगत एक वर्ष से वो भी नदारद है। बरवाटोली के ग्रामीण पेयजल के लिए प्रतिदिन भटकते रहते हैं। गांव के एक कुंआ के भरोसे सभी परिवार आश्रित हैं। बरटोली के ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण गांव के लोग पेयजल के परेशान रहते हैं। जिसके कारण लोगों को पानी के लिए प्रतिदिन भटकना पड़ता है।

# पुअनि पद पर कार्यरत पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित पुलिस केन्द्र में प्रशिक्षण सत्र के पश्चात समापन समारोह आयोजित किया गया। लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना सहित विभिन्न थाना एवं पुलिस केंद्र में कार्यरत स0आ0नि0 पद पर नियुक्त अधिकारी को पु0आ0नि0 पद पर प्रोन्नति हेतु पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला से 37 पुलिस अधिकारी को 8 सप्ताह का प्रशिक्षण कराया जा रहा था। प्रशिक्षण सत्र के पश्चत समापन समारोह आयोजन किया गया। आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने सभी उपस्थित एवं अतिथियों तथा विशिष्ट अतिथि एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र में शांति व विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस अधिकारी निष्ठा के साथ कर्त्तव्य का पालन करेंगे साथ ही उन्होंने कहा की पु0आ0नि0 का प्रशिक्षण प्राप्त सभी अधिकारियों से यही अपेक्षा है। साथ ही कहा कि आप सभी लोगों को प्रशिक्षण सभी बिंदुओं पर इसलिए दिया गया है। कि अपने कार्य क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगा सके। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला से 37 स0अ0नि शामिल थे। जिन्हें प्रोन्नति कर पु0अ0नि0 के पद पर नियुक्त किया जाएगा वह अपनी कर्तव्य का पालन करेंगे। मौके पर लोक अभियोजक मिनी लकड़ा, अभियान एस पी दीपक पाण्डेय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह, मेजर सुरेश ओझा के अलावे रमेश कुमार तिवारी, मुरारी कुमार, राजेश शर्मा, लवकुश सिंह, आयता खेस, संजय कुमार सिंह सहित सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने रथ मेला व बकरीद को लेकर की शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा थाना परिसर में शनिवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में रथ मेला व बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 20 जून को ऐतिहासिक नौ दिवसीय रथ मेला के सफल आयोजन व आगामी 29 जून को घूरती रथ मेला व बकरीद को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान रथ मेला के आयोजन समिति के किशोरी मोहन शर्मा द्वारा रथ मेला के सफल आयोजन को लेकर 100 स्वयं सेवी दल का गठन करने तथा मेला टांड़ में आयोजन समिति द्वारा एक कंट्रोल रुम बनाए जाने की बात कही गई। साथ ही ठाकुरबाड़ी से मौसीबाड़ी रथ चालन की समय पर चर्चा की गई। सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि भंडरा रथ मेला ऐतिहासिक है। जिसमें काफी संख्या में भीड़ होती है। इसके लिए प्रखंड प्रशासन हर तरह से सजग है। मेला में किसी भी श्रद्धालु को किसी तरह का दिक्कत का सामना करना ना पड़े और बेतहासा गर्मी को देखते हुए मेला टांड़ में पानी की समुचित व्यवस्था करने, जगह-जगह पुलिस बल व दंडाधिकारी की नियुक्ति करने के साथ-साथ मुख्य पथ व आकाशी रोड में बैरियर लगाए जाने की बात कही गई। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि मेला में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन हर तरह सजग है। मेला में शांति व्यवस्था को लेकर ड्रोन कैमरे से भी नजर रखने की बात कही है। साथ ही बकरीद त्योहार के दौरान सभी मस्जिदों में पुलिस बल द्वारा निगरानी करने की बात कही है। मौके पर पुलिस निरीक्षक, रामकिशोर साहू, परवेज अंसारी, रामजी साहू, शेरू अंसारी, राजेश साहू, विवेक सोनी, इंद्रदेव उरांव, परमेश्वर महली सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त कहा होगी कानूनी करवाई



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध बालू खान के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए कंडरा से एक ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया गया खनन अधिनियम के तहत होगी कारवाई। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा कोयल नदी से अवैध बालू लाद कर ट्रैक्टर में परिवहन करते हुए सेन्हा थाना पुलिस द्वारा जप्त कर अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं सहायक खनन पदाधिकारी को सूचनार्थ करते जप्त ट्रैक्टर को सुरक्षित थाना परिसर में रखा गया। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र में अवैध बालू कारोबारी के शस्त्र बल के सहयोग से छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दरमियान कोराम्बे कंडरा पथ में अवैध बालू परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा की वरीय पदादिकारी के निर्देशानुसार अवैध बालू खनन एवं पत्थर खनन के विरुद्ध लगतार जारी रहेगा। मौके पर एस आई कुलदीप राम शस्त्र बल के साथ मौजूद थे।

# जन भावना फाउंडेशन ने किया हेल्थ केयर कार्ड व बालिका समृद्धि योजना रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड अंतर्गत लोम्बोई पंचायत के बोन्डोजरा कुसुम टोली गांव में जन भावना फाउंडेशन (NGO) के बैनर तले लोम्बोई पंचायत हेड विदन टोपनो के द्वारा हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना का रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला हेड खुशीराम कुमार, जलडेगा ब्लॉक हेड सुबरदानी लुगुन,केरसई ब्लॉक हेड एनिस केरकेट्टा, ठेठईटांगर ब्लॉक हेड बिरसा मांझी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट हेड खुशीराम कुमार ने कहा कि जनभावना फाउंडेशन आने वाले दिनों में लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार की योजनाओं को अलग अलग तरीके से पहुँचाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही साथ बाल विवाह में रोक थाम का कार्य कर रही है जिससे कि शारिरिक और आर्थिक नुकसान से बचाव हो। वर्तमान में सरकार की बालिका समृद्धि योजना के तहत बाल विवाह को रोकना एवं बालिका के 18 वर्ष के बाद विवाह पर जरूरत के सभी सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।अभी स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी उम्र के लोग हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर लाभ ले सकते हैं। वर्तमान में जनभावना फाउंडेशन लोगों को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है।इस कार्यक्रम में कुल 94 लोगों ने पंजीकरण कराया जिसमें बालिका समृद्धि योजना में 9 एवं हेल्थ केयर कार्ड में 85 लोगों ने पंजीकरण कराया मौके पर तामड़ा पंचायत हेड विल्सन मांझी, जुनास डांग, मार्कस टोपनो, रसिकन टोपनो सहित काफी संख्या में ग्रामीणों उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बैठक आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस लोहरदगा जिले में योग महोत्सव के रूप में मनाए जाने हेतु पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास की जिला इकाई की बैठक आज दिनांक 18 जून 2023 प्रातः 6ः30 बजे स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा स्थित योग कक्षा सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग महोत्सव के रूप में चयनित स्थान पर योग शिक्षकों की जिम्मेदारी दी जाएगी। साथ ही साथ आयुष विभाग भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत कराए जाने हेतु योग महोत्सव के सफल आयोजन हेतु प्रिंटिंग सामग्री भी दी जाएगी। उक्त आशय की जानकारी पतंजलि भारत स्वाभिमान जिला इकाई के जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में पतंजलि परिवार के योग शिक्षक शिक्षिकाएं एवं जिले के समस्त योग शिक्षक-शिक्षिकाएं समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए जाने हेतु अपनी उपस्थिति व विचार जरूर दें।

# उपायुक्त ने सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक दिए आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ दिनांक 16.06.2023 को प्रोजेक्ट भवन, रांची में हुई बैठक के आलोक में आज शनिवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के आवश्यक निदेश दिये गये। जुलाई माह की समाप्ति के पूर्व सभी छूटे हुए आंगनवाड़ी केंद्र जो अपने भवन में नहीं चल रहे हैं,डीएमएफटी मद से ऐसे कुल 69 भवनों के निर्माण हेतु निर्णय लिया गया। इन आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण हेतु ग्राम सभा से स्वीकृति लिये जाने का निदेश दिया गया। पंचायती राज पदाधिकारी को सभी छूटे हुए ग्राम पंचायतों में लाभुक समिति का गठन अगले चार दिनों के अंदर कर लिये जाने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में लाभान्वित लाभुकों की ऑनलाईन इंट्री से संबंधित आवश्यक निदेश कल्याण विभाग को दिये गये। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में शिक्षा विभाग को निदेश दिया गया कि राज्य स्तर पर जुलाई माह में एक कार्यक्रम के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से लाभुकों को भुगतान किया जाना है। इसमें ऐसे योग्य लाभुकों की सूची तैयार कर लें जो उस समय तक योग्य लाभुक की सूची में आ जाएंगे।

# ग्रीष्मकालीन छुट्टी में सामुदायिक शारीरिक शिक्षा अभियान जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** साख फाउंडेशन के द्वारा सिमडेगा जिले के ग्रीष्मकालीन छुट्टी में सामुदायिक शारीरिक शिक्षा अभियान तीन गाँव में चलाई जा रही हैं। आज ग्राम बागडांड, पंचयात सिकरियाडांड, प्रखंड पाकरडांड, सिमडेगा में खेल मेला का आयोजन किया गया हैं द्य साख फाउंडेशन संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ने खेल के महत्व पर जानकारी ग्रामीणों और बच्चों को दिए एवं खेल के प्रति जागरूक भी किये। उन्होंने कहा कि खेल से हम स्वास्थ्य रह सकते हैं एवं मानसिक रूप से भी हमें स्वास्थ्य रहने की जरूरत है। रांची से कार्यक्रम में विजिट के लिए साख फाउंडेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर मृत्युंजय चंद्रा एवं अमित कुमार आये हुवे थे साथ ही कार्यक्रम के महत्व पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। उन्होंने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के अंतर्गत एक प्रोजेक्ट चल रहा है। जिसका नाम प्रोजेक्ट छलांग है। यह जो प्रोजेक्ट छलांग झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद और श्ररूरू स्पोर्ट फाउंडेशन के द्वारा चलाया जा रहा है। यह प्रथम चरण में झारखंड के 4 जिलों से शुरुवात किया गया है जिसमें, सिमडेगा, खूँटी, रांची और हजारीबाग के प्रत्येक जिला के 100 स्कूलों यानि झारखण्ड के 400 सरकारी स्कूलों में चल रहा है। जिसके अंतर्गत सिमडेगा जिले में 5 प्रखंड के मध्य कार्य की शुरुवात हुई है। जिसमें साख फाउंडेशन सिमडेगा के तीन ब्लॉक में काम कर रही हैं जो सिमडेगा, पाकरडांड और ठेठईटांगर है। जिसके लिए साख फाउंडेशन संस्था को सिमडेगा, पाकरडांड और ठेठईटांगर ब्लॉक को मिलाकर 50 स्कूलों में कार्य करने दिया गया है और हमें स्कूलों में शारीरिक खेलकूद शिक्षक के साथ मिलकर जो मॉड्यूल हमें दिए गया है उसे क्लास 6, 7 और 8 क्लास के बच्चों के साथ कर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि अभी ग्रीष्मकालीन छुट्टी में सिमडेगा के तीन गांवों का चयन किया गया है। जिसमें सिकरियाडांड, बागडांड और पिथरा भी सम्मिलित है। जिसमें बच्चों को शारीरिक शिक्षा से सम्बंधित केल खुद कराते हुए आज खेल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को खेल कराया जा रहा हैंद्य खेल मेला का आयोजन किया जिसमें खेल पिठो फुटबॉल, बिल्डर बुलडोज़र और डॉज बॉल, स्टील दा ट्रेजर इत्यादि खेल खेला गया। साथ ही कार्यक्रम में विजेता लोगों को अधिकारियों द्वारा पुरस्कार भी दिया गया। यह कार्यक्रम सुबह 7 से 10 बजे तक किया गया। प्रोजेक्ट छलांग में निर्मल सिंह, अनुप सिंह, मीना कुमारी एवं शकुंतला सिंह द्वारा कार्य किया जा रहा है।

# किसानों के कल्याण से ही जिला, राज्य और देश का कल्याण सम्भव : जोसिमा खाखा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला कृषि कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कर्मशाला का आयोजन किया गया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि खरीफ और रबी दोनों ही फसलें काफी महत्वपूर्ण हैं, लेकिन खरीफ अति महत्वपूर्ण है। जिले के सभी किसान बारिश पर निर्भर है। खरीफ मौसम में विभाग के पदाधिकारियों व कर्मचारियों को ज्यादा सक्रिय रहने की जरूरत है, क्योंकि खरीफ सिमडेगा के जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि तकनीक और पद्धति में बदलाव हो रहा है और मौसम भी लगातार बदल रहा है, तो आपको और ज्यादा अलर्ट रहने की जरूरत है। कृषि से जुड़ी अनेक योजनाएं हैं। सरकार बीज से लेकर खाद, उपकरण, लोन, केसीसी सब कुछ किसानों को दे रहे हैं, तो अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी आगे बढ़कर उन्हें क्रियान्वित करना होगा। इस तरह का वर्कशॉप प्रखण्ड और पंचायत स्तर पर भी हो, जिसमें कृषि विभाग की छोटी से छोटी इकाई को शामिल किया जाए। साथ ही प्रगतिशील किसानों को भी शामिल करें। किसानों की जरूरत के मुताबिक उन्हें योजनों के साथ जोड़ें। जोसिमा खाखा ने कहा कि विभाग के पास कृषि विकास के लिए कई कल्याणकारी फंड हैं। जिसके माध्यम से कृषि योजनाओं को कार्यान्वित किया जा सकता है। पदाधिकारी योजनाएं बनाएं, लेकिन याद रखें कि किसान का कल्याण ही विभाग का उद्देश्य है और किसान से जिला, राज्य और देश का कल्याण होगा। उन्होंने किसानों को भी उन्नत खेती के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि किसान यहाँ पर दी जा रही जानकारी को अपने पास पड़ोस के सभी किसानों के बीच जानकारी साझा करें। ताकि अधिक से अधिक किसान विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना का लाभ ले सकें। आप सभी भी योजना का लाभ लेने के लिए आगे बढ़े। कृषि विभाग आपके लिए है और सरकार आपके लिए योजना चला रही है। इसका फायदा उठाएं। कर्मशाला का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, कोलेबिरा विधायक के जिला विधायक प्रतिनिधि समी आलम, कोलेबिरा विधायक के विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य शांति बाला केरकेट्टा, जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा, कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, कोलेबिरा विधायक के जिला विधायक प्रतिनिधि समी आलम, कोलेबिरा विधायक के विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, जिप सदस्य शांति बाला केरकेट्टा, जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा ने कहा कि किसानों को अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध तो कराया जा रहा है, लेकिन किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में क्यों पीछे है , इसपर काम करने की जरूरत है।

## चलते चलते एक नजर

### सुरक्षा बलों और भीड़ में झड़प, दो घायल

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल शहर में बीती रात भीड़ और सुरक्षा बलों के बीच संघर्ष में दो नागरिक घायल हो गए। इस दौरान भाजपा नेताओं के घरों को आग लगाने का प्रयास किया गया। इसकी जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को यहां दी।अलग-अलग घटनाओं में मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के क्वाकटा और चुराचंदपुर जिले के कंगवई में भी बीती रात स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की सूचनाएं मिल रही हैं। इंफाल वेस्ट के इरिंगबाम थाने से भी हथियार लूटने की कोशिश की गई। हालांकि, कोई हथियार उपद्रवी नहीं ले जा पाए। इस बीच दंगाइयों को एकत्र होने से रोकने के लिए सेना, असम राइफल्स और मणिपुर रैपिड एक्शन फोर्स ने राज्य की राजधानी में आधी रात तक संयुक्त मार्च किया।बीती रात लगभग 1,000 लोगों की भीड़ महल परिसर के पास की इमारतों को जलाने की कोशिश करने के लिए एक साथ आई थी। आरएएफ ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबड़ की गोलियां चलाईं। इसके अलावा उपद्रवियों की भीड़ ने विधायक बिश्वजीत के घर में आग लगाने की कोशिश की। हालांकि, आरएएफ कॉलम ने भीड़ को तितर-बितर कर भगा दिया। आधी रात के बाद सिंजेमाई में कुछ अन्य उपद्रवियों ने भाजपा कार्यालय को घेर लिया लेकिन कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके, क्योंकि सेना के एक दस्ते ने उन्हें तितर-बितर कर दिया।

### कांग्रेस अध्यक्ष को खूंटी आने का न्योता, मौजूदा राजनैतिक हालात पर हुई चर्चा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष श्री कालीचरण मुंडा व वरिष्ठ नेता श्री शशि भूषण राय ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात किया। सर्वप्रथम कर्नाटक चुनाव की प्रचंड जीत पर बधाई देते हुए श्री कालीचरण मुंडा जी ने कांग्रेस अध्यक्ष को खूंटी आने का न्योता दिया एवं झारखंड राज्य में चल रही राजनैतिक हालात पर चर्चा हुई। श्री खड़गे ने बातों को काफी सकारात्मक रूप में लिया एवं कालीचरण मुंडा जी के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए भरोसा दिलाया कि वह जल्द ही भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थली खूंटी आएंगे। दोनों नेताओं ने राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन सरकार की उपलब्धियों के बारे में भी बताया एवं यह भरोसा दिलाया की आने वाले समय में लोकसभा में कांग्रेस पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी और हम झारखंड राज्य से ज्यादा से ज्यादा सांसद जीता कर दिल्ली भेजेंगे।



# रांची में टीपीसी का एरिया कमांडर समीर अंसारी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने टीपीसी एरिया कमांडर रॉकी उर्फ समीर अंसारी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी कि रॉकी बुढ़मू थाना क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने के लिए आने वाला है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसएसपी की क्यूआरटी टीम ने टीपीसी एरिया कमांडर रॉकी को गिरफ्तार किया। पुलिस की टीम उससे पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार रॉकी अमेरिकी राइफल लेकर घूमा करता था। ऐसे में पुलिस उससे हथियार को लेकर जानकारी भी हासिल कर रही है, ताकि हथियार और गोला-बारूद को भी बरामद किया जा सके। उल्लेखनीय है कि रॉकी पर पुलिस के मुखबिर राजा साहब की हत्या करने का आरोप है। रॉकी के दस्ते ने ही रातू थाना क्षेत्र के रहने वाले मुखबिर राजा साहब अगवा कर लिया था और फिर जंगल में जाकर उसकी हत्या कर दी थी।



**पुलिस की टीम समीर से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार रॉकी अमेरिकी राइफल लेकर घूमा करता था। ऐसे में पुलिस उससे हथियार को लेकर जानकारी भी हासिल कर रही है, ताकि हथियार और गोला-बारूद को भी बरामद किया जा सके।**

## पीएनबी लालपुर से हुई थी लाखों की चोरी, उपभोक्ता फोरम ने दिलाया मुआवजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला उपभोक्ता फोरम ने पंजाब नेशनल बैंक की लालपुर शाखा को रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के अनंतपुर निवासी पुष्पा शर्मा को तीन लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है।

उपभोक्ता फोरम ने बैंक की ओर से सेवा में कमी के लिए मुआवजे का आदेश दिया है।बैंक अपने लॉकर की उचित सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहा, जिसके कारण एक लॉकर से शर्मा के 8 लाख रुपये के गहने चोरी हो गए, यह आदेश लॉकर से गहनों की चोरी के आठ साल बाद आया है।इस संबंध में 27 जनवरी, 2015 को लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बैंक के द्वारा दर्ज करवाई गई प्राथमिकी में कहा गया था कि गणतंत्र दिवस के कारण बैंक बंद होने के बाद बदमाशों ने खिड़की से बैंक में प्रवेश कर चार लॉकर तोड़ दिए।हालांकि बैंक ने फोरम में कहा कि शर्मा और बैंक के बीच संबंध 'मकान मालिक' और 'किराएदार' जैसा था न कि 'बेलर' और 'बेली' जैसा, और इसलिए लॉकर में रखी किसी भी सामग्री के लिए उसकी कोई जिम्मेदारी नहीं है।

गुजरात राज्य आयोग और पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ता फोरम ने पाया कि 'बैंक उसकी सेवा में कुरीतियों के लिए जिम्मेदार है' और 60 दिनों के भीतर मुआवजे के साथ वेतन का निर्देश दिया, जिसमें विफल रहने पर फोरम ने जुर्माना लगाने का आदेश दिया।

## झारखंड हाई कोर्ट परिसर में उप डाकघर के नए भवन का चीफ जस्टिस ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने शनिवार को धुर्वा स्थित झारखंड हाई कोर्ट के नये परिसर में उप डाकघर के नए भवन का उद्घाटन किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सभी न्यायाधीश एवं झारखंड परिमंडल के मुख्य डाक महाध्यक्ष राकेश कुमार भी उपस्थित थे।संजय कुमार मिश्र ने यहां उपलब्ध डाक सेवाओं की सराहना की तथा बचत स्कीमों में रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि परिसर के सभी लोगों का बचत सहित अन्य खाता खोलने की मुहिम डाक विभाग की ओर से शुरू की जानी चाहिए, ताकि यहां के सभी न्यायाधीश, वकील, पदाधिकारीगण एवं कर्मचारियों को इसका लाभ मिल सके।मौके पर राकेश कुमार ने बताया कि यह डाकघर कोर बैंकिंग सुविधा प्रदान करेगा तथा यहां आमजन इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की बैंकिंग सुविधाओं का भी लाभ ले सकेंगे। साथ ही यहां आधार नामांकन एवं अद्यतन केंद्र भी खोला गया है। यहां लोग बीएलई-आरईएलआई प्रीमियम जमा कर सकेंगे। डाकघर की सभी सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। डाक टिकट संग्रहकर्ता के लिए फिलाटेली टिकट भी यहां उपलब्ध है। सुकन्या समृद्धि खाता, महिला सम्मान बचत पत्र एवं अन्य बचत खाता भी खोला जा सकता है।कुमार ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023-24 के बजट में महिलाओं के लिए एक विशेष योजना का ऐलान किया था। केंद्र सरकार ने एक अप्रैल 2023 से महिला सम्मान बचत पत्र योजना की शुरुआत की है। महिला सम्मान बचत पत्र के अंतर्गत महिलाओं के नाम पर दो लाख रुपये तक का निवेश किया जा सकता है एवं इसमें 7.5 प्रतिशत की दर से ब्याज देय है।

## केन्द्रीय गृह मंत्री ने चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई निरीक्षण

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** गुजरात के समुद्र तटीय क्षेत्र कच्छ समेत 9 जिलों में बिपरजॉय समुद्री चक्रवात से हुए नुकसान का आकलन करने शनिवार को केन्द्रीय मंत्री अमित शाह कच्छ जिला के भुज पहुंचे। इन्होंने मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के साथ प्रभावित क्षेत्र का हवाई निरीक्षण किया। केन्द्रीय मंत्री ने अधिकारियों से नुकसान के संबंध में जानकारी मांगी। शाम 4 बजे कलक्टर के साथ रिव्यू मीटिंग करेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे मीडिया से भी मिलेंगे।केन्द्रीय मंत्री अमित शाह शनिवार को 12 बजे भुज पहुंचने के बाद वहां से जखौ कोस्ट गार्ड के हेलिपैड पहुंचे। यहां से उन्होंने कच्छ जिले के प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया। इस दौरान शाह के साथ मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी साथ रहे। सरकार की सभी एजेंसियों से नुकसान के संबंध में जानकारी मांगी गई है। वे मांडवी के सिविल अस्पताल पहुंचे और प्रभावित लोगों से मुलाकात की। चक्रवाती तूफान के दौरान प्रसूति महिलाओं के भी हाल-समाचार की जानकारी ली। हवाई निरीक्षण के दौरान उन्हें किसानों और मछुआरों को हुए नुकसान के संबंध में अंदाज बताया गया।इससे पूर्व राज्य सरकार ने बिपरजॉय चक्रवाती तूफान में स्थनांतरित किए गए लोगों को कैशडॉल देने की घोषणा की है। यह राशि आगामी तीन दिनों के अंदर सभी को दे दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने तूफान के बाद सभी प्रभावित जिलों के कलक्टर से नुकसान के संबंध में जानकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग से पहले ही ले ली थी। इस सभी जानकारी को उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री से साझा किए।



# चेहरा ढंक कर सिविल कोर्ट आत्मसमर्पण करने पहुंची अभिनेत्री अमीषा पटेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** बॉलीवुड फिल्म गदर जैसी सुपर हिट फिल्में देने वाली और गदर-2 को लेकर इन दिनों सुर्खियों में छाई बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल शनिवार को रांची सिविल कोर्ट में सशरीर हाजिर हुई। पत्रकारों से बचने के लिए अमीषा पटेल ने अपना चेहरा स्कार्फ से ढंक ली थी, लेकिन कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुई तो अदालत ने उन्हें अपने चेहरे से स्कार्फ हटाने का निर्देश दिया। जिसके बाद उन्हें अपना चेहरा कोर्ट में दिखाना पड़ा।



**चेहरा ढँक कर पहुंची थी कोर्ट :** फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने शनिवार को रांची सिविल कोर्ट के सिविल जज सीनियर डिविजन डीएन शुक्ला की कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। जहां से उन्हें 10 हजार के दो बेल बॉन्ड पर जमानत दे दी गई। अप्रैल में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उन्हें समन जारी करते हुए पेश होने के लिए कहा था, लेकिन तब अभिनेत्री हाजिर नहीं हुई थीं। इसके बाद कोर्ट ने वारंट जारी कर दिया। रांची के फिल्म निर्माता अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी, धमकी देने और चेक बाउंस का आरोप लगाया था। बता दें कि रांची सिविल कोर्ट के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट (सीनियर डिवीजन) डी एन शुक्ला के कोर्ट में अमीषा पटेल ने हाजिरी लगायी। जिसके बाद न्यायालय ने उन्हें कंडीशनल बेल देते हुए 21 जून को कोर्ट के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। अगर वह 21 जून को कोर्ट में पेश नहीं होती हैं तो उनकी बेल टूट सकता और मुश्किले भी बढ़ेगी।

**चेक बाउंस का था मामला:** बता दें कि 7 अप्रैल 2023 को रांची के सिविल कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल के खिलाफ धोखाधड़ी और चेक बाउंस मामले में वारंट जारी किया था। शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह खुद को झारखंड के फिल्म निर्माता बताते हैं, उन्होंने अमीषा पटेल और उनकी पार्टनर के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी और चेक बाउंस का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद से ही शुरू हुआ यह मामला। इसकी शुरुआत वर्ष 2017 से है, जिसमें हरमू हाउसिंग कॉलोनी में एक कार्यक्रम के दौरान अजय कुमार सिंह की अमीषा पटेल से मुलाकात हुई थी। उस मुलाक़ात में अमीषा ने अजय को फिल्मों में पैसे लगाने को ऑफर दिया था। डील के अनुसार देसी मैजिक की शूटिंग तो शुरू हुई थी, लेकिन अभी तक फिल्म रिलीज नहीं हुई है। जब फिल्म निर्माता ने अमीषा पटेल से अपने पैसे मांगे, तो उन्होंने उसे नहीं लौटाया। काफी समय बीत जाने के बाद, अमीषा ने अजय को अक्टूबर 2018 में 2.5 करोड़ रुपये और 50 लाख रुपये के दो चेक दिए, जो बाउंस हो गए।आरोपों के मुताबिक फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर उन्होंने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर कर दिए। अजय कुमार सिंह लवली वर्ल्ड इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर हैं। फिल्म नहीं बनाने और पैसे वापस नहीं होने के बाद अजय कुमार सिंह ने निचली अदालत में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया था कि अमीषा पटेल ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। फिल्म नहीं बनने पर उन्होंने अमीषा से पैसे वापस मांगे थे। इसको लेकर लंबी खिंचतान चलती रही और आखिर में अमीषा पटेल को कोर्ट में हाजिर होना ही पड़ा।

### तालाब, पार्क और वेंडर मार्केट के लिए डीपीआर बनाने के काम में तेजी लाएं : विनय चौबे

**रांची :** 15वें वित्त आयोग के तहत शहरों में बनने वाले तालाब, पार्क और वेंडर मार्केट के लिए डीपीआर बनाने के काम में तेजी लाएं। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। यह निर्देश नगर विकास सचिव विनय चौबे ने अधिकारियों को बैठक में दिया। उन्होंने अमृत योजना के तहत निर्देश दिया कि जहां टेंडर निष्पादित हो गया हो वहां कार्यादेश दे दिया जाये लेकिन काम मानसून के बाद शुरू कराया जाये। इसके अलावा सचिव ने जुडको के अधिकारियों को पेयजलापूर्ति योजनाओं को ससमय पूरा कराने का निर्देश दिया। कांटाटोली फ्लाईओवर के काम को जल्द पूरा करने के लिए कहा। सचिव ने राज्य में चल रही नगर विकास की योजनाओं को गुणवत्तापूर्वक काम कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यालय नगर निकायों को हर संभव मदद करने के लिए तैयार है।

## भारतीय जी-20 अध्यक्षता के तहत कृषि कार्य समूह की तीन दिवसीय बैठक संपन्न

**एजेंसी**

**हैदराबाद:** भारतीय जी-20 अध्यक्षता के तहत कृषि कार्य समूह की तीन दिवसीय बैठक शनिवार को हैदराबाद में संपन्न हुई। इस मौके पर आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि ज्ञान, अनुभव और नवीन विचारों को साझा करने के लिए यह प्रभावी मंच रहा, जो टिकाऊ कृषि की उन्नति के लिए महत्वपूर्ण है। कृषि क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों व अवसरों को लेकर बैठक में विचारोत्तेजक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि कृषि-खाद्य मूल्य श्रृंखला में महिलाओं-युवाओं को मुख्यधारा में लाने पर जोर दिया गया है। इनकी सक्रिय भागीदारी न केवल समान विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इस क्षेत्र की वास्तविक क्षमता को अनलॉक करने की कुंजी भी रखती है। महिलाओं-युवाओं को सशक्त बनाकर महत्वपूर्ण परिवर्तन और कृषि क्षेत्र के लिए बेहतर स्थायी भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रारंभ हुए कार्यक्रमों व उनकी दूरदृष्टि को सराहा गया।केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वाराणसी में 12वीं चीफ एग्रीकल्चर साइंटिस्ट्स की मीटिंग में लॉन्च अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स और अन्य प्राचीन अनाज अनुसंधान पहल (महर्षि) को जी-20 के कृषि मंत्रियों की बैठक में सर्वसम्मति से मंजूरी मिली है। उन्होंने बताया कि हमारी खाद्य प्रणालियों में विविधता लाने व मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, भारत ने अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स और अन्य प्राचीन अनाज अनुसंधान पहल (महर्षि) के शुभारंभ की अगुवाई की। भारत की इस पहल का उद्देश्य मिलेट्स (श्रीअन्न) व अन्य पारंपरिक अनाजों की खेती और खपत को देश-दुनिया में बढ़ाना है, जो अत्यधिक पोषण मूल्य रखते हैं व खाद्य सुरक्षा में योगदान करते हैं।




# खेलगांव में नगर आयुक्त के पहल से मिलेगा पानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भीषण गर्मी एवं मानसून के पैर से आगमन पर भू जल का स्तर काफी नीचे चला जाता है जिसके कारणवश शहर में जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है। रांची नगर निगम शहर में पानी की किल्लत को देखते हुए निगम द्वारा निःशुल्क टैंकर की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। निगम क्षेत्रांतर्गत सभी नागरिकों को स्वच्छ जलापूर्ति की उपलब्धता के लिए सभी पदाधिकारियों द्वारा लगातार विभिन्न दाड़ों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम सात दिन पूर्व निगम प्रशासक कुंवर सिंह पाहन के निगम क्षेत्र के भ्रमण के दाराम देखा गया कि वार्ड न 07 खेलगाव क्षेत्र में कुछ बच्चियों द्वारा गंभीर संघर्ष कर अपने घरों से दूर पैदल चलकर एक छोटे से पानी के कुछ से पानी निकाल रही थी। अपर प्रशासक द्वारा पृष्ठा किए जाने पर उन बच्चियों द्वारा बताया गया कि उनके क्षेत्र गाडीगांव डिपाटोली में भीषण जल की समस्या है जिसके कारण वे इतने दूर पैदल आकर छोटे बुद्ध से पानी निकालने के लिए मजबूर है। इस पीडादायक परिस्थिति को देखते हुए अपर प्रशासक के द्वारा प्रशासक की स्थिति से अवगत कराया गया जिसपर प्रशासक के द्वारा रांची नगर निगम के जलापूर्ति शाखा को त्वरित । निदेश दिया कि अविलंब गाडीगाँव दिपाटोली मोहल्ले के भीतर भीनी एचवाईडीटी अविष्ठापित कर 2000 लीटर की पानी टंकी जल्द से जल्द लगाया जाय। आदेश के अनुपालन कम में अंतर्गत बोरिंग का कार्य संपन्न किया गया एवं कल तक मोटर एवं 2000 लीटर पानी टंकी का अविष्ठापन भी पूर्ण कर लिया जाएगा। बोरिंग होने के पश्चात उस क्षेत्र के लागों ने खुशी की लहर है।बता दें शहर में पानी की किल्लत को देखते हुए निगम की तरफ से निःशुल्क टैंकर की। सुविधा उबलब्ध कराई जा रही है। आम नागरिक अपने क्षेत्र में टैंकर की बुकिंग कराने हेतु निगम के दूरभाष संख्या 0551-2200025 या 9431104429 पर सूचना है ।

### रांची के अजय कुकरेती को उत्तराखंड में मिला सम्मान

**रांची।** झारखंड के मशहूर खेल पत्रकार, क्रिकेट अंपायर और पूर्व खिलाड़ी अजय कुकरेती को उत्तराखंड में बरसूडी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। अपने कार्य क्षेत्र की उपलब्धियों के लिए उनके पैतृक गांव ने उनको इस सम्मान के लिए चुना। सम्मान समारोह में अतिथि कर्नल बीबी ध्यानी, कैप्टन राकेश कुकरेती, श्याम सुंदर कुकरेती ने यह सम्मान अजय को प्रदान किया। पत्रकारिता की स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों परीक्षाओं में टॉप कर कुकरेती ने रिकॉर्ड कायम किया है। इससे पूर्व उनको झारखण्ड सेवा रत्न, झारखण्ड विशिष्ट सम्मान के अलावा कई पुरस्कार-सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।



# रिम्स के डॉ. नारायण का रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स इंग्लैंड में हुआ चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कहते हैं डॉक्टर ईश्वर का दूसरा रूप होता है। ऐसा ही एक चेहरा रिम्स के सर्जरी विभाग में कार्यरत डॉ. नारायण का है। डॉ. नारायण रिम्स में अभी एम सीच न्यूरोसर्जरी कर रहे हैं। इनका सोच है कि वे निःस्वार्थ भाव से झारखंड वासियों का स्वस्थ्य सेवा करें।अपने भारत देश में एक ऐसा भी दौर गुजरा है, वह दौर था कोरोना काल का, जहां अपने भी पराए हो जाते थे। कोरोना काल में पूरे देश के डॉक्टरों ने अहम भूमिका निभाई। अपनी जान गवा कर भी कई लोगों को जीवनदान दिया। ऐसे में रिम्स के सर्जरी विभाग में कार्यरत डॉक्टर नारायण ने कोरोना काल में अपनी जान की परवाह किए बगैर कोरोना मरीजों की सेवा की। जिसकी प्रशंसा रिम्स प्रबंधन और आम लोगों ने भी की है। इस संबंध में डॉ. नारायण का कहना है कि एक डॉक्टर का पहला कर्तव्य है मरीजों की सेवा करना जो उन्होंने किया। बीते दिनो ही डॉ नारायण को एमएस सर्जरी में गोल्ड मेडलिस्ट का खताब भी मिला था। फिर उनके पहले ही प्रयास में एमसीएच की परीक्षा निकली और एमसीएच न्यूरोसर्जरी रिम्स में लिया। लेकिन कहते हैं न कि जिनकी सोच महान व कुछ कर दिखाने की होती है। वे रुकते नहीं हैं। हर उपलब्धि के बाद नए उ?ान की तैयारी करते हैं। ऐसा ही कुछ डॉ. नारायण ने कर दिखाया। इनहोने एमआरसीएस (रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स के सदस्य) की परीक्षा दी। अपने काबलियत के बल पर इसमें उनका चयन हो गया। डॉ नारायण का कहना कि वे पहले अपनी एमसीएच न्यूरो सर्जरी की पढ़ाई पूरी करके लंदन जाएंगे और वहा पर फेलोशिप करके वहा की सबसे आधुनिक चिकित्सा का ज्ञान लेकर वापस झारखंड में अपनी सेवा देंगे।

### डॉ. नारायण डॉ. सहजानन्द सिंह को अपना प्रेरणा श्रोत मानते हैं

डॉ. नारायण ने डॉ. सहजानंद सिंह (पूर्व आईएमए राष्ट्रीय अध्यक्ष) को मानते हैं, अपना प्रेरणा श्रोत। मानव सेवा है। डॉक्टर नारायण का पहला उद्देश्य। मां का सपना पूरा करने के लिए बने डॉक्टर। इसफलता के लिए डॉ. नारायण ने माता पिता और, अपने गुरु रिम्स के सर्जरी विभाग के हेड प्रोफेसर डॉ. शीतल मलुआ, डॉ. कृष्ण मुरारी, डॉ. जेनिथ, डॉ. खुश्बू का आभार प्रकट किया है। डॉ. नारायण का सपना है कि वे एक आधुनिक कुशल डॉक्टर के रूप में झारखंड वासियों का स्वास्थ्य सेवा निःस्वार्थ भाव से सदा करें। रांची रिम्स के सर्जरी विभाग में अपनी सेवा दे रहे डॉ नारायण ने बताया की बचपन से उनकी मां ने डॉक्टर के रूप में उन्हें देखने का सपना पाला था। इसी सपने को 12 वीं करने के बाद पूरा करने के लिए साइंस पीसीबी का चयन किया। डॉक्टरी के पेशे को समझने के लिए आई एम ए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सहजानंद सिंह को प्रेरणास्रोत बनाया।